

रिकॉर्ड कमाई के बावजूद सिंगापुर सतर्क, प. एशिया संकट डाल सकता है पर्यटन पर असर - 12



कर्नल सोफिया पर टिप्पणी अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण, मंत्री को कोई पछतावा भी नहीं : सुप्रीम कोर्ट - 13



अमेरिकी जहाजों पर ईरानी हमले के बाद भी ट्रंप का दावा युद्ध विराम अभी बरकरार -13



वाका-वाका के बाद दाई-दाई, शकीरा के फीफा विश्वकप के एंथम की सोशल मीडिया पर धूम - 14


आज का मौसम

36.0° अधिकतम तापमान

24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.26 सूर्यास्त 06.44

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी 02:03 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 9 मई 2026, वर्ष 4, अंक 258, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# अधिकारी को 'ताज', शपथ आज

## प. बंगाल में विधायक दल के नेता चुने गए शुभेंदु, अमित शाह ने मंच पर माला पहनाकर गले लगाया

- सीएम पद के लिए नामित होने के बाद राज्यपाल के समक्ष दावा किया पेश
- शुभेंदु बोले- घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को करेंगे पूरा

कोलकाता, एजेंसी

भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए। वह शनिवार सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे।

शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नव निर्वाचित भाजपा विधायकों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के दौरान अधिकारी के सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने की घोषणा की। बैठक के बाद शाह ने कहा, आठ प्रस्ताव प्राप्त हुए, और उन सभी में केवल एक ही नाम था। दूसरे नाम के लिए पर्याप्त समय दिया गया, लेकिन कोई दूसरा नाम प्रस्तावित नहीं किया गया। इसलिए, मैं शुभेंदु को बंगाल का मुख्यमंत्री घोषित करता हूं।

अधिकारी की पदोन्नति से पश्चिम बंगाल में भाजपा की विधानसभा चुनावों में शानदार जीत के बाद पहली भाजपा सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। विधानसभा चुनाव में भाजपा की जबर्दस्त जीत से राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत हुआ है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के पूर्व करीबी सहयोगी अधिकारी दिसंबर 2020 में भाजपा में शामिल हो गए थे। अधिकारी बंगाल में भाजपा के अभियान के केंद्रीय चेहरे के रूप में उभरे और राज्य भर में इसके संगठनात्मक आधार का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री पद के लिए नामित शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार शाम राज्यपाल आरएन रवि से मुलाकात की और राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली पहली सरकार बनाने का दावा पेश किया।

वहीं, बंगाल में 'डर के युग' के समाप्त होने की घोषणा करते हुए राज्य के नामित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में नई और पहली भाजपा सरकार सामूहिक नेतृत्व के सिद्धांत पर काम करेगी, पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करेगी और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी।



कोलकाता में विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते अमित शाह।

## तमिलनाडु : विजय ने सरकार बनाने के न्योते के लिए राज्यपाल से की मुलाकात

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी टीवीके के अध्यक्ष चंद्रशेखर जोसफ विजय ने वामपंथी दलों से समर्थन मिलने के बाद शुक्रवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से लोक भवन में मुलाकात की ताकि उनसे सरकार बनाने का निमंत्रण प्राप्त किया जा सके। सूत्रों के अनुसार विजय पहले ही सरकार बनाने का दावा पेश कर चुके हैं लेकिन संख्याबल को लेकर राज्यपाल संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने बताया कि विजय की राज्यपाल से मुलाकात संक्षिप्त रही। वामपंथी दलों द्वारा बिना शर्त समर्थन देने का वादा करने के कुछ घंटों बाद, विजय गुइंडी में राज्यपाल के कार्यालय पहुंचे। टीवीके समर्थकों को उम्मीद है कि अर्लेकर उन्हें सरकार बनाने का निमंत्रण देंगे। विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीट मिली है जो बहुमत के लिए जरूरी 118 सदस्यों की संख्या से कम है। नतीजे आने के कुछ घंटों के बाद ही द्रमुक के साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने विजय को समर्थन देने की घोषणा कर दी थी। पार्टी के सदन में पांच सदस्य निर्वाचित हुए हैं। विजय ने सरकार बनाने की कोशिशों के तहत द्रमुक की सहयोगी भाकपा, माकपा और वीसीके से संपर्क किया था।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंची टीवीके

**नई दिल्ली।** टीवीके ने शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट का रुख कर तमिलनाडु में सबसे बड़ी पार्टी को सरकार गठन के लिए न्योता देने का राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। राज्य में टीवीके 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। टीवीके के संस्थापक विजय ने राज्यपाल से अब तक दो बार मुलाकात कर सरकार बनाने के लिए उन्हें न्योता देने का अनुरोध किया है। हालांकि, अभी तक नवगठित पार्टी को ऐसा कोई न्योता नहीं भेजा गया है।

# गवाहों को पेश नहीं किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा और अन्य के खिलाफ 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुनवाई के दौरान गवाहों को पेश न किए जाने पर शुक्रवार को अप्रसन्नता व्यक्त की। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जो स्थिति रिपोर्ट सौंपी है उसमें गवाहों को पेश न करने का कोई कारण नहीं बताया गया है।

पीठ ने यह भी कहा कि लगभग दो महीने से इस मामले में किसी भी गवाह से पूछताछ नहीं की गई है। कहा, हम पीठासीन न्यायाधीश को गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कानूनसम्मत कदम उठाने का निर्देश देते हैं। पीठ ने अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश से मुकदमे की सुनवाई समयबद्ध तरीके से पूरी करने का प्रयास करने और अदालत के समक्ष स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। घटना से जुड़े दो मामलों की सुनवाई उप्र की एक अदालत में की जा रही है। पीठ ने गौर किया कि पहले मामले में, जिन 131 गवाहों को गवाही देनी थी, उनमें से 44 की गवाही हो चुकी है, 15 को मुक्त कर दिया गया है और 72 गवाह अभी भी पेश किए जाने बाकी हैं। पीठ ने कहा कि दूसरी प्राथमिकी में 35 गवाहों में से 26 की गवाही हो चुकी है और नौ गवाह से पूछताछ अभी की जानी है। पीठ ने प्रदेश की ओर से पेश वकील से पूछा, मार्च से आज तक आपने क्या किया? पेश वकील ने कहा कि सुनवाई के दौरान गवाही दर्ज कराने के लिए तीन-चार गवाहों को तलब किया गया था। इस पर पीठ ने कहा कि एक दिन के लिए तीन या चार के बजाय कम से कम सात से आठ गवाहों को तलब किया जाना चाहिए।

**लखीमपुर खीरी हिंसा मामला**



- पीठ ने यूपी सरकार से कहा- सरकारी गवाह अनुपस्थित कैसे रह सकते हैं
- गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कानूनसम्मत कदम उठाने का निर्देश

### चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा

उच्चतम न्यायालय ने तीसरे मामले के जांच अधिकारी को निर्देश दिया कि वे लंबित जांच पूरी करें और चार सप्ताह के भीतर संबंधित अदालत में उचित रिपोर्ट दाखिल करें। पीठ ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की अगली सुनवाई जुलाई में करना तय किया है। लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में तीन अक्टूबर, 2021 को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध में किसानों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान चार किसानों सहित आठ लोग मारे गए थे।

# देश के दुश्मन का काल बनेगा 'टीएआरए', सफल परीक्षण



नई दिल्ली, एजेंसी

- डिफेंस सेक्टर में भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की

भारत ने ओडिशा तट के पास स्वदेशी रूप से विकसित 'ग्लाइड' हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, साधारण युद्धक हथियारों को सटीक निर्देशित हथियारों में बदलने के लिए विकसित सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन (टीएआरए) प्रणाली का परीक्षण किया गया। मंत्रालय ने कहा, डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना ने ओडिशा तट के पास टीएआरए हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया।

उसने बताया कि टीएआरए भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली है, जो बिना निर्देशित युद्धक हथियारों को सटीक निर्देशित हथियारों में परिवर्तित करती है। इस हथियार प्रणाली को रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई), हैदराबाद ने डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं के साथ मिलकर डिजाइन और विकसित किया है, ताकि कम लागत वाले हथियार की मारक क्षमता और सटीकता बढ़ाकर जमीनी लक्ष्यों को नष्ट किया जा सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हथियार प्रणाली के पहले उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना और परियोजना से जुड़े उद्योग साझेदारों को बधाई दी।

### सिस्टम की क्या हैं खूबियां

- ये बिना निर्देशित वॉरहेड्स को सटीक निर्देशित हथियारों में परिवर्तित करती है।
- आरसीआई हैदराबाद ने डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं के साथ मिलकर विकसित किया है।
- भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम है।
- बेहद कम लागत वाले हथियार की मारक क्षमता और सटीकता बढ़ा सकते हैं

# लापरवाह डॉक्टर समेत कई स्वास्थ्य कर्मियों पर गाज

- पांच डॉक्टर बर्खास्त, सीएमओ से स्पष्टीकरण और 16 डॉक्टरों पर अनुशासनिक कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही और अनियमितता पर सख्त रुख अपनाते हुए दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने विभिन्न मामलों में डॉक्टरों के खिलाफ बर्खास्तगी, तबादला, विभागीय कार्रवाई और वेतनवृद्धि रोकने जैसे कदम उठाए हैं। अंबेडकरनगर के सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय वर्मा को निजी अस्पतालों के पंजीकरण और नवीनीकरण में अनियमितता का दोषी पाया गया है। एडीएम की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय जांच समिति ने आरोपों की पुष्टि की, जिसके बाद दोनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। हरदोई के संडीला चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज पर निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई न करने और नियमविरुद्ध कार्य कराने के आरोपों में जवाब-तलब किया गया है। झांसी के आर्थो सर्जन डॉ. पवन पर निजी प्रैक्टिस के आरोप सही पाए जाने पर उनकी दो वेतनवृद्धियां रोक दी गई हैं। हमीरपुर के डॉ. लालमणि पर प्रसूताओं से वसूली और अभद्रता के आरोपों में तीन वेतनवृद्धियां स्थायी रूप से रोकने के आदेश दिए गए हैं।

### इनकी सेवा होगी समाप्त

लंबे समय से बिना सूचना अनुपस्थित चल रहे पांच डॉक्टरों की सेवाएं समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इनमें गोरखपुर की डॉ. अलकनंदा, कुशीनगर के डॉ. रामजी भारद्वाज, बलरामपुर के डॉ. सौरभ सिंह, अमेठी के डॉ. विकलेश कुमार शर्मा और डॉ. मोनिका वर्मा शामिल हैं।

### गलत रिपोर्ट पर कार्रवाई

प्रयागराज के कोरांव सीएचसी में तैनात रहे डॉ. शमीम अख्तर पर प्रशासनिक लापरवाही के आरोप सही पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई और तबादले के निर्देश दिए गए हैं। सुल्तानपुर में इलाज में लापरवाही के मामले में तत्कालीन अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. धर्मराज और फार्मासिस्ट अवध नारायण के खिलाफ भी कार्रवाई की संस्तुति की गई है। मथुरा जिला अस्पताल में गलत मेडिकोलीगल रिपोर्ट तैयार करने के मामले में ईएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार और सर्जन डॉ. विकास मिश्रा पर विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई होगी।

**सुनवाई** संघीय अदालत नए वैश्विक शुल्क को अवैध और गैरकानूनी करार देते हुए किया खारिज

# ट्रंप को फिर झटका, कोर्ट ने 10% टैरिफ को बताया अवैध

वाशिंगटन, एजेंसी

**अमेरिका** की एक संघीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए नए वैश्विक शुल्कों के खिलाफ फैसला सुनाया है। न्यूयॉर्क स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अदालत के तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ ने छोटे कारोबारियों की याचिका पर सुनवाई के बाद 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को गुरुवार को अवैध करार दिया।

अदालत ने एक के मुकाबले दो के बहुमत से कहा कि ट्रंप ने उस शुल्क अधिकार का अतिक्रमण किया जो संसद ने राष्ट्रपति को कानून के तहत दिया है। बहुमत ने अपने फैसले में कहा कि ये शुल्क अमान्य और कानून द्वारा अनधिकृत हैं।

पीठ के तीसरे न्यायाधीश ने कहा कि कानून राष्ट्रपति को शुल्कों के मामले में अधिक छूट देता है। यदि प्रशासन गुरुवार के फैसले के खिलाफ अपेक्षा के अनुरूप अपील करता है तो वह पहले वाशिंगटन स्थित संघीय सर्किट के लिए अमेरिकी अपील अदालत का रुख करेगा और उसके बाद संभवतः उच्चतम न्यायालय जाएगा। यह मामला ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए अस्थायी 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्कों से जुड़ा है। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में उन और व्यापक दोहरे अंकों वाले शुल्कों को खारिज कर दिया था जिन्हें राष्ट्रपति ने पिछले साल दुनिया के लगभग हर देश पर लगाया था। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अस्थायी 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क लगाया गया। नए शुल्क 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 के तहत लगाए गए और उनकी अवधि 24 जुलाई को समाप्त होनी थी। यह फैसला ट्रंप प्रशासन के लिए एक और कानूनी झटका है। प्रशासन ने आयात करों की दीवार खड़ी कर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को सुरक्षित रखने की कोशिश की है।



### व्यापक वैश्विक शुल्कों को ट्रंप ने ठहराया था उचित

पिछले साल ट्रंप ने 1977 के अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम का इस्तेमाल करते हुए देश के लंबे समय से जारी व्यापार घाटे को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया था और व्यापक वैश्विक शुल्कों को उचित ठहराया था। उच्चतम न्यायालय ने 28 फरवरी के अपने फैसले में कहा था कि आईईईपीए इन शुल्कों की अनुमति नहीं देता। अमेरिकी संविधान संसद को कर लगाने का अधिकार देता है, जिसमें शुल्क भी शामिल हैं, हालांकि सांसद शुल्क लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं।


ADMISSIONS OPEN · SESSION 2026-27

India s Most Advanced Photography and Film Making Degrees. Now in Bareilly.

Diploma · BFA · MFA · UGC-Recognised · NEP 2020 Aligned

33000+ STUDENTS TRAINED | 40+ COUNTRIES WORLDWIDE | 16 YEARS OF EXCELLENCE | 100% PLACEMENT RECORD | 60 ACRES MODERN CAMPUS - BIU



All programmes are full-time, credit-based, and NEP 2020 compliant. BFA Honours (4-year) pathway available. MFA entry open to BFA graduates and working professionals.

ABOUT THE FACULTY

The Faculty of Fine Arts (FFA) is the result of a landmark academic collaboration between IIP Academy, India's most respected photography institution, and Bareilly International University, a UGC-recognised university on a 60-acre modern campus in Bareilly, Uttar Pradesh. For the first time in North India, students can pursue structured, industry-facing degree programmes in Photography and Film Making within a full university ecosystem, combining creative practice with academic progression.

Photography & Visual Arts
DIPLOMA · 2 YRS | BFA · 3–4 YRS | MFA · 1–2 YRS
Studio photography, documentary, commercial, fashion, product, photojournalism, and visual research.

Film Making & Moving Image
DIPLOMA · 2 YRS | BFA · 3–4 YRS
Cinematography, direction, screenwriting, editing, sound design, documentary filmmaking, production management.

TEACHING METHODOLOGY
- Studio-First. Industry-Integrated.
- Every semester is structured around real projects, 80% practical. Students work alongside mentors on media & advertising campaigns, cultural documentation, participation in government events
- Guru–Shishya mentor-ship model
- Credit-based project assessments
- Mandatory internship semesters
- Portfolio-led evaluation
- Interdisciplinary learning: art, tech, culture, entrepreneurship

CAMPUS & INFRASTRUCTURE
- A University Built for Creative Practice
- 60-acre modern BIU campus, Bareilly
- Professional photography studios
- Analog darkroom facility, Digital editing & post-production labs, Film set and production spaces, Art studios and critique galleries, Library & visual research center
- On-campus hostels and student facilities,
- Noida campus: Advanced/ industrial training

PLACEMENTS & CAREERS
- 100% Placement. Every Batch
- IIP Academy maintains an unbroken placement record across all graduating batches. The dedicated industry connect cell works with media houses, production studios, advertising agencies, and cultural organisations
- Career counselling from Year 1, Live brief industry assignments
- National & international exhibitions

ADMISSIONS NOW OPEN

Pre-Register Today | Limited Seats per Batch
Entrance test and academic counselling for all programmes.
UGC-recognised degrees · Education loan facility · Hostel available
CAMPUS: PILIBHIT BYPASS ROAD BAREILLY-243006

9015 422 322
ADMISSIONS HELPLINE

www.sepiaadvertising.com/05/26

न्यूज ब्रीफ

### स्टांप एवं पंजीयन विभाग के तीन कर्मचारी निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्टांप एवं पंजीयन विभाग में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोपों में तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित कर्मचारियों में बरेली सदर प्रथम के उप निबंधक रवि प्रकाश वर्मा, कनिष्ठ सहायक तोषक राजन राजपूत और शिवम मिश्रा शामिल हैं। शिवम मिश्रा वर्तमान में उप निबंधक सदर द्वितीय, बरेली कार्यालय में तैनात हैं। महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा ने निलंबन आदेश जारी करते हुए तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में पाया गया कि संबंधित कर्मचारियों ने विलेखों के प्रलेखन, परीक्षण और पंजीयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरतीं, जिससे विभागीय छवि प्रभावित हुई। शिकायत मिलने के बाद कराई गई जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। स्टांप एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

### वृंदावन में अक्रूर घाट का होगा भव्य निर्माण 6.35 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मथुरा-वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अब धार्मिक आस्था के साथ आधुनिक सुविधाओं का भी बेहतर अनुभव मिलेगा। प्रदेश सरकार ने वृंदावन में यमुना नदी के दाहिने तट पर स्थित पौराणिक अक्रूर घाट के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 6.35 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके लिए पहली किस्त के रूप में 3.17 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अक्रूर घाट भगवान श्रीकृष्ण और बलराम से जुड़ी आस्था का प्रमुख केंद्र है। परियोजना के तहत घाट पर शीट पाइलिंग, स्नान प्लेटफॉर्म, लाल पत्थर की सीढ़ियां और पटरा निर्माण कराया जाएगा। साथ ही जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 220 मीटर लंबा चैनल खोदा जाएगा और घाट की मजबूती के लिए स्लोप पिचिंग का कार्य भी होगा।

### मोबाइल एप से हाईटेक हुआ दुग्ध कारोबार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में दुग्ध कारोबार अब डिजिटल प्लेटफॉर्म से संचालित हो रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने ग्रामीण महिलाओं को तकनीक से जोड़ते हुए डेयरी क्षेत्र में नया मॉडल लागू किया है। 'सामर्थ्य दुग्ध उत्पादक कंपनी' के माध्यम से 10 जिलों की सवा लाख से अधिक महिलाएं मोबाइल एप के जरिए दूध संग्रह, गुणवत्ता जांच, भुगतान और रिकॉर्ड की निगरानी कर रही हैं। इस पहल के तहत लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी, उन्नाव, प्रतापगढ़, कानपुर नगर और फतेहपुर की महिलाएं जुड़ी हैं। इन क्षेत्रों में प्रतिदिन चार लाख लीटर से अधिक दूध का कारोबार डिजिटल माध्यम से हो रहा है। 'सामर्थ्य साथी' एप के जरिए दुग्ध उत्पादकों को रियल टाइम में बिक्री, गुणवत्ता जांच और भुगतान की जानकारी मिलती है। भुगतान सीधे बैंक खातों में होने से पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका कम हुई है। सरकार का मानना है कि यह पहल महिला सशक्तीकरण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रही है।

### स्किल यूपी से बदली तस्वीर, 14 लाख युवाओं को प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में कौशल विकास अब रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले नौ वर्षों में करीब 14 लाख युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया है, जिनमें से 7.50 लाख से अधिक को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा गया है। आईटी, स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल, निर्माण, हॉस्पिटैलिटी और कृषि आधारित क्षेत्रों में युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत अब तक 1.35 लाख विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी और व्यावहारिक कौशल सिखाए गए हैं। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रदेशभर में 188 वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिनके जरिए करीब 4.40 लाख युवाओं को नौकरी मिली। सरकार का फोकस स्वरोजगार और उद्यमिता पर भी है, जिसके तहत युवाओं को प्रशिक्षण के साथ वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने की सुविधा दी जा रही है। सरकार का मानना है कि कौशल विकास, उद्योग और रोजगार के समन्वय से उत्तर प्रदेश देश में "स्किल कैपिटल" के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

# नदियों को गहरा कर बाढ़ रोकेगी सरकार

## बाढ़ नियंत्रण की नई रणनीति से होगी करोड़ों की बचत, किसानों की जमीन का अधिग्रहण भी घटेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में बाढ़ नियंत्रण की रणनीति अब बदल रही है। योगी सरकार पारंपरिक तटबंध और पत्थर आधारित सुरक्षा मॉडल से आगे बढ़ते हुए नदियों और बड़े नालों की जलधारण क्षमता बढ़ाने पर जोर दे रही है। सरकार का दावा है कि इस नई व्यवस्था से करोड़ों रुपये की बचत होगी और किसानों की कृषि भूमि के अधिग्रहण की जरूरत भी कम पड़ेगी।

अब तक बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़े तटबंध, गैबियन दीवारें, पत्थर के स्पर और मिट्टी के बांध बनाए जाते थे। इन परियोजनाओं में भारी लागत आती थी और कई बार हर वर्ष मरम्मत पर भी करोड़ों रुपये खर्च होते थे। नई रणनीति के तहत सरकार संवेदनशील क्षेत्रों में नदियों से गाद निकालने, नदी मार्ग को चौड़ा और गहरा करने तथा पानी के बहाव को सुचारु बनाने पर काम कर रही है।

सरकार के अनुसार इस मॉडल से अब तक लगभग 40.72 लाख हेक्टेयर भूमि को सुरक्षित किया गया है, जिससे तीन करोड़ से अधिक आबादी को लाभ मिला। लखीमपुर खीरी की बाढ़ सुरक्षा परियोजना इसका बड़ा उदाहरण मानी जा रही है। यहां नदी की क्षमता बढ़ाने के लिए गाद निकासी पर करीब 22 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि पहले पारंपरिक मॉडल के तहत 180 करोड़ रुपये की परियोजना प्रस्तावित थी। इसी तरह बाराबंकी के एल्गिन ब्रिज और सरयू क्षेत्र में नए मॉडल पर सिर्फ पांच करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि पहले 115 करोड़ रुपये का अनुमान था।

बाढ़ नियंत्रण विभाग ने घाघरा, शारदा और सुहेली जैसी नदियों के कई हिस्सों में 9 से 16 किलोमीटर तक गाद निकासी का कार्य कराया है। इससे मानसून के दौरान नदियों की जल वहन क्षमता बढ़ी है और बाढ़ के खतरे को कम करने में मदद मिली है। सरकार का कहना है कि इस मॉडल से हर वर्ष तटबंध निर्माण और मरम्मत के लिए कृषि भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता भी घटेगी। इससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में 1,665 से अधिक बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं पूरी की गई हैं और 60 नदियों से गाद निकासी कराई गई है। अब वर्ष 2026 से सरकार बाढ़ नियंत्रण के लिए ड्रोन और सेंसर आधारित निगरानी प्रणाली भी लागू करने जा रही है।

### ऐसे बदला बाढ़ नियंत्रण का मॉडल

- *तटबंधों के बजाय नदियों की क्षमता बढ़ाने पर जोर
- *घाघरा, शारदा और सुहेली में 9-16 किमी तक गाद निकासी
- *लखीमपुर में 180 करोड़ की जगह 22 करोड़ में समाधान
- *बाराबंकी में 115 करोड़ की जगह 5 करोड़ खर्च
- *40.72 लाख हेक्टेयर भूमि को सुरक्षा
- *3 करोड़ से अधिक लोगों को फायदा
- *2026 से ड्रोन और सेंसर आधारित निगरानी शुरू होगी

### मानसून से पहले पूरे करें बाढ़ बचाव कार्य



जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मानसून से पहले बाढ़ बचाव से जुड़े सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ड्रेन सफाई समेत जरूरी कार्य 15 जून तक हर हाल में पूरे कराए जाएं और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। मानक के विपरीत कार्य मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि जनहित की परियोजनाओं में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने "वन ड्रॉप मोर क्रॉप" सिद्धांत पर आधारित नई सिंचाई योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने को कहा, ताकि कम पानी में अधिक सिंचाई संभव हो सके। बैठक में नहरों, रजबाहों, अल्पिकाओं और बैराज संचालन की समीक्षा की गई। फील्ड अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण और लंबित परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एके शर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अफसरों को सख्त निर्देश स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने पर जोर



**अमृत विचार :** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पूरी प्रतिबद्धता और जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि प्रदेश के शहर स्वच्छ और व्यवस्थित बन सकें। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप देने और अधिक से अधिक नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने सिटीजन फीडबैक बढ़ाने, कूड़ा पृथक्करण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) मॉडल को अपनाने पर भी बल दिया गया। आगामी मानसून को देखते हुए मंत्री ने नाला-नालियों की नियमित सफाई, सिल्ट निकासी और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन और वैज्ञानिक वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने प्रत्येक नगरीय निकाय में त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) गठित करने को भी कहा। मंत्री ने कहा कि सभी नगर निकाय नियमित समीक्षा कर स्वच्छता, जल निकासी और कूड़ा प्रबंधन के मानकों पर बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें।

# प्रवक्ता भर्ती परीक्षा : पहली बार कक्ष में होगी ओएमआर स्कैनिंग



- 17 जिलों के 319 केंद्रों पर 4.64 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा
- लखनऊ मंडल में पायलट प्रोजेक्ट शुरू, नकल पर सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की प्रवक्ता संवर्ग भर्ती परीक्षा शुक्रवार और शनिवार को प्रदेश के 17 जिले में 319 केंद्रों पर आयोजित होगी। 624 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में 4.64 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए आयोग ने एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी, इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम और विशेष प्रेक्षक तैनाती सहित व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 9 और 10 मई को दो पालियों में आयोजित परीक्षा के लिए 319 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों को एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है, जिन्हें जिला कंट्रोल रूम और आयोग के इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से जोड़ा गया है। आयोग ने सभी केंद्रों की तकनीकी कनेक्टिविटी का परीक्षण भी पूरा कर लिया है। परीक्षा के दौरान प्रत्येक जिले में विशेष प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

आयोग के अनुसार 9 मई को प्रथम पाली में भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास और शिक्षाशास्त्र सहित छह विषयों तथा दूसरी पाली में अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य और समाजशास्त्र सहित चार विषयों की परीक्षा होगी। 10 मई को प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत और मनोविज्ञान सहित पांच विषयों तथा दूसरी पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी और कला सहित चार विषयों की परीक्षा कराई जाएगी।

### डीएम-एसपी को सौंपी गई कमान

जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और निगरानी टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगी। केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि नकल माफिया या परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने वालों के खिलाफ सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के तहत सख्त कार्रवाई होगी।

### पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नया प्रयोग

आयोग ने इस बार पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नया प्रयोग शुरू किया है। लखनऊ मंडल के 10 परीक्षा केंद्रों पर पायलट प्रोजेक्ट के तहत परीक्षा समाप्त होते ही अभ्यर्थियों की उपस्थिति में परीक्षा कक्ष में ही ओएमआर उत्तर पत्रकों की स्कैनिंग की जाएगी। स्कैन डाटा तुरंत सुरक्षित किया जाएगा, ताकि भविष्य में मूल ओएमआर से मिलान संभव हो सके।

### मोबाइल समेत इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस प्रतिबंधित

आयोग ने मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित किए हैं। एआई तकनीक से ऐसे संदिग्ध अभ्यर्थियों की भी पहचान की गई है, जिन्होंने अलग-अलग फोटो या नाम से आवेदन किए हैं। इन परीक्षार्थियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। आयोग ने अभ्यर्थियों से केवल आधिकारिक वेबसाइट और एक्स हैंडल पर जारी सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।



पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) में श्री हरि विष्णु पंचदेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दौरान हवन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में स्वामी चिदानंद सरस्वती, बाबा रामदेव व अन्य।

# सौर और स्वच्छ ऊर्जा में तेजी से उभर रहा यूपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी एनर्जी एक्सपो-2026 में विशेषज्ञों ने रखे विचार
- बैटरी स्टोरेज और रूफटॉप सोलर के भविष्य पर मंथन

**अमृत विचार :** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी एनर्जी एक्सपो-2026 के दूसरे दिन स्वच्छ ऊर्जा, सौर परियोजनाओं, बैटरी स्टोरेज और रूफटॉप सोलर के भविष्य पर मंथन हुआ। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, यूपीनेडा और अन्य संस्थाओं के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से उभरता राज्य बताया।

पैनल चर्चा में बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड के सीईओ ओंकार यादव ने पीएम सूर्य घर योजना समेत विभिन्न सौर योजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एनएचपीसी और अन्य ऊर्जा निकायों के साथ मिलकर बड़े स्तर पर सोलर पार्क विकसित किए जा रहे हैं। यूपीपीसीएल के निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग) दीपक रायजादा ने बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए अतिरिक्त सौर ऊर्जा के भंडारण के लिए बैटरी और बड़े स्टोरेज सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया। सिगएनर्जी इंडिया के सीईओ अभिलाष बोराना ने एआई आधारित ऊर्जा प्रबंधन, बैटरी स्टोरेज और ईवी चार्जिंग के एकीकृत मॉडल पर जानकारी दी। वहीं यूपीईआरसी के संयुक्त निदेशक अभिषेक मोजा ने ऊर्जा क्षेत्र में समन्वय की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

तकनीकी सत्रों के बाद फर्स्टव्यू ग्रुप के सीईओ वरुण गुलाटी और पीएचडीसीसीआई के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक अतुल श्रीवास्तव की उपस्थिति में "उत्तर प्रदेश ऊर्जा पुरस्कार" और "पीएम सूर्यघर वेंडर उत्कृष्टता पुरस्कार" वितरित किए गए। विशेषज्ञों ने किसानों को सौर परियोजनाओं में भागीदार बनाने पर भी जोर दिया। यूपीनेडा के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में प्रतिदिन करीब 2300 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन हो रहे हैं। वेंडरों की संख्या 6 हजार से अधिक हो चुकी है और इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

# वृद्धा पेंशन देने में जौनपुर आजमगढ़ व बलिया आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 29.23 लाख से अधिक महिलाओं को पेंशन का लाभ दे रही प्रदेश सरकार

**अमृत विचार :** प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन योजना बुजुर्ग महिलाओं के लिए बड़ा सहारा बन रही है। योगी आदित्यनाथ सरकार वर्तमान में 29.23 लाख से अधिक महिलाओं को पेंशन का लाभ दे रही है। इसमें जौनपुर, आजमगढ़ और बलिया जिले अग्रणी हैं।

आर्थिक रूप से कमजोर और निराश्रित महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये की सहायता सीधे बैंक खातों में भेजी जा रही है। डीबीटी व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। हर तिमाही 3,000 रुपये सीधे खातों में पहुंच रहे हैं, जिससे बुजुर्ग महिलाओं को दवा, राशन और अन्य जरूरतों में राहत मिल रही है।

जिलावार आंकड़ों में जौनपुर पहले स्थान पर है, जहां 1,00,820 महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। आजमगढ़ में 86,166 और बलिया में 79,160 महिलाएं योजना से जुड़ी हैं। सरकार का कहना है कि योजना से बुजुर्ग महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आया है और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने में मदद मिल रही है।

# महिला सुरक्षा में यूपी अग्रणी: केशव



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार में सुरक्षा और सुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही दावा किया कि एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार महिला सुरक्षा के मामले में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग पहले कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते थे, उन्हें अब वास्तविक आंकड़े देखने चाहिए।

पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लोकतंत्र और संविधान का सम्मान करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जनता के फैसले को शालीनता से स्वीकार करना चाहिए और बंगाल में हिंसा व दंगों की राजनीति बंद होनी चाहिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी हार से वह बौखला गए हैं और अब बंगाल जाकर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास और सुरक्षा का जो मॉडल स्थापित हुआ है, वह पूरे देश के लिए उदाहरण बन रहा है।

### उप मुख्यमंत्री ने भरा स्वगणना फार्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण में डिजिटल माध्यम से स्वगणना फार्म भरकर प्रदेशवासियों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। कालिदास मार्ग स्थित अपने कैंप कार्यालय में स्वगणना अपलोड करते हुए उन्होंने कहा कि 21 मई तक आमजन के लिए डिजिटल स्वगणना का विकल्प उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि सही और सटीक जनगणना से जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समग्र विकास को मजबूती मिलेगी।

# पांच संग्रहालय जनता को समर्पित : जयवीर सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुरातात्विक महत्व की दुर्लभ वस्तुएं होंगी संरक्षित

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने राजधानी लखनऊ में संरक्षित किए जा रहे पांच संग्रहालयों का कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इन संग्रहालयों में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर और पुरातात्विक महत्व की दुर्लभ वस्तुओं को संरक्षित किया गया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य संग्रहालय लखनऊ में विदेशी मूर्तिकला गैलरी की मूर्तियों के स्थानांतरण का कार्य अप्रैल 2026 में पूरा हो चुका है। वहीं संग्रहालय सभागार के सौंदर्यीकरण का कार्य भी पूर्ण कर उसका उद्घाटन 27 अगस्त 2025 को किया जा चुका है। बताया कि राज्य संग्रहालय परिसर में प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय का निर्माण 2483.05 लाख रुपये की लागत से कराया गया, जिसे 4 मार्च 2024 को आम जनता को समर्पित किया गया। वहीं अवधी गैलरी (नवाबी कला) के नवीनीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य भी पूरा हो चुका है। ओल्ड कोठी में कार्य अंतिम चरण में है ।

उपलब्धि

एनसीआरबी रिपोर्ट में प्रदेश सरकार का कानून-व्यवस्था पर दावा मजबूत

# योगी राज में दंगों पर 'ब्रेक', अपहरण 'शून्य'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा शासन में रोज होते थे 19 दंगे और 33 अपहरण
- अब यूपी में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से नीचे

**अमृत विचार:** कभी दंगों, अपहरण और फिरौती की घटनाओं के लिए बदनाम रहे उत्तर प्रदेश की तस्वीर अब बदलती दिख रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 और 2024 में प्रदेश में फिरौती के लिए अपहरण की अपराध दर शून्य दर्ज की गई है। वहीं दंगा के मामलों में भी यूपी की अपराध दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम रही है। सरकार इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'जीरो टॉलरेंस' नीति और अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई का परिणाम बता रही है।

प्रदेश सरकार के मुताबिक, वर्ष 2012 से 2017 के बीच तत्कालीन सपा सरकार के दौरान प्रदेश में 25 हजार से अधिक दंगे हुए थे। उस समय औसतन हर दिन 19 दंगे और 33 अपहरण की घटनाएं दर्ज होती थीं। वहीं योगी सरकार का दावा है कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। हालांकि छिटपुट तनाव और हिंसा की कोशिशें हुईं, लेकिन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर हालात बिगड़ने नहीं दिए। एनसीआरबी 2024 रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में बलवा की अपराध दर 1.1 रही, जबकि राष्ट्रीय औसत 2.2 दर्ज किया गया। तुलना करें तो मणिपुर में यह दर 8.4, महाराष्ट्र में 6.4, कर्नाटक में 5.4 और हरियाणा में 5.3 रही। सरकार का कहना है कि यूपी में जिन मामलों में दंगा भड़काने की कोशिश हुई, उनमें तत्काल एफआईआर दर्ज कर दंगा विरोधी धाराओं में कार्रवाई की गई।

फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में भी यूपी ने उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की है। एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में प्रदेश की अपराध दर शून्य रही, जबकि नगालैंड में 0.7, मणिपुर में 0.6, अरुणाचल प्रदेश में 0.3 और मेघालय में 0.2 दर्ज की गई। वर्ष 2023 में भी यूपी में यह अपराध दर शून्य थी।

सरकार का दावा है कि माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, संपत्ति जब्ती और आर्थिक कार्रवाई जैसे कदमों का सीधा असर अपराध नियंत्रण पर पड़ा है।

# जनगणना से तय होंगी नीतियां : राजभर

## पंचायती राज मंत्री ने ऑनलाइन भरा जनगणना फॉर्म, लोगों से की अपील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में शुरू हुई जनगणना-2027 प्रक्रिया के तहत पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने शुक्रवार को ऑनलाइन माध्यम से जनगणना के प्रथम चरण का फार्म भरा। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों से जनगणना अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और सही व प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की।

सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य सरकार में पंचायती राज मंत्री ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या और मकानों की गणना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कई जातियों और समुदायों की सही जानकारी सामने नहीं आ पाती, जिससे वे सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं।

उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं की बेहतर रूपरेखा तैयार करने में मदद करते हैं। सही जानकारी मिलने से समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिलेगी।




जनगणना-2027 प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन फार्म भरते मंत्री ओमप्रकाश राजभर।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### महाराणा प्रताप जयंती पर होगा विशाल दंगल

**तिर्वा।** वीरता, शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर कस्बा में भव्य आयोजन की तैयारी है। देवांगना क्षत्रिय उत्थान एवं सेवा संगठन के तत्वावधान में शनिवार को डीएन इंटर कॉलेज परिसर में एक विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की शुरुआत कस्बा के इंदरगढ़ तिराहे से पदयात्रा के साथ होगी, जो मुख्य मार्गों से होते हुए डीएन इंटर कॉलेज परिसर तक पहुंचेगी।

### नगर पंचायत ने नाला सफाई शुरू कराई

**तिर्वा।** तिर्वा सुजानसराय मार्ग पर स्थित कोतवाली के सामने रग्घू तालाब में पानी की उचित निकासी न होने के कारण पूरी सड़क जलमग्न हो गई है। रोज दर्जनों राहगीर व वाहन पानी में पलट जाते हैं। ठठिया तिराहे पर रह रहे लोगों ने बताया कि इस तालाब का पानी तहसील के पास बने कुंवर गड्ढे से होते हुए ईशन नदी तक जाता था। सड़क के दोनों तरफ बने नाले जगह जगह पूर्णता अवरुद्ध हो गए हैं जिससे तालाब का पानी आगे नहीं जा पा रहा है।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा में मिली सफलता

**छिबरामऊ।** नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित एसपीएल. आदर्श विद्यालय की छात्रा सोनाक्षी शाक्य ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नई बस्ती भैंनपुरा निवासी सोनाक्षी, स्वर्गीय सतेंद्र शाक्य की पुत्री हैं। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधक रामपाल सिंह ने सोनाक्षी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य दीपक यादव ने मिठाई खिलाकर छात्रा और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि पिता के साये के बिना भी सोनाक्षी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।

### जेईई मेन अभ्यर्थियों के लिए होगी कैलकुलस कार्यशाला

**तिर्वा।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज ने कैलकुलस कार्यशाला 2026 आयोजित करने की घोषणा की है। कार्यशाला विशेष रूप से कक्षा 11 एवं 12 के छात्र-छात्राओं के लिए है, जिनका लक्ष्य जेईई मेन, एडवांस एवं ओलंपियाड जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं हैं। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा कैलकुलस के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। परीक्षा 24 मई 2026 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक कॉलेज परिसर में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का पाठ्यक्रम कक्षा 10 तक के एनसीईआरटी/सीबीएसई पैटर्न पर आधारित गणित के सवाल रहेंगे। आवेदन पत्र 18 मई 2026 तक जमा करना अनिवार्य होगा।

# 'स्वाद यूपी का' में मिठास घोलेगा कन्नौज का गट्टा, पेड़ा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- एक जिला एक व्यंजन में चयन, गुणवत्ता सुधार के साथ बढ़ाई जाएगी शेल्फ लाइफ
- गुड मैन्यूफैक्चरिंग के साथ ही उत्पादों की टेस्टिंग की होगी व्यवस्था


एक दुकान पर सजी कन्नौज की परंपरागत मिठाई गट्टा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 'एक जिला एक उत्पाद' में इत्र के बाद अब 'एक जिला एक व्यंजन' योजना में भी जिले का सिक्का जमा है। अब कन्नौज में बनने वाली विशिष्ट मिठाई गट्टा और छिबरामऊ के खरे पेड़ा को इसमें शामिल कर लिया गया है। खास बात यह है कि पर्यटन विभाग के सहयोग से इसकी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग की जाएगी। इसके तहत 'स्वाद यूपी का' थीम पर प्रदेश के व्यंजनों के स्टाल्स में इनकी मिठास भी घुलेगी।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि इस संबंध में प्रमुख सचिव शशि भूषण लाल सुशील की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि योजना में चयनित परंपरागत व्यंजन को सुरक्षित एवं लंबे समय तक संरक्षित करने के साथ स्केलेबल बनाने के लिए FSSAI, CFTRI, NIFTEM जैसी संस्थाओं के सहयोग से व्यंजनों में गुणवत्ता सुधार के साथ इनके वैरिएंट्स (रूपांतरित उत्पाद) विकसित किए जाएंगे। बताया कि अब उद्यमी अपने इन उत्पादों की टेस्टिंग प्रतिष्ठित संस्थाओं से कराकर और बेहतर कर अच्छी कीमत प्राप्त कर सकेंगे। बताया कि इन व्यंजनों के निर्माण के साथ ही पैकेजिंग पर भी फोकस किया जाएगा। इसके लिए भारतीय पैकेजिंग संस्थान का सहयोग लेकर इको फ्रैंडली, सुरक्षित व स्मार्ट पैकेजिंग पर काम किया जाएगा। व्यंजनों को अच्छा बाजार मिल सके इसके लिए उत्पादकों को क्यूआर कोड, न्यूट्रीशन लेबलिंग, बारकोड आदि के प्रति प्रोत्साहित किया जाएगा। लंबे समय तक रखा जा सके इसके लिए एक्सपर्ट रेडी पैकेजिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग के लिए लोगो भी विकसित किया जाएगा।

### क्या है गट्टा और खरे पेड़ा

शहर कन्नौज में करीब 100 साल से शक्कर से गट्टा नामक मिठाई बनाई जा रही है जो लगभग देश भर में इत्र की तरह से विख्यात है। शक्कर, देसी घी, मेवा आदि के साथ गुलाब जल व अन्य खुशबू डालकर बनाई जाने वाली यह मिठाई विशेष तौर पर गर्मी के मौसम में उपलब्ध होती है। खास बात यह है कि मुंह में डालते ही यह घुल जाती है। इसी तरह से जिले की छिबरामऊ तहसील में बनने वाला खरा पेड़ा अपने स्वाद के लिए विशिष्ट पहचान रखता है। इसकी खासियत यह है कि खोया को खूब भूनकर बनाया जाता है जिससे लंबे समय तक खराब नहीं होता है।

**प्रचार प्रसार के लिए की जाएगी फंडिंग:** जिलाधिकारी ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में स्वाद यूपी का में लगने वाले स्टाल्स में व्यंजनों के बनाने की विधि दर्शाती लघु फिल्म प्रदर्शित की जाएंगी। व्यंजनों की आ कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपस्थिति, सोशल मीडिया एवं फूड ब्लॉगर्स के माध्यम से व्यंजनों की लोकप्रियता बढ़ाने पर बल दिया जाएगा। पर्यटन विभाग के सहयोग से फूड फेस्टिवल्स आदि में व्यंजनों को बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। मेला-प्रदर्शनियों में प्रतिभाग पर हुए खर्च के सापेक्ष 75 प्रतिशत आपूर्ति प्रतिभागी को की जाएगी तथा प्रचार प्रसार पर केस टू केस आधार पर फंडिंग की जाएगी।

## वन विभाग की लापरवाही से हरे पेड़ों का कटान

**सौरिख।** दस क्विंटल हरी कटी हुई नीम की लकड़ी के साथ एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की गई।वन विभाग की अनदेखी के चलते क्षेत्र में हरे भरे पेड़ पौधों की कटान जारी है। शुक्रवार सुबह खड़नी चौकी क्षेत्र के ग्राम ब्राहिमपुर में लकड़ी काटे जाने की सूचना पर प्रभारी चौकी इंचार्ज संजीव कटारा ने सुबह 7 बजे हमराहियों के साथ 10 क्विंटल हरी लकड़ी के साथ एक कुल्हाड़ी, रस्सा, आरा व ठेकेदार शाकिब पुत्र तालिब खां निवासी झुलनापुर थाना इंदरगढ़ को पकड़कर एक नामजद व दो अज्ञात पर मुकदमा सौरिख थाने में पंजीकृत कराया गया। पुलिस ने बताया कि शासन के कड़े निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्यवाही अनवरत चलेगी।

# कार खंती में गिरी, युवा भाजपा नेता की मौत

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य के थे इकलौते पुत्र, शोक की लहर, नील गाय को बचाने के प्रयास में पलटी कार

संवाददाता जलालाबाद (कन्नौज)


प्रशांत त्रिपाठी। अमृत विचार

- पारिवारिक बहन का सीतापुर के सिंघौली से तिलक चढ़ाकर लौटते समय हादसा


अंतिम यात्रा में शामिल लोग अमृत विचार


हरदोई जनपद के घटना स्थल पर पडी थार कार।

**अमृत विचार।** अपनी पारिवारिक बहन का तिलक चढ़ा कर लौट रहे युवा भाजपा नेता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। कार में सवार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से दो लोगों को कानपुर रेफर कर दिया गया। घर पर शव आते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। जानकारी पर सगे संबंधी व राजनीतिक लोगों की भीड लगी रही।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा फतेहपुर जसोदा निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद त्रिपाठी उर्फ गोपाल त्रिपाठी के पुत्र प्रशांत त्रिपाठी (38), शुभम तिवारी (30), चेतन तिवारी (36), रमन तिवारी (36), विकास पांडे (36) कार से गुरुवार की रात हरदोई के सिंघौली में बहन निशा का तिलक चढ़ाने गए थे। लौटते समय रात लगभग 2 बजे हरदोई के मटियामऊ में नीलगाय को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई और गहरी खाई में पलट गई। कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रशांत को गंभीर हालत में परिजन कानपुर के निजी अस्पताल में ले जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई। प्रशांत की मौत से पूर्व जिला पंचायत सदस्य माता अरुणा त्रिपाठी, पिता अरविंद त्रिपाठी, पत्नी मानसी, बहन प्राची व पांच वर्ष की पुत्री कणिका का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी भुरजानी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है। माता पिता की राजनीतिक धरोहर को आगे बढ़ाने के लिए वह भाजपा में सक्रियता से कार्य कर जनता की सेवा करता था। भाजपा नेता की मौत पर विधायक कैलाश राजपूत, सपा नेता जय तिवारी उर्फ बउअन, विधायक अर्चना पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, मनोज दीक्षित, विपिन दीक्षित, मलिक पांडेय, ललिया चौबे, शरद कटियार, नेम सिंह, रावेन्द्र त्रिवेदी, रजनीकांत यादव आदि ने दुखी परिजनों को ढांढस बंधा कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

दोपहर के बाद शव को परिजनों को सौपा गया। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिये महादेवी गंगा तट पर ले जाया गया। अंतिम यात्रा में जिले भर के भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं के अलावा सगे संबंधी शामिल हुए।

# 'सामूहिक विवाह' में शादी के बाद की दूसरी शादी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- पीड़ित पति ने जिलाधिकारी से की शिकायत, जांच के आदेश

**अमृत विचार।** एक युवक ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गांव की युवती से शादी की। आरोप है कि इसके 10 दिन बाद उसकी मां उसे लेकर चली गई। साथ में मिला सामान व घर से जेवर भी लेकर चली गई। इसके बाद मां ने उसकी शादी दूसरे युवक से कर दी। पीड़ित की गुहार पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को जांच के बाद रिकवरी व एफआईआर के आदेश दिए हैं।

शुक्रवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के पास मां के साथ पहुंचे अमर पुत्र अमर सिंह निवासी गिहार बस्ती सराय प्रयाग, थाना गुरसहायगंज ने प्रार्थना पत्र दिया। इसमें बताया कि 25 मार्च 2026 को आयोजित सामूहिक विवाह में गांव की ही रानी पुत्री मानसिंह के साथ शादी हुई थी। इसमें मिला सामान, उपहार व 60हजार रुपये उसकी मां सोनी ने अपने कब्जे में ले लिए थे। वह रानी को विदा कराकर ले गया और फिर 10 दिन बाद पत्नी को उसकी बहन व मां योजनाबद्ध तरीके से लेकर मायके चली गई। साथ में उसकी मां एक लाख रुपये कीमत के जेवर भी ले गईं। वह पत्नी के मायके गया व उससे चले आने का कारण पूछने के साथ मां का जेवर भी वापस मांगा। इस पर सास ने दो चार दिन बाद पत्नी को मय जेवर के विदा करने की बात कही। आरोप लगाया कि 15 अप्रैल को सास उसकी पत्नी को चुपचाप साथ लेकर अपने मायके भोगांव चली गई। वहां लखन पुत्र रामकिशोर के साथ उसकी दोबारा शादी कर दी और जेवर हड़प लिया। कहा कि उसने गुरसहायगंज कोतवाली में शिकायत की लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखी गई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं।

# आरटीई में दाखिला न देने पर 16 स्कूलों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने दो दिन में प्रवेश न देने पर दी कार्रवाई की चेतावनी

**अमृत विचार।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग के बच्चों को दाखिला न देने पर 16 स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संदीप कुमार ने नोटिस में कहा है कि संबंधित स्कूल दो दिन के अंदर आवंटित बच्चों का प्रवेश कराकर डेटा फीड करें। अन्यथा की स्थिति में विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने जारी पत्र में कहा है कि 27 मार्च को जारी पत्र के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत आरटीई 2009 की धारा 12 (1)(c) के अंतर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों का प्रवेश कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी 16 स्कूलों द्वारा बच्चों का प्रवेश नहीं लिया गया है। इन विद्यालयों में श्री गंगा प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, श्री डीएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल, श्री दुरालेलाल स्मारक शिक्षा निकेतन, एसपी कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, श्री सरस्वती विद्यालय मानीमऊ, मठिया, बाबू लाल मेमोरियल विद्यालय पीएस, शिव सरस्वती ज्ञान मंदिर, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, गीता मान्टेसरी स्कूल रोजवेल पब्लिक स्कूल, लिटिल ब्लाजम एकेडमी, आरडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल, सेंट पॉल्स स्कूल, कन्नौज पब्लिक स्कूल, मीना देवी सरस्वती शिशु मंदिर, आकाश शिक्षा सदन शामिल हैं।

## समेकित विशेष माध्यमिक स्कूल में शुरू हुए प्रवेश

**कन्नौज।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, छिबरामऊ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 06 से 12 तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।

प्रधाचार्य दिनेश चन्द्र दुबे ने अवगत कराया कि विद्यालय में दृष्टि, श्रवण, अस्थिबाधित एवं सामान्य छात्र-छात्राओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था है। दिव्यांग छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवासीय सुविधा, भोजन तथा आवश्यक शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। इच्छुक छात्र-छात्राएं अथवा उनके अभिभावक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक विद्यालय में संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

# बैठक में अनुपस्थित अभियंता का वेतन रोकने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- जिला उद्योग बंधु की मीटिंग में जिलाधिकारी ने दिखाई सख्ती


कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में अधीनस्थों संग बैठक करते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उद्योग बंधु की बैठक से एक्सईएन जल निगम के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि विकास संबंधी बैठकों में अनुपस्थित रहना गंभीर लापरवाही माना जाएगा।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की शुक्रवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देशित किया कि एजेंडा बिंदुओं की प्रगति एवं कार्ययोजना के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। प्रत्येक अधिकारी को ऐजेंडा प्वाइंट में क्या होना था, क्या किया और आगे कैसे करना है इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए। एचपीसीएल को दिए गए 4 वाणिज्यिक गैस कनेक्शनों का तत्काल संचालन एवं गैस पाइपलाइन कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। व्यापारियों द्वारा सड़कों में गड्ढे व खुली नालियों की शिकायत पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को रोड कार्य के साथ साथ, नालों की साफ सफाई 15 मई से 15 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाकर अतिरिक्त मैनपावर लगाकर करानेके निर्देश दिए।

उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना एवं सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान से संबंधित फाइलें पूर्ण परीक्षण के बाद ही बैंकों को प्रेषित की जाएं।

अधिशासी अभियंता, विद्युत ने अवगत कराया कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत सभी स्मार्ट मीटर प्री-पेड से पोस्टपैड मोड में परिवर्तित किए जा रहे हैं। बिल एसएमएस/व्हाट्सएप्प से उपलब्ध होगा, प्रत्येक माह 10 तारीख तक बिल निर्गत होगा।

विद्युत मीटर में कोई बदलाव नहीं होगा। समायोजित सिक्योरिटी राशि चार किस्तों में जोड़ी जाएगी तथा 30 अप्रैल 2026 तक के बकाये पर 10 किस्तों की सुविधा दी जाएगी। 15 मई से 30 जून तक विशेष शिकायत निस्तारण कैम्प लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने इस संबंध में ब्लॉक, तहसील एवं जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी श्री नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग श्री प्रेमकांत, अग्रणी जिला प्रबंधक, राज शर्मा सहित उद्यमीगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**निर्देश** — कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिला वेटलैंड समिति एवं जिला वन बंदोबस्त समिति की बैठक में निर्देश

# जिले के 100 वेटलैंड होंगे संरक्षित, बढ़ेगा भूजल स्तर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


वेटलैंड में विचरते सारस पक्षी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में कुल 100 वेटलैंड यानि आर्द्र भूमि संरक्षित किए जाएंगे। इनको संरक्षित किए जाने से जैव विविधता के साथ ही भूजल स्तर में बढ़ोतरी भी होगी।

यह निर्देश जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिला वेटलैंड समिति एवं जिला वन बंदोबस्त समिति की बैठक में दिए। उन्होंने राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के वेटलैंड्स को प्राथमिकता के अनुसार चयन करते हुए वेटलैंड (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम 2017 के अंतर्गत अधिसूचित किए जाने की कार्यवाही करें। कहा कि आर्द्रभूमि विश्व के सबसे उत्पादक पारिस्थितिक तंत्रों में से एक है, इनको जैविक सुपरमार्केट के रूप में जाना जाता है। ये खाद्य और आजीविका के लिए आवश्यक है। बाढ से सुरक्षा, जल भंडारण एव तटीय सुरक्षा में इनकी महती भूमिका है। प्रथम चरण में इस्माइलपुर (ब्लाक गुगरापर), रौसा (ब्लाक हसेरन), निगोह खास (ब्लाक छिबरामऊ), एवं असेह (ब्लाक छिबरामऊ) में स्थित वेटलैंड्स के स्थलीय परीक्षण का कैडेस्ट्रल मैप निरूपण, जीआई एस मैप निरूपण इत्यादि कार्य पूर्ण कर इनको अधिसूचित किए जाने को कहा।

प्रभागीय वन अधिकारी डॉ. हेमन्त कुमार सेठ ने अवगत कराया कि जनपद में ग्राउंड टूथिंग के उपरांत 100 वेटलैंड चिन्हित किए गए है। इनके संरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय ने आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया है।

बताया कि ये जल शुद्धिकरण और गुणवत्ता में सुधार करते हैं तथा पृथ्वी के गुर्दे की तरह काम करते हैं। ये तलछट को छानकर, प्रदूषकों को अवशोषित करके और सूक्ष्मजीवों की क्रिया द्वारा विषाक्त पदार्थों को विघटित करके जल की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार करती है। आर्द्रभूमि, शक्तिशाली कार्बन सिक है जो किसी भी अन्य पारिस्थितिकी तंत्र की तुलना में अधिक कार्बन संग्रहित करते है जिससे वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसो को कम करने में मदद मिलती है।

# विधायक और एसडीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बांटे स्मार्टफोन

संवाददाता, छिबरामऊ


आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को फोन वितरण करतीं विधायक अर्चना पांडे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में बाल विकास परियोजना के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायिका अर्चना पांडे एवं उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। विभाग द्वारा छिबरामऊ परियोजना की कुल 235 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 04 मुख्य सेविकाओं को फोन आवंटित किए गए प्रथम चरण में 100 कार्यकत्रियों को फोन सौंपे गए। विभाग के अनुसार, शेष बचे हुए फोन जल्द ही वितरित किए जाएंगे।

कार्यक्रम का सफल संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी रमाकान्ती द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी के रूप में सीडीपीओ उमर्दा शशिकांता एवं सीडीपीओ शहर श्रीमती अर्चना वर्मा उपस्थित रहीं। आयोजन को सफल बनाने में सोनाक्षी और शिवानी का विशेष सहयोग रहा। इन स्मार्टफोन्स के माध्यम से अब आंगनबाड़ी केंद्र डिजिटल रूप से सशक्त होंगे, जिससे सरकारी योजनाओं और बच्चों के डेटा का रखरखाव अधिक सुगमता और पारदर्शिता के साथ हो सकेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### राजेपुर में महिला थाना की मरम्मत के निर्देश

**अमृतपुर।** राजेपुर में अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार ने महिला थाना और पुलिस थाने की बाउंड्री वॉल के मरम्मत कार्य को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश राजेपुर थाने के निरीक्षण के दौरान दिए, ताकि फरियादियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अपर पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला थाना, पुलिस आवास और बाउंड्री वॉल का निर्माण एवं मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस परियोजना पर लगभग 9 करोड़ रूपए की लागत आएगी। इसमें महिला थाना, बाउंड्री वॉल और पुलिस थाने के अन्य मरम्मत कार्य शामिल हैं। थाने परिसर में स्थित एक दर्जन से अधिक पुराने पुलिस आवासों को ध्वस्त करने का कार्य पिछले एक सप्ताह से जेसीबी द्वारा लगातार जारी है। ध्वस्तीकरण के बाद मलबे को हटाने का काम भी किया जा रहा है, ताकि नए निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए।

### चोरों ने बनाया दो दुकानों को निशाना

**फर्रुखाबाद।** थाना जहानगंज क्षेत्र स्थित कस्बा चैराहा इन दिनों चोरों के आतंक का केंद्र बनता जा रहा है। सबसे चैंकाने वाली बात यह है कि जिस स्थान पर लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, वह थाना जहानगंज से महज करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। बीती रात एक बार फिर चोरों ने कस्बा चैराहे पर दो दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने फल विक्रेता पुष्पेंद्र कुमार की दुकान में घुसकर फल और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो सामान बिखरा पड़ा मिला और नगदी गायब थी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदार मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताई ।फल विक्रेता पुष्पेंद्र कुमार का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ दिनों में कस्बा चैराहे की कई दुकानों में चोरी हो चुकी है, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि अब स्थिति ऐसी हो गई है कि रात होते ही व्यापारी अपनी दुकानों की सुरक्षा को लेकर चिंता में डूब जाते हैं। कई दुकानदार देर रात तक दुकान की निगरानी करने को मजबूर हैं। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस थाने के इतने करीब लगातार हो रही चोरियों ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में सांसद को दिया ज्ञापन

**फर्रुखाबाद।** दवा की ऑनलाइन बिक्री के विरोध में जिले के दवा कारोबारियों ने एकजुट होकर आवाज बुलंद कर दी है। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद मुकेश राजपूत के ठंडी सड़क स्थित आवास पहुंचकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित मांगपत्र सौंपा। ज्ञापन में ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग के साथ 20 मई को प्रस्तावित देशव्यापी बंद की अग्रिम सूचना भी दी गई।

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री के कारण स्थानीय मेडिकल स्टोर संचालकों का कारोबार लगातार प्रभावित हो रहा है। छोटे और मध्यम स्तर के दवा विक्रेताओं के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना था कि दवा व्यवसाय केवल व्यापार नहीं बल्कि लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी जिम्मेदारी भी है, ऐसे में बिना प्रत्यक्ष निगरानी के ऑनलाइन दवा बिक्री कई स्तर पर नुकसानदायक साबित हो सकती है ।आरोप लगाया गया कि दवा विक्रेताओं को विभिन्न नियमों और धाराओं के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है।

### युवक को बेहोश कर नकदी व सामान पार

**छिबरामऊ।** नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में सिलाई का काम करने वाले युवक को जहरखुरानों ने अपना शिकार बना लिया। पीड़ित जितेंद्र (35) निवासी इंदरगढ़, शुक्रवार रात करीब 10 बजे दादरी से रोडवेज बस द्वारा अपने घर लौट रहे थे ।रास्ते में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और उनके पास रखे 16,000 रुपये, मोबाइल, पर्स व जरूरी कागजात लूट लिए। रोडवेज परिचालक ने युवक को पश्चिमी बाईपास स्थित नवीन मंडी के पास छोड़ दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें 100 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया।

# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में न हो लापरवाही

## समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने दी कठोर चेतावनी

संवाददाता फर्रुखाबाद



अधिकारियों की बैठक लेतीं जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में जनशिकायतों के निस्तारण को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने साफ शब्दों में कहा कि आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि तथ्यहीन और गुणवत्ताहीन निस्तारण करने वालों के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि सहित कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों, शिकायतकर्ताओं से संवाद, फीडबैक की गुणवत्ता और साक्ष्यों के अपलोड की गहन समीक्षा की गई। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सक्षम अधिकारी स्वयं निस्तारण आख्या का परीक्षण करें और बिना जांच के कोई रिपोर्ट अपलोड न होने दें। उन्होंने कहा कि केवल फाइल बंद करना समाधान नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक न्याय और संतोष मिलना सबसे महत्वपूर्ण है।

जिलाधिकारी ने उन अधिकारियों पर विशेष नाराजगी जताई जो शिकायतकर्ताओं से संपर्क किए बिना रिपोर्ट लगा देते हैं। उन्होंने इसे गंभीर अनुशासनहीनता बताते हुए कहा कि हर अधिकारी शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से बात करे, उसकी समस्या समझे और फिर तथ्यात्मक निस्तारण सुनिश्चित करे ।बैठक में कई विभागों की जांच आख्या पढ़कर उनकी गुणवत्ता की समीक्षा भी की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि हर निस्तारण आख्या के साथ आवश्यक साक्ष्य अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, जिनमें शिकायतकर्ता से बातचीत, स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट और शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में दो पड़ोसियों के बयान भी शामिल हों ।उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता वाले आईजीआरएस पोर्टल की रैंकिंग को लेकर भी डीएम ने सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों की लापरवाही से खराब फीडबैक मिलेगा और जनपद की रैंकिंग प्रभावित होगी, उनके खिलाफ सीधे कार्रवाई की जाएगी ।पिछले एक माह में प्राप्त असंतोषजनक फीडबैक वाले मामलों की पुनः जांच कराने के निर्देश भी दिए गए। राजस्व विभाग की शिकायतों की समीक्षा की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को दी है।

# पत्रकारों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा से जुड़ी मांगों को उठाया

संवाददाता फर्रुखाबाद



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपते पत्रकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन संगठन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिला महामंत्री इरशाद अली के नेतृत्व में दिया गया,जिसमें पत्रकारों की मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा से जुड़ी मांगों को प्रमुखता से उठाया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि फर्रुखाबाद जनपद में पत्रकारों के लिए अब तक किसी कलमकार भवन की व्यवस्था नहीं है जिससे पत्रकार वार्ताओं एवं बाहर से आने वाले पत्रकारों को ठहरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। संगठन ने जनपद एवं सभी तहसीलों में कलमकार भवन निर्माण की मांग की है। इसके अलावा पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड एवं दुर्घटना बीमा सुविधा उपलब्ध कराने, बस एवं रेल यात्रा पास जारी करने तथा सूचना विभाग कार्यालय के सुन्दरीकरण के साथ पत्रकारों के बैठने की समुचित व्यवस्था कराने की मांग भी उठाई गई। संगठन ने मध्यमवर्गीय पत्रकारों को कांशीराम कॉलोनी में आवास अथवा पत्रकारपुरम योजना का लाभ देने की मांग करते हुए कहा कि लंबे समय से पत्रकारिता कर रहे पत्रकारों को जिला स्तरीय मान्यता भी प्रदान की जाए। ज्ञापन में जिला पत्रकार समिति के गठन की मांग भी की गई,जिसमें पत्रकार संगठनों के पदाधिकारियों को शामिल करने की बात कही गई है,ताकि पत्रकारों की समस्याओं और उत्पीड़न के मामलों पर नियमित चर्चा हो सके ।प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल गौड़, कोषाध्यक्ष दीपक तिवारी, राष्ट्रीय सदस्य विनय सक्सेना, ताहिर खां बज्जू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल प्रजापति,वाहिद हुसैन, शिव किशोर और जिला उपाध्यक्ष महेश वर्मा सहित लगभग एक दर्जन से अधिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का फूटा गुस्सा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना कादरी गेट क्षेत्र के श्याम नगर रेलवे क्रॉसिंग के निकट शुक्रवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब मोहल्ले की दर्जनों महिलाएं आक्रोशित होकर सड़क पर उतर आईं और मार्ग को दोनों ओर से जाम कर दिया।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप था कि मोहल्ले में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। कई स्थानों पर बिजली के तार जमीन तक लटक रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। महिलाओं ने बताया कि गुरुवार को दो मासूम बच्चे करंट की चपेट में आ चुके हैं, जिसके बाद पूरे मोहल्ले में भय और आक्रोश का माहौल बन गया। महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उनका कहना था कि मोहल्ले में लगाए गए स्मार्ट मीटर भी लोगों की परेशानी का कारण बन गए हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अचानक भारी बढ़ोतरी हो गई है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार परेशान हैं। सड़क जाम की सूचना मिलते ही आईटीआई चैकी प्रभारी विशेष कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को समझाने का प्रयास किया और उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का भरोसा दिया। इसके बाद महिलाएं शांत हुईं और जाम खोल दिया गया।

# शकुंतला देवी बालिका इंटर कॉलेज में मदर्स डे का हुआ आयोजन

संवाददाता कायमगंज



शकुंतला देवी बालिका इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**अमृत विचार।** कायमगंज में शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज में मदर्स डे का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने मां के लिए चित्र बनाकर एक प्रदर्शनी लगाई तथा उनके लिए विचार, गीत व कवितायें प्रस्तुत कीं।

मदर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं की माताओं को भी आमन्त्रित किया गया था जिसमें उनके लिए कई गेम्स का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे व विशिष्टि अतिथि रश्मि दुबे व सम्मानित अतिथि मनोज गंगवार रहे। सबसे पहले सभी आगन्तुक अतिथियों और माताओं को बैज लगाया और छात्राओं ने मां के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

वहीं आस्था ने अपने गाने से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओं ने एक प्रदर्शनी लगाकर मां के विभिन्न रूपों को दर्शाती हुई तस्वीरें बनाईं। इसके बाद बच्चों की माताओं से एक मिनट में बैलून फुलाओ, फेस पर विन्दी लगाओ एक तीली से मोमबत्ती जलाओ और सुई में धागा हउजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी विजयी माताओं को विद्यालय की प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल, प्राचार्या वेणू सिंह व प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये।

# पिकअप ने छात्र को मारी टक्कर, हालत नाजुक

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कंम्पिल थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार का कहर एक छात्र पर टूट पड़ा। गांव हजरतगंज में घर से साइकिल द्वारा सामान लेने निकले 13 वर्षीय छात्र को पीछे से आ रही बेकाबू पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और गुस्साए ग्रामीणों ने पिकअप वाहन को पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार गांव हजरतगंज निवासी अवधेश कठेरिया का पुत्र कुनाल जीत सिंह प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 का छात्र है। बताया गया कि शुक्रवार को स्कूल से घर लौटने के बाद वह साइकिल से दुकान पर सामान लेने जा रहा था। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कुनाल कई फीट दूर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने भागने की कोशिश कर रहे पिकअप वाहन को पकड़ लिया और चालक को घेर लिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घायल छात्र दर्द से तड़पता रहा।

सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल कुनाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर जितेंद्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया।

# बालक का अपहरण कर हत्या में दोषी को दोहरा आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- अपर सत्र न्यायाधीश ने लगाया 70 हजार रुपये जुर्माना
- फिरौती लेने के बाद गला दबाकर कर दी गई थी हत्या



**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) हरिप्रसाद ने बच्चे का फिरौती के लिए अपहरण, फिरौती लेने के बाद भी हत्या कर शव खेत में छिपाने के मामले में दोष सिद्ध आरोपी को दोहरे आजीवन कारावास के साथ 70 हजार रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर तीन माह की सजा और भुगतने का आदेश दिया है।

शासकीय अधिवक्ता कमलेश मौर्या ने बताया कि तिर्वागंज के मंडी बाजार निवासी अतुल कुमार गुप्ता ने 12 दिसंबर 2011 को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि उसका पुत्र केशव ओमर (08) रोज की तरह शाम साढ़े पांच बजे दूध लेने गया था। इसके बाद से घर नहीं पहुंचा। काफी तलाश करने पर भी उसका पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू की। इसके बाद पिता के पास फिरौती के लिए फोन आया। विकास भवन सरायमीरा में फिरौती की रकम 2,70000 रुपये का लेन देन हुआ। इसके बाद भी बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी गई।

मामले में पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो बच्चे की हत्या की बात सामने आई। पता चला कि बच्चे का अपहरण उसके ट्यूशन टीचर अमित सविता तथा उसके सहयोगी कृष्ण कुमार उर्फ महेश दत्त ने मिलकर किया था। अमित की निशानदेही पर ही बच्चे का शव बरामद हुआ था। उस दौरान ही आरोपी अमित ने फांसी लगाकर जान दे दी थी जबकि कृष्ण कुमार के खिलाफ सुनवाई चली। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद विशेष न्यायाधीश ने हत्या की धारा में तथा फिरौती के लिए अपहरण में दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 70 हजार रुपये जुर्माना लगाया। यह रकम मृतक के पिता अतुल कुमार गुप्ता द्वारा याचित किए जाने पर दिए जाने का आदेश दिया

# सीएचसी पर डेन्टल सेवाएं होंगी बेहतर

**कन्नौज।** दन्त से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिये डेन्टल हाईजिनिस्ट एवं डेन्टल मैकेनिक के समूह 'ग' पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई। 06 अभ्यर्थियों की नियुक्ति जनपद में की गई है।

सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि जनपद में वर्तमान में कुल 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, जिनके सापेक्ष 06 पर डेन्टल हाईजिनिस्ट के पद रिक्त थे। इन रिक्त पदों के सापेक्ष प्रशांत वर्मा की नियुक्ति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कन्नौज, अनरुद्ध पटेल को सीएचसी तालग्राम, गायत्री सिंह को उमर्दा, आशीष कुमार को गुग़रापुर, हरिकेश कुमार अग्निहोत्री को सकरावा व सभ्या कटियार की नियुक्ति समधन सीएचसी पर की गई है। उन्होंने बताया कि इन नियुक्तियों से जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दन्त चिकित्सा सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

# मनमानी करने पर तालग्राम बीईओ को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- रमेश चन्द्र चौधरी को एडी बेसिक कानपुर किया गया सम्बद्ध
- बिना मान्यता के स्कूल संचालन कराने के आरोप में हुई कार्रवाई



रमेश चन्द्र चौधरी।

**अमृत विचार।** बिना मान्यता के निजी स्कूल संचालन कराने और शिकायत के बाद भी कार्रवाई न करने के आरोप में खण्ड शिक्षा अधिकारी तालग्राम रमेश चन्द्र चौधरी को निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही उनको कानपुर एडी बेसिक में सम्बद्ध किया गया है।

बताया गया है कि तालग्राम ब्लॉक इलाके के राजकुमारी मेवाराम हायर सेकेंडरी स्कूल डमरपुरवा की शिकायत बदन सिंह ने कई बार की। आरोप लगाया कि बिना मान्यता के कई कक्षाएं संचालित की जा रहीं हैं। पूर्व में इसकी जांच भी हुई लेकिन कार्रवाई अब तक नहीं हुई, इस वजह से मामले की जानकारी शासन स्तर पर दी गई। अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश कामता राम पाल की ओर से सहायक शिक्षा निदेशक (शिक्षा निदेशालय प्रयागराज) डॉक्टर बृजेश मिश्र ने बीईओ रमेश चन्द्र चौधरी को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। जांच मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर को सौंपी गई है। बीईओ तालग्राम के पास नगर शिक्षा अधिकारी कन्नौज का भी चार्ज था।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने कहा किप्राइवेट स्कूल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने व उसे बंद कराने के निर्देश बीईओ को दिए थे, लेकिन रमेश चन्द्र चौधरी ने कार्रवाई नहीं की। इस वजह से मामले की शिकायत ऊपर तक हुई और बीईओ तालग्राम को निलंबित कर दिया गया। स्कूल स्वामी और शिकायतकर्ता आपस मे रिश्तेदार हैं।

# बिना परमिट स्कूली वाहनों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध

**कन्नौज।** बिना परमिट के अब स्कूली वाहन संचालित नहीं हो सकेंगे।

अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई को जनपद के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए साइन बोर्ड, जेब्रा क्रॉसिंग व रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। परिवहन एवं शिक्षा विभाग को स्कूल, कॉलेजों में जागरूकता शिविर आयोजित करने, स्कूली वाहनों का शत-प्रतिशत फिटनेस, चालक का मेडिकल परीक्षण तथा चालक/परिचालक का चरित्र सत्यापन करने के निर्देश दिए। बिना परमिट स्कूली वाहनों के संचालन पर पूर्णतः रोक के आदेश दिए गए। उन्होंने ओवरलोडिंग एवं अवैध खनन के विरुद्ध पुलिस, एआरटीओ व खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। छात्रों को हेलमेट, सीट बेल्ट एवं ओवरस्पीडिंग के खतरों के प्रति जागरूक करने पर बल दिया गया।

**कवायद** — उपभोक्ताओं को 10 तारीख को मिलेगा पोस्टपेड बिल

# प्रीपेड स्मार्टमीटर पोस्टपैड में करने का काम तेज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- उपभोक्ताओं को माह मई का बिल जून में दिया जायेगा
- एक तारीख तक की बिलिंग की जायेगी



**अमृत विचार।** भारी विरोध के बाद बिजली विभाग ने प्रीपेड स्मार्टमीटरों को पोस्टपेड में बदलने का काम तेज कर दिया है। एक तारीख तक की बिलिंग की जायेगी। इसके बाद माह की 10 तारीख को बिल उपभोक्ता को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने बताया कि जिले में लगाये गये सभी स्मार्टमीटरों को पोस्ट पेड में बदलने का काम किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को माह मई का बिल जून में दिया जायेगा। स्मार्टमीटर के उपभोक्ताओं के यहां पहले की तरह घर घर रीडिंग कराई जायेगी। इस के बाद बिल मैसेज व व्हाटसएप पर दिया जायेगा। माह की 10 तारीख तक बिल उपलब्धकरा दिया जायेगा। जिन उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड नंबर कनेक्शन में लगे हैं उन को यदि बिल न मिले तो वह बिजली विभाग के व्हाटसएप नंबर 8010957826 पर मैसेज में कनेक्शन नंबर डाल कर प्राप्त कर सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं के नये कनेक्शन दिये जा रहे हैं उनको प्रेपड मीटर लगाया जायेगा पर बिल पोस्टपैड में लिया जायेगा। पूर्व में प्रीपेड मोड में परिवर्तित के समय जमा सिक्योरटी धनराशि बिल में समायोजित कर दी गई थी उस धनराशि को जून व जुलाई में बनने वाले बिल में तीन किश्तों में जोड कर ली जायेगी। बिजली बिल को लेकर आ रही शिकायतों का निस्तारण 15 मई से 30 जून तक सभी अधिशाषी अभियंता कार्यालय व उप खण्ड कार्यालय में कैंप लगा कर किया जायेगा।

### होर्डिंग लगा कर बिजली विभाग उपभोक्ताओं को देगा जानकारी

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने एसडीएम सदर व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये है कि प्रीपेड से से पोस्टपैड में बदली गई व्यवस्था का होर्डिंग लगा कर प्रचार प्रसार किया जाये। जिससे उपभोक्ता को जानकारी हो सके कि बिजली विभाग की व्यवस्था को बदल दिया गया है अब पहले की तरह पोस्टपेड बिल मिलेंगे।

# छत से गिरकर मासूम घायल

**छिबरामऊ।** ग्राम सबलपुर प्रेमपुर में शुक्रवार को एक हादसा हो गया। किसान सर्वेश यादव का 10 वर्षीय पुत्र अगम स्कूल से लौटने के बाद घर की दूसरी मंजिल पर खेलने गया था। बाउंड्री वॉल न होने के कारण अचानक अगम का पैर फिसल गया और वह गली में जा गिरा। हादसे में अगम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 100 शैय्या अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है।

**कार्यालय नगर पंचायत गोहाण्ड-हमीरपुर**

पत्रांकः– 108 / न0पं0 गो0 / सामान्य (2026–27) दिनांक 08/05/2026

पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत प्रकाशन

म्यूटेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज कुमार पुत्र श्री बाबूराम निवासी मुहल्ला विवेकानन्द नगर कस्बा गोहाण्ड जनपद हमीरपुर ने दिनांक 06.05.2026 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया है कि मेरे द्वारा नगर पंचायत गोहाण्ड में भवन संख्या 168 को प्रार्थी उमेश चन्द्र पुत्र जगन्नाथ निवासी मुहल्ला जयप्रकाश नगर गोहाण्ड से रजिस्ट्री क्रय कर लिया गया है। उक्त भवन संख्या 168 से उमेश चन्द्र पुत्र जगन्नाथ निवासी मुहल्ला जयप्रकाश नगर गोहाण्ड द्वारा रजिस्ट्री की गयी है परन्तु नगर पंचायत के अभिलेखों में भवन संख्या 168 में उनकी पत्नी गायत्री देवी पत्नी श्री उमेश चन्द्र के नाम अंकित है। श्रीमती गायत्री देवी ने प्रमाण प्रत्र भी दिया है कि मेरे पति उमेश चन्द द्वारा जो भी रजिस्ट्री की गयी है उसमें मुझे किसी प्रकार की कोई अपत्ति नहीं है। मेरा नाम खारिज करके उक्त भवन संख्या 168 में क्रेता राज कुमार पुत्र श्री बाबूराम निवासी मुहल्ला विवेकानन्द नगर कस्बा गोहाण्ड जनपद हमीरपुर का नाम दर्ज किया जाये।
उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत गोहाण्ड में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि गुजर जाने के बाद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और नगर पंचायत गोहाण्ड के अभिलेखों में वार्ड नं0 10 जयप्रकाश नगर में स्थित भवन संख्या 168 से गायत्री देवी पत्नी उमेश चन्द्र निवासी मुहल्ला जयप्रकाश नगर गोहाण्ड का नाम खारिज करके आवेदक का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गोहाण्ड हमीरपुर

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन से कटकर एक युवक की गई जान

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत सारंगपुरा के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उमा शंकर 50 वर्ष पुत्र गोपी लाल निवासी सारंगपुरा सिविल लाइन गांव के पास पटरी पार कर रहा था तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। थाना सिविल लाइन पुलिस भी सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

### वन्यजीव का शिकार करने के दो दोषियों की जमानत खारिज

**इटावा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजत सिंह जैन ने वन्य जीव को मारने के एक मामले में आरोपियों की जमानत के प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते हुए उनकी जमानत के प्रार्थनापत्र को खारिज कर दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि वन विभाग की टीम 24 अप्रैल 2026 को गस्त पर थी तभी उसने लुप्त प्राय सेही का शिकार कर उसे ले जाते समय दो लोगों को पकड़ा था। वन रक्षक प्रियांशु की तहरीर पर पुलिस ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कृपाल सिंह पुत्र वीर सिंह व भूरे कुमार निवासी मडैया इकनौर के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस सम्बंध में दोनों ने जिला जज की अदालत में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि लुप्तप्राय वन्य जीव का शिकार करना गंभीर अपराध है और दोनों के जमानत खारिज कर दिया।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार देवर भाभी घायल

**भरथना।** इटावा मुख्य मार्ग पर बंधारा गांव मोड़ के पास तेजी से आ रही कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार बुजुर्ग जगवीर सिंह 60 और पीछे बैठी उनकी भाभी कमलेश 55 पत्नी रमेश सिंह घायल हो गए। स्कूटी सवार जगवीर सिंह भरथना बाजार से दवा लेकर वापस अपने गांव जा रहे थे तभी हादसा हो गया।

### पिता पुत्र को छह-छह माह की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट ने आठ साल पुराने एससीएसटी एक्ट के एकमामले की सुनवाई करते हुए पिता पुत्र कोदोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने दोनों को छह छह माह की सजा सुनाई साथ ही ढाई ढाई हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। बकेवर थाना क्षेत्र के गांव लोलपुरा बोझा निवासी केशव तिवारी पुत्र मनी तिवारी, मनी तिवारी पुत्र माधौ प्रसाद तिवारी के खिलाफ मारपीट व एससीएसटी एक्ट का मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई एससीएसटी कोर्ट में हुई। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने केशव तिवारी व मनी तिवारी को दोषी पाया और उन्हें छह छहमाह की सजा व ढाई ढाई हजार रुपये से दंडित किया।

### ट्रक की टक्कर से कार सवार घायल

**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत महेवा के पास हाइवे पर ट्रक की टक्कर से कार सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। राजू गुप्ता औरैया कार से लौट रहा था तभी महेवा के पास हाईवे पर ट्रक ने कार में टक्कर मार दी जिससे राजू गुप्ता गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर उसे पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया।

### मदरसे में भेंट की अलमारी

**इटावा।** भारत के राष्ट्रगान के रचयिता विश्व विख्यात कवि, दार्शनिक और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर के जन्मदिन पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन 5 के ग्रुप सिलसिला ने बच्चों के प्रयोग के लिए मदरसे में एक अलमारी भेंट की गयी। फेडरेशन अधिकारी राज़दा ख़ातून ने रविंद्र नाथ टैगोर व मीशा जावेद के जन्मदिन पर ग्रुप के पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित अलाउद्दीन अशरफी द्वारा सुविधाओं से वंचित, निर्धन बच्चों के लिए चलाए जा रहे मदरसे में दी जा रही शिक्षा के लिए भेंट की जिसमें डीओए साजिद अली एवं ज्वाइंट डीओए उमेश सक्सेना का विशेष सहयोग रहा। साजिद अली की तरफ से बच्चों सहित सभी को मिठाई, बिस्किट व ठंडा शर्बत वितरित किया गया। फेडरेशन अधिकारी राज़दा ख़ातून ने कहा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्यों को प्रोत्साहन देना चाहिए जिससे निम्न वर्ग, मध्यम वर्ग को भी आगे बढ़ने का अवसर मिले। ग्रुप के उपाध्यक्ष नाज़िश इक़बाल, राशिद अली, आशू, डायरेक्टर मुबीन आदि लोग रहे।

# नहर में नहाने गईं चार किशोरियां डूबीं तीन को बचाया गया, एक लापता

## लवेदी क्षेत्र के धर्मपुरा गांव का मामला, लापता किशोरी की तलाश जारी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** लवेदी क्षेत्र के धर्मपुरा गांव में शुक्रवार की दोपहर भोगनीपुर नहर में नहाते समय चार किशोरियां डूब गईं, इनमें से तीन को ग्रामीणों ने बचा लिया, जबकि एक लापता है। ग्रामीणों, गोताखोरों के साथ एसडीआरएफ टीम खोजबीन में जुटी है लेकिन अभी तक किशोरी का कुछ पता नहीं चल सका। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन बिखलते हुए मौके पर पहुंच गए।

धर्मपुरा गांव निवासी नरेश राजपूत ने बताया कि उनकी बेटी उपासना (15), अपनी सहेलियों निधि (10), छाया (18), और दीक्षा (16) के साथ खेतों में कूड़ा डालने गई थी। वहां वे सभी भोगनीपुर नहर में नहाने लगीं। नहर में पानी का बहाव तेज होने के कारण उपासना डूबने लगी। अन्य सहेलियां भी उसे बचाने के चक्कर में पानी के अंदर चली गईं। उसी दौरान गांव के ओमकार सिंह ने किशोरियों को डूबते हुए देख लिया, उन्होंने निधि, छाया व दीक्षा को बाहर निकाल लिया, लेकिन उपासना पानी के अंदर चली गई। सूचना मिलते ही गांव के लोग वहां पहुंचे और रस्सियों की मदद से उपासना की तलाश शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक लवेदी अनिल विश्वकर्मा घटना स्थल पर पहुंचे और एसडीआरएफ की टीम को भी बुला लिया। उन्होंने बताया कि उपासना की तलाश की जा रही है लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है।



किशोरी की खोजबीन में लगी एसडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

- लापता किशोरी की खोजबीन के लिए गोताखोरों को लगाया गया

**तीन बहनों में दूसरे नंबर की है उपासना :** लापता उपासना तीन बहनों में दूसरे नंबर की थी। उसकी बड़ी बहन मोहिनी की शादी हो चुकी है और एक छोटी बहन नैना है। उसका एक भाई कन्हैयालाल भी है। प्रभारी निरीक्षक अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि तलाश अभियान लगातार जारी है और नहर का पानी कम कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए बलरई और लखना में संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया है। नहर का पानी कम कराने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बोला गया है।

## बकेवर-लखना में साप्ताहिक बाजार बंदी सख्ती से होगी लागू

**बकेवर।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला के निर्देशन में शुक्रवार को श्रम परिवर्तन विभाग की टीम ने बकेवर और लखना कस्बे में साप्ताहिक बाजार बंदी का पालन कराया।

अधिकारियों ने बाजार में भ्रमण कर दुकानदारों को निर्धारित बंदी दिवस पर दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए। साथ ही व्यापार मंडल बकेवर के दोनों गुटों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर बाजार बंदी को सफल बनाने में सहयोग की अपील की गई। श्रम परिवर्तन अधिकारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार साप्ताहिक बाजार बंदी के दिन केवल खानपान, मिष्ठान, पान, मेडिकल, चाय एवं आटा चक्की की दुकानें ही खुल सकेंगी। इसके अलावा अन्य सभी प्रकार की दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगले शुक्रवार से यदि कोई दुकान खुली मिली तो कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को बीस साल की सजा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राखी चौहान ने तीन साल पुराने किशोरी से दुष्कर्म के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर 56 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि बसरेहर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि वह बाहर रहकर मजदूरी करता है। घर पर उसके पिता छोटा भाई व बहन रहती है। 15 फरवरी 2023 को उसके ही गांव का रहने वाला एक युवक उसके घर में घुस आया और उसने उसकी छोटी बहन के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। बाद में पीड़िता ने घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी। परिवार के लोग थाने गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सौरभ कुमार पुत्र प्रहलाद के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बाद में पुलिस ने छानबीन के बाद दुष्कर्म व पॉक्सों की धाराओं में आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी ने सरकार की ओर से पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए गये साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने सौरभ को दोषी पाया और उसे बीस साल की सजा व 56 हजार रुपये के अर्थदंड सं दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

# स्कूलों में छात्रों के कम नामांकन पर डीएम ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने स्कूल चलो अभियान की समीक्षा के दौरान कुछ विद्यालयों में शून्य नामांकन या कम नामांकन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यालयों को चिन्हित किया जाए और वहां नामांकन के लिए प्रयास किए जाएं।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि जसवंत नगर क्षेत्र में लगभग 100 विद्यालयों में 10 से कम प्रवेश हुए हैं। इसी प्रकार भरथना क्षेत्र के 193 विद्यालयों में से दो विद्यालयों में शून्य प्रवेश हुआ है। इटावा में 85 विद्यालय ऐसे हैं जहां 10 से कम बच्चों के प्रवेश हुए हैं। इस पर कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि बिना विश्लेषण के स्थिति में सुधार संभव नहीं है। इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएं। शारदा अभियान की समीक्षा में भी जिलाधिकारी ने इस काम में तेजी लाने और दूसरे विभागों से समन्वय स्थापित करके बच्चों का एडमिशन कराने के लिए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि मिड डे मील की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए और अधिकारी विद्यालयों की रेंडम चेकिंग करते रहें। लर्निंग आउटकम की प्रगति 40 प्रतिशत पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे विद्यालय चिन्हित किए जाएं जिनमें एक भी बच्चा निपुण नहीं है। जहां 100 प्रतिशत निपुण लक्ष्य प्राप्त हुआ है वहां के शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाए। आरटीई में 1146 के सापेक्ष 124 बच्चों का प्रवेश कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह लक्ष्य पूरा किया जाए और लक्ष्य के अनुरूप बच्चों को प्रवेश दिया जाए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी आदि रहे।





बैठक लेते जिला अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने की स्कूल चलो अभियान की समीक्षा

## अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो, चालक समेत चार घायल

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुरसेना के पास गुरुवार की रात्रि में एक ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में चालक उसकी पत्नी व दो मासूम बेटियां घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

गुलाबबाड़ी निवासी रवि कुमार अपने परिवार के साथ ऑटो से किसी काम से ग्राम जोनई की ओर जा रहे थे। बताया गया कि जैसे ही ऑटो ग्राम कुरसेना के पास पहुंचा, तभी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में रवि कुमार उसकी पत्नी रानी, ढाई वर्षीय पुत्री प्रियांशी और साढ़े तीन वर्षीय दिव्यांशी घायल हो गईं। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सैफई रेफर कर दिया।

# छात्रा ने घर के कमरे में फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता इकदिल इटावा।

**अमृत विचार।** कस्बा क्षेत्र की साईं विहार कॉलोनी में किराए के मकान में रह रही कक्षा 12 वीं की छात्रा का शव गुरुवार की देरशाम फंदे पर लटका मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कानपुर देहात के थाना मंगलपुर क्षेत्र के गांव नेपलापुर निवासी राजू कुमार परिवार समेत इकदिल के साईं बिहार कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। वह कस्बे में कॉस्मेटिक की दुकान चलाते हैं। गुरुवार शाम बेटी रिया (17) का शव घर के कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। घटना के समय माता-पिता दुकान पर थे, जबकि छोटा भाई आर्यन बाहर साइकिल चला रहा था। घर लौटने पर उसने बहन को फंदे पर लटका देखा तो उसकी चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान पुलिस बल व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच-पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पूछताछ में मृतका के पिता राजू कुमार ने बताया कि रिया 12वीं कक्षा की छात्रा थी। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि बेटी ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। घटना के बाद मां पूनम देवी, बहन दीक्षा, भाई आर्यन समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि किशोरी ने प्रथम दृष्टया फंदा लगाकर जान दी है। परिजनों ने स्पष्ट रूप से कुछ बताया नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेन में चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**इटावा।** जीआरपी ने चलती ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत ट्रेन में चोरी की घटना करने वाली महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया।

जीआरपी थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन इटावा जंक्शन प्लेटफॉर्म नंबर एक से महिला आरोपी राजेन्द्री पत्नी दयाराम निवासी ग्राम भवनपुरा थाना फूफ जनपद भिण्ड मध्य प्रदेश हाल पता लॉर्ड कृष्णा वाली गली विजयनगर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान महिला आरोपी के कब्जे से चोरी, छिनैती का सामान बरामद हुआ जिसमें एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने के कुंडल, एक चांदी की कमर करधनी, तीन अंगूठियां, 11,560 रुपये नकद, दो मोबाइल चार्जर एवं एक हैंडबैग शामिल हैं। बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई गई है।

## गंदगी से निजात दिलाने के लिए मंडी परिसर में सफाई कार्य शुरू

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में व्याप्त गंदगी को लेकर समाचार पत्रों व सोशल मीडिया पर खबर प्रकाशित होने के बाद मंडी प्रशासन हरकत में आ गया है। गुरुवार से मंडी परिसर में साफ-सफाई अभियान शुरू करा दिया गया है।

परिसर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों और उगी झाड़ियों को मजदूरों द्वारा हटाया जा रहा है। इसके साथ ही लंबे समय से चोक पड़ी नालियों की भी सफाई कराई जा रही है, जिससे जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त हो सके। मंडी सचिव संतोष कुमार यादव ने बताया कि हाल ही में सफाई का टेंडर होने के बाद मंडी परिसर में नियमित साफ-सफाई कार्य शुरू करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा। गौरतलब है कि बीते दिनों मंडी परिसर में फैली गंदगी, कूड़े के ढेर और अवरुद्ध नालियों की समस्या को लेकर प्रमुख अखबारों में खबर प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद सफाई कार्य शुरू कराया गया है।



मंडी की सफाई करते सफाई कर्मचारी।

# युवाओं ने वृद्धाश्रम में वृद्धों के साथ बिताया समय, सुनीं कहानियां

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** भारत सरकार के मेरा युवा भारत की ओर से वृद्धाश्रमों में वृद्धों के साथ युवाओ का संवेदनशील जुड़ाव विषय पर 5 दिवसीय अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें युवा बुजुर्गो के साथ दिन बिता रहे हैं। उनसे जीवन के अनुभव सीख रहे हैं, बैठकर खेलने वाले खेल खेलें और कहानी किस्से भी सुने।

मेरा युवा भारत की उप निदेशक सोनिका चन्द्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के मध्य भावनात्मक जुड़ाव, संवेदनशीलता, आपसी संवाद एवं पीढ़ियों के बीच सामंजस्य को बढ़ावा देना है। इसमें युवा स्वयंसेवक वृद्धाश्रम में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों के साथ समय व्यतीत कर उनसे संवाद स्थापित कर रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों में सहभागिता कर रहे हैं। बुजुर्गो के साथ इस युवाओं ने कार्यक्रम में कहानी सुनी सांस्कृतिक गतिविधियां की, योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर चर्चा की। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों के जीवन अनुभवों को जाना। इस पहल के माध्यम से युवाओं में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों का विकास किया जा रहा है। इससे वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक अपनत्व एवं आत्मीयता का अनुभव प्राप्त हो रहा है।



वृद्धों के साथ बैठकर कहानियां सुनते युवा। अमृत विचार

- वृद्धों के साथ युवाओं का जुडाव पर अनुभवात्मक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## नोटों से भरा बैग गायब पुलिस खंगाल रही कैमरे

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** कस्बे की गल्ला मंडी क्षेत्र से रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक का नकदी व जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग गायब हो गया। बैग में करीब 89 हजार रुपये नकद होने की वजह से वे परेशान रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की तथा आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाला।

जनपद औरैया के एलपी गड़वाना निवासी रामकिशोर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह राजस्व विभाग से रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक हैं। गुरुवार दोपहर वह भरथना स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा पहुंचे, जहां उन्होंने अपने खाते से 40 हजार रुपये निकाले। उनके बैग में पहले से 49 हजार 500 रुपये रखे थे। इस तरह बैग में करीब 89 हजार रुपये नकद मौजूद थे। बैंक से निकलने के बाद वह गल्ला मंडी स्थित एक दुकान पर घरेलू सामान खरीदने पहुंचे। सामान लेने के दौरान वह भूलवश अपना बैग दुकान पर ही छोड़कर आगे चले गए। कुछ दूर पहुंचने पर बैग न होने का एहसास हुआ तो वह घबराकर वापस दुकान पर पहुंचे, लेकिन तब तक बैग गायब हो चुका था।

पीड़ित के अनुसार बैग में नकदी के अलावा आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड समेत अन्य जरूरी दस्तावेज भी रखे थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान समेत आसपास के लोगों से पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि दुकान पर बैग छूटने की सूचना मिली है। आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

**मचा हड़कंप** | भरथना स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया, तकनीकी जांच के बाद किया गया रवाना

# सूबेदारगंज एक्सप्रेस के पहियों में लगी आग

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर शुक्रवार की शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब 20433 सूबेदारगंज-अंबाला कैंट एक्सप्रेस के एक कोच के पहियों से अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया। एहतियातन ट्रेन को भरथना रेलवे स्टेशन की अप लाइन पर रोक दिया गया। करीब 45 मिनट तक ट्रेन मेन लाइन पर खड़ी रही, जबकि इस दौरान तीन एक्सप्रेस ट्रेनों को लूप लाइन से निकाला गया।

जानकारी के अनुसार 20433 सूबेदारगंज एक्सप्रेस सूबेदारगंज से अंबाला कैंट की ओर जा रही थी। ट्रेन जब साम्हो रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ी तभी इकोनॉमी क्लास के कोच संख्या एम-1 के पहियों में ब्रेक बाइंडिंग होने से धुआं उठने लगा। कुछ ही देर में पहियों के पास आग दिखाई देने लगी। ट्रेन में लगे फायर अलार्म के बजते ही रेल कर्मचारियों और यात्रियों को घटना की जानकारी हुई। ट्रेन को शाम करीब 3 बजकर 55 मिनट पर भरथना रेलवे स्टेशन की अप लाइन पर रोक दिया गया। ट्रेन रुकते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई यात्री परिवार सहित नीचे उतर आए।

रेलवे कर्मचारियों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए पहियों में लगी आग को बुझाया और तकनीकी जांच शुरू की। यात्री दीपक यादव अमित कुमार ने बताया कि चलती ट्रेन के पहियों में आग लगने के कारण ट्रेन को रोका गया था। काफी देर तक यात्रियों में हलचल रही, हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। इससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। ट्रेन के सुपरवाइजर इमरानुद्दीन ने बताया कि ब्रेक बाइंडिंग के कारण पहियों से धुआं और आग निकली थी। सुरक्षा के मद्देनजर ट्रेन को रोका गया था। आग बुझाने और जांच के बाद ट्रेन को सुरक्षित गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया।



पहियों से उठता धुआं बुझाते कर्मचारी। अमृत विचार

# हर्ष फायरिंग में युवक को लगी गोली, घायल

संवाददाता बसरेहर इटावा

**अमृत विचार।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव नगला सिंग में बारात चढ़ते समय दूल्हे के भाई द्वारा की गई हर्ष फायरिंग में गांव के ही एक युवक को गोली लग गई। इसमें वह घायल हो गया।

चौबिया थाना क्षेत्र के गांव नगला सिंग में अनार सिंह के यहां बारात आई हुई थी। शादी समारोह का कार्यक्रम बड़ी खुशी से चल रहा था। मैनपुरी जनपद के नगला केहरी थाना बेबर से दूल्हा विवेक कुमार बारात लेकर पहुंचा। वहीं लड़की पक्ष ने सभी बारातियों को नाश्ता कराया। जब बारात बैन्ड बाजे के साथ चढ़ रही थी उसी समय दूल्हे के भाई सुदेश कुमार उर्फ सोनू पुत्र रघुवीर सिंह ने आवेश में आकर हर्ष फायरिंग कर दी। गोली पास में खड़े 17 वर्षीय आयुष कुमार पुत्र सर्वेश कुमार निवासी नगला सिंग के कमर के नीचे जा लगी। जिससे शादी समारोह में भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह हर्ष फायरिंग कर रहे आरोपी को पकड़कर चौबिया पुलिस को सूचना देकर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया और घायल को इलाज के लिये सैफई पीजीआई में भर्ती कराया गया है।

हर्ष फायरिंग की वजह से शादी समारोह का कार्यक्रम बन्द हो गया था। सुबह दस बजे दूल्हे को ले जा कर शादी का कार्यक्रम आगे बढ़ाया गया। चौबिया थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि हर्ष फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बीईओ व कर्मचारियों ने की स्वगणना

**इटावा।** जनगणना का पहला चरण मकान गणना के लिए शुरू हो गया है और इसमें स्वगणना की व्यवस्था भी की गई है। यह स्व गणना गुरुवार से शुरू हो गई है इसके दूसरे दिन शुक्रवार को बीएसए डॉ राजेश कुमार के निर्देशन में विभागीय कार्यालय में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वगणना की।

**महाबोधि महाविद्यालय,**
कुसमरा मैनपुरी (कालेज कोड–0428)

**आवश्यकता है**

स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत परास्नातक (एम.एस.सी.) पाठ्यक्रम हेतु उक्त कॉलेज में प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं के कुल 7 पद –

(1) प्राचार्य परास्नातक 1 पद ।
(2) प्रवक्ता एम.एस.सी. रसायन विज्ञान में 2 पद।
(3) प्रवक्ता एम.एस.सी. जन्तु विज्ञान में–2 पद।
(4) प्रवक्ता एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान में 2 पद।

योग्यता व वेतमान राज्य सरकार / यूजीसी के नियमानुसार होगें। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाणप्रत्रों की छायाप्रति डाक द्वारा 7 कार्यदिवस के अंदर कॉलेज कार्यालय में प्रेषित करें।

सचिव–
मो0नं0–9412504539, 9456880943

न्यूज ब्रीफ

### श्याम बिहारी मिश्रा की जयंती पर शरबत वितरण

**दिबियापुर (औरैया)।** शुक्रवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे श्याम बिहारी मिश्रा की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल दिबियापुर द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारियों एवं पदाधिकारियों ने भाग लेकर उन्हे याद किया और उनके योगदान को नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय सदस्य संदीप पोरवाल मौजूद रहे। वहीं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेश सोनी राजाभैया, नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता पैराडाइज, महामंत्री प्रशांत गुप्ता शक्ती, कोषाध्यक्ष सौरभ दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, उपाध्यक्ष रामपाल सिंह सेंगर, राजेश पोरवाल आराधना, कुलदीप राजपूत, पंकज पोरवाल, रोहित गुप्ता, संजय पाल, आशीष तिवारी, गजेंद्र पाल सहित तमाम पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने वृद्धाश्रम का किया औचक निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सिरौली में स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम का जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को परिसर में नियमित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

# दुकान में लगी भीषण आग करोड़ों का सामान खाक

## दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई

संवाददाता दिबियापुर (औरैया)

**अमृत विचार।** नगर के स्टेशन रोड पर अभिषेक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग की उठती लपटों और धुएं के गुबार को देखकर मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। इस अग्निकांड में दुकान के अंदर रखा करीब एक करोड़ रुपये से अधिक का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

घटना की शुरुआत गुरुवार रात को हुई जब दुकान से अचानक धुआं निकलते देख लोगों ने शोर मचाया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस, फायर ब्रिगेड और बिजली विभाग को सूचना दी। सुरक्षा की दृष्टि से बिजली विभाग ने भगवतीगंज मोहल्ले के ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति बंद कर दी। कस्बे में हाइट गेज लगे होने से दमकल की गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में करीब आधा



आग बुझाते दमकल विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

घंटा लग गया, तब तक आग पूरी दुकान में फैल चुकी थी। राहत की बात यह रही कि समीप ही नहर होने के कारण दमकल की गाड़ियों को पानी की किल्लत नहीं झेलनी पड़ी और उन्हें निरंतर पानी मिलता रहा। यदि पानी का स्रोत पास न होता, तो आग आसपास की दुकानों और रिहायशी मकानों को भी चपेट में ले लेती, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी मिलते ही समाजसेवी ब्रह्मानंद व मोहल्ले के लोगों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित दुकानदार की मदद की और बचाव कार्य में हाथ बंटाया।

मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी ने स्थिति का जायजा लिया और शांति व्यवस्था बनाए रखी। दुकान मालिक अभिषेक की मानसिक हालत अभी सही नहीं है जिसके चलते अभी नुकसान का सटीक आकलन नहीं किया जा सका है, लेकिन मोहल्ले वह दुकानदारों के अनुसार प्रारंभिक अनुमान एक करोड़ रुपये से ऊपर का है। 2 दिन पहले ही दुकान में लाखों रुपए का सामान आया था उनके पास इलेक्ट्रिक सामान की कई कंपनियों की एजेंसियां थी और वह छोटे दुकानदारों को भी सामान बेचते थे।

# ग्राम सभा की भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

संवाददाता फफूंद, औरैया

- जेसीबी कार्रवाई के दौरान हुआ विरोध
- पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन ने कराया कब्जा मुक्त

**20** लाख रुपये मूल्य की भूमि कराई गई खाली

**अमृत विचार।** डीएम के निर्देश पर जनपद में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को सदर तहसील क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। अजय आनन्द वर्मा के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस टीम ने ग्राम कनौती में ग्राम सभा की पंचायत घर में दर्ज भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार ग्राम कनौती की गाटा संख्या-7, क्षेत्रफल 0.0850 हेक्टेयर पंचायत घर भूमि पर गांव निवासी कमलेश, श्रीकृष्ण एवं हरिकृष्ण द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। शिकायतों और राजस्व अभिलेखों की जांच के बाद प्रशासन


अवैध कब्जा हटवाते प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा विरोध भी किया गया, लेकिन मौके पर मौजूद फफूंद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

अभियान में तहसील सदर की लेखपाल प्रतिमा लक्ष्मी, चित्रेश प्रताप सहित अन्य राजस्व कर्मी एवं पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन के मुताबिक कब्जा मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित बाजार कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है। अजय आनन्द वर्मा ने स्पष्ट किया कि सरकारी एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा।

## महाराणा प्रताप जयंती आज, तैयारियां पूरी

**बिधूना, औरैया।** शनिवार को कस्बे के रामलीला मैदान में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह की सभी तैयारियां आयोजकों द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एवं संयोजक सहकारी विकास संघ इटावा औरैया के अध्यक्ष अभय सिंह सेंगर एडवोकेट ने रामलीला मैदान में पहुंच कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती जोश खरोश एवं हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी। 9मई को अपराह्न 2बजे कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक रीति नीति एवं मंत्रोच्चारों के बीच किया जाएगा। कहा इस अवसर पर समाज के मेधावी छात्र छात्राओं एवं किसी क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले समाज के सम्मानित लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा।


वार्ता के दौरान जानकारी देते पदाधिकारी। अमृत विचार

# पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

संवाददाता अजीतमल

- जनहित में कार्य करने का दिलाया संकल्प
- अटसू नगर पंचायत में नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण संपन्न

**अमृत विचार।** नगर पंचायत अटसू में शासन द्वारा नामित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी अजीतमल निखिल राजपूत ने नामित सदस्य राधेश्याम पोरवाल, ब्रज किशोर और आशीष तिवारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि सभी सदस्य जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने और नगर की समस्याओं के समाधान के लिए



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी आनंद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु स्वदेश गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडेय, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोनू सेंगर, अधिशासी अधिकारी प्रदीप गौतम, आशाराम राजपूत, अवनीश त्रिपाठी, लव तिवारी सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भगवान बुद्ध प्रतिमा स्थल की हुई सफाई

**अछल्दा (औरैया)।** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोडेपुर ग्रामीण के काशीपुर गांव में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के पास फैली गंदगी को देखकर सफाई कर्मियों और ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में सफाई कर्मचारी एवं गांव के लोगों ने मिलकर प्रतिमा स्थल और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की।

यह अभियान लखन सिंह शाक्य के घर के पास स्थित भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थल पर चलाया गया। अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने की अपील की गई। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक पर युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर अछल्दा रेलवे स्टेशन के पूर्वी साइड शुक्रवार सुबह एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक की पहचान बिधूना थाना क्षेत्र के रुरुगंज निवासी सुदीप कुमार (30) पुत्र वीरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को युवक की जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है।


सुदीप कुमार

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग कर रहे की-मैन लवलेश ने खंभा संख्या 1118/6 के पास डाउन लाइन पर युवक का शव पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने तत्काल स्टेशन मास्टर को सूचना दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ कर्मी अजय चौहान और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना की जानकारी पर कस्बा इंचार्ज हेमलता व उपनिरीक्षक जयप्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। तलाशी के दौरान युवक की जेब से आधार कार्ड बरामद हुआ, जिससे उसकी पहचान सुदीप कुमार निवासी रुरुगंज के रूप में हुई। पुलिस को युवक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है। हालांकि पुलिस ने अभी नोट की सामग्री सार्वजनिक नहीं की है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिनका रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चिचौली भेज दिया है।


जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- जेब से मिला सुसाइड नोट, पुलिस कर रही जांच-पड़ताल

## महिला ने लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज की मांग, मारपीट और घर से निकालने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

महिला का आरोप है कि उसकी शादी 13 दिसंबर 2021 को दिनेश कुमार उर्फ झब्बू के साथ हुई थी। प्रार्थना पत्र में महिला ने आरोप लगाया कि जून 2022 में दहेज की मांग को लेकर उसके साथ गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। वहीं उसके पति की तबीयत खराब रहने लगी और बाद में अक्टूबर 2025 में उनकी मृत्यु हो गई। महिला का कहना है कि पति की मौत के बाद ससुराल पक्ष ने उसे घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# पाइपलाइन के लिए खुदाई बनी मुसीबत

संवाददाता फर्रुखाबाद

- सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे दे रहे हादसों को दावत

**अमृत विचार।** नवाबगंज के मोहम्मदाबाद रोड पर नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे पाइपलाइन बिछाने के कार्य ने स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ठेकेदार की लापरवाही के चलते सड़क किनारे खोदे गए गहरे गड्ढे खुले पड़े हैं, जिससे बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। सड़क की हालत खराब होने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार रात पाइपलाइन डालने के लिए मोहम्मदाबाद रोड पर अचानक खुदाई शुरू कर दी गई। सुबह जब स्थानीय लोगों ने सड़क के दोनों ओर खतरनाक गड्ढे देखे, तो उन्होंने तत्काल क्षेत्रीय सभासदों को इसकी सूचना दी। मौके की गंभीरता को देखते हुए सभासद कुलदीप राजपूत, अनिल शाक्य और अमन राठौर घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभासदों ने सड़क किनारे खुले गड्ढों को लेकर नाराजगी जताई और इसे लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बताया। इसके बाद पूरे मामले की जानकारी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार को दी गई। सूचना मिलते ही ईओ मौके पर पहुंचे और हालात को देखते हुए ठेकेदार को तत्काल काम बंद करने का निर्देश दिया। बताया जा रहा है कि शुरुआत में ठेकेदार ने अधिकारी के आदेश को नजरअंदाज करते हुए काम जारी रखा। इस पर अधिशासी अधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए भुगतान रोकने की चेतावनी दी। प्रशासन की कड़ी चेतावनी के बाद ठेकेदार ने काम तो बंद कर दिया, लेकिन गड्ढों को भरने का काम अब तक पूरा नहीं कराया गया है। इससे सड़क पर खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि रात के समय खुले गड्ढे वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। खुदाई के कारण सड़क संकरी हो गई है, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले गड्ढों को तत्काल भरवाया जाए और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।


किट वितरित करते डीएम ब्रजेश कुमार। अमृत विचार

## पोषण किट का वितरण किया

**औरैया।** जिलाधिकारी बृजेश कुमार ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में गोद लिए क्षय रोगी विकास पाल पुत्र गंभीर पाल निवासी पढीन दरवाजा औरैया को पोषण किट देते हुए कहा कि दवा का नियमित सेवन करने से टीवी रोग से शीघ्र निजात मिल जाती है। उन्होंने कहा कि टीवी असाध्य बीमारी नहीं है। इससे नियमित दवा सेवन करके शीघ्र छुटकारा पाया जा सकता है। रोगी को पौष्टिक आहार लेना चाहिए जिससे वह कमजोरी महसूस न करे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अरसला नाज, क्षय रोग अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण आज

संवाददाता फर्रुखाबाद

- शुक्रवार दोपहर तक लगातार तैयारियों का दौर चलता रहा

**अमृत विचार।** शहर के लाल गेट स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर 9 मई को होने वाले वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए महाराणा प्रताप के वंशजों, क्षत्रिय समाज तथा आयोजकों ने पूरी ताकत झोंक दी है। गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार दोपहर तक कार्यक्रम स्थल पर लगातार तैयारियों का दौर चलता रहा।

समारोह स्थल को आकर्षक बनाने के लिए साफ-सफाई, सजावट और मंच निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। वहीं बड़ी संख्या में समाज के लोग भी तैयारियों में जुटे दिखाई दिए। कार्यक्रम को लेकर युवाओं और समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस बीच प्रतिमा स्थल के सामने लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या को भी गंभीरता से लिया गया है। बरसात के दौरान प्रतिमा के सामने पानी भर जाने से लोगों को काफी परेशानी होती थी और समारोह की तैयारियों के बीच यह मुद्दा प्रमुख रूप से सामने आया। जिस पर प्रशासन और आयोजकों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जल निकासी के लिए निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।

शुक्रवार को मजदूर और मशीनें मौके पर लगातार कार्य करती नजर आईं। नाला निर्माण और सड़क समतलीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है ताकि अनावरण समारोह के दौरान लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। आयोजकों का कहना है कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं बल्कि राष्ट्र गौरव, स्वाभिमान और बलिदान के प्रतीक हैं, इसलिए उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोगों के पहुंचने की संभावना है। प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को लेकर सतर्क नजर आ रहा है। शहर में जगह-जगह महाराणा प्रताप के पोस्टर और बैनर लगाए जा रहे हैं, जिससे पूरा माहौल महाराणा प्रतापमय दिखाई देने लगा है।


चेकिंग करती पुलिस। अमृत विचार

# तिर्वा बॉर्डर पर सघन चेकिंग, 20 वाहनों के काटे गए चालान

संवाददाता बेला (औरैया)

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए बेला थाना पुलिस ने बृहस्पतिवार देर रात तिर्वा बॉर्डर पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम भारी पुलिसबल के साथ मौके पर मौजूद रहे और आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच कराई।

चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस द्वारा लगभग 60 हजार रुपये का शमन शुल्क भी लगाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, संदिग्ध नंबर प्लेट और जरूरी दस्तावेज न होने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

आक्रोश — उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उपशाखा बिधूना की तहसील परिसर में बैठक आयोजित हुई

# लंबित समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

संवाददाता बिधूना (औरैया)

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उपशाखा बिधूना की तहसील परिसर में आयोजित बैठक में लेखपालों की विभिन्न लंबित समस्याओं और उनके हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद संघ के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बिधूना को एक 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में लेखपाल संघ ने अवकाश के दिन कार्य से मुक्ति, रविवार और सार्वजनिक अवकाश के दिनों में दैवीय आपदा को छोड़कर अन्य सभी सरकारी कार्यों से मुक्त रखने की मांग की। इस अवसर पर ऑनलाइन अवकाश की स्वीकृति की भी मांग की गई है। लेखपाल संवर्ग के आकस्मिक अवकाश के प्रार्थना पत्रों को ऑनलाइन माध्यम से समयबद्ध



एसडीएम को ज्ञापन देते लेखपाल संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

तरीके से निस्तारित (स्वीकृत/अस्वीकृत) करने का आग्रह किया गया। जबकि बकाया देयों का भुगतान किए जाने का अनुरोध किया गया है। आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र पोर्टल के कार्यों का भुगतान, क्रॉप कटिंग और कृषि गणना के रुके हुए मानदेय के जल्द भुगतान की मांग की गई है। डीए के पश्चात बढ़े हुए वेतन और एरियर के भुगतान के साथ-साथ लेखपालों (चन्द्र कुमार, आदेश कुमार, चन्द्रप्रकाश आदि) के चिकित्सीय अवकाश अवधि के वेतन एरियर के भुगतान की अपील की गई। इस अवसर पर एनपीएस और अन्य मुद्दे भी उठाए गए हैं। कहा गया है कि जो लेखपाल एनपीएस कटौती कराना चाहते हैं, उनकी कटौती शुरू करने और पिछले तीन दिनों में 'फार्मर रजिस्ट्री' से संबंधित कार्यवाही पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाये।

संघ ने मांग की है कि निलंबित चल रहे लेखपाल सुरजीत सिंह को सहानुभूति के आधार पर पुनः बहाल किया जाए। लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष रोहित यादव ने कहा कि लेखपाल पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनकी जायज मांगों और बकाया भुगतानों को लंबे समय से टाला जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि इन बिंदुओं पर जल्द से जल्द सकारात्मक कार्यवाही की जाए। यदि कार्यवाही न की गई तो संघ आंदोलनात्मक कदम उठाने को विवश होगा। इस दौरान संघ के मंत्री विनय कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित पाठक, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अवनीश कुमार, उपमंत्री शिवानी यादव, कोषाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत गोहाण्ड-हमीरपुर**

पत्रांक:- 109 / न0पं0 गो0 / सामान्य (2026-27) दिनांक 08/05/2026

पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत प्रकाशन
म्यूटेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामशरण पुत्र श्री मनोज कुमार निवासी ग्राम-मचहारी तहसील-राठ जनपद हमीरपुर ने दिनांक 05.05.2026 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया है कि मेरे द्वारा नगर पंचायत गोहाण्ड में वार्ड नं0 06 राजेन्द्र नगर में प्लाट अशोक कुमार खरे पुत्र बाबुलाल खरे निवासी मुहाल बुधोलियाना कस्बा राठ से रजिस्ट्री क्रय कर लिया गया है। उक्त प्लाट से अशोक कुमार खरे पुत्र बाबुलाल खरे, निवासी- मुहाल बुधोलियाना कस्बा राठ का नाम खारिज करके उक्त प्लाट पर प्रार्थी का नाम दर्ज किया जाये ।
उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपने साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत गोहाण्ड में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि गुजर जाने के बाद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और नगर पंचायत गोहाण्ड के अभिलेखों में वार्ड नं0 06 राजेन्द्र नगर में स्थित प्लाट से अशोक कुमार खरे पुत्र बाबुलाल खरे निवासी मुहाल बुधोलियाना कस्बा राठ का नाम खारिज करके आवेदक का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत गोहाण्ड हमीरपुर

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या


अखिलेश।

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के डामर गांव में गुरुवार की रात्रि बहन की शादी करने व आर्थिक तंगी से परेशान 32 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस में पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के डामर गांव निवासी अखिलेश (29) पुत्र मुन्ना अपनी बहन की शादी करने को लेकर चिंतित था। वही आर्थिक तंगी से परेशान रहता था। उसने गुरुवार की रात करीब 8 बजे कमरे के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब काफी देर तक बाहर नहीं आया तो उसकी बहन अपूर्वा ने पड़ोसी की छत से जाकर देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चोरों ने लाखों की नकदी व जेवरात किए पार

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के कांशीराम कॉलोनी दीवानपुरा इलाके में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए कमरे के पीछे लगी खिड़की को तोड़कर घर में रखें लाखों रुपये की कीमत के सोने और चांदी के जेवरातों के अलावा डेढ़ लाख नकदी चोरी कर ली। घटना की जानकारी होने पर पीड़िता ने कोतवाली में चोरी की घटना की तहरीर दी है। कस्बे के कांशीराम कॉलोनी दीवानपुरा इलाके की निवासी राजकुमारी पत्नी स्व.सुरेश ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते दिन अज्ञात चोरों ने उसके और उसके परिजनों की गैर मौजूदगी में उसके मकान के कमरे के पीछे की खिड़की तोड़कर घर में दाखिल होते हुए लाखों रुपये कीमत के सोने और चांदी के जेवरातों के अलावा डेढ़ लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। पीड़िता ने कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### साइबर ठगों ने खाते में रुपये डालकर 9,800 रुपये ठगे

सुमेरपुर (हमीरपुर)। महज 4 मिनट में साइबर ठगों ने कस्बे के एक युवक के खाते से 9800 रुपए की ठगी कर ली। मोबाइल में मैसेज देखकर युवक सन्न रह गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर थाने के साथ बैंक के शाखा प्रबंधक से की है। कस्बा निवासी इमरान खान ने बताया कि 6 मई को दोपहर 2:07 पर उसके खाते में 73200 डाले गए और 2:11 पर उसके खाते से 83000 निकालकर उसके खाते से 9800 की ठगी 4 मिनट के अंदर कर ली गई। मोबाइल में जब उसने मैसेज देखा तब उसे इस साइबर ठगी का पता चला। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर थाने के साथ इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक से की है।

### तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

सुमेरपुर (हमीरपुर)। बीती रात पुलिस ने गश्त के दौरान सुरौली बुजुर्ग निवासी एक युवक को भौरा डांडा से अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा है। गश्त के दौरान थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने भौरा डांडा के समीप से सुरौली बुजुर्ग निवासी धर्मेंद्र को एक अदद तमंचा 32 बोर कारतूस के साथ गिरफ्तार करके मुकदमा दर्ज करके जेल भेजा है।

# बारात लेकर जा रहे दूल्हे को कार से उतारकर लाठी-डंडों से पीटा

## बसेला गांव के पास का मामला, दूल्हे को अस्पताल में कराया भर्ती

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


मारपीट से घायल दूल्हा मुन्नीलाल। अमृत विचार

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के बसेला गांव के पास बारात लेकर जा रहे दूल्हे और उसके भाई तथा कार में सवार रिश्तेदारों को बाइक से आए एक दर्जन युवकों ने रोक कर लाठी डंडों से जमकर मारापीटा। दूल्हे और उसके परिजनों को गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। युवकों ने कार को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।

मझगवां थाने के झिन्नावीरा गांव निवासी जगदेव राजपूत के छोटे भाई मुन्नीलाल (25) पुत्र गुलाब सिंह की गुरुवार को शादी होनी थी। बारात बांदा जिले के बबेरू थाने के इमलौर जानी थी। दूल्हा मुन्नी लाल कार में अपने भाई और रिश्तेदारों को बैठाकर जा रहा था। कोतवाली के बसेला गांव पहुंचने पर पहले से घात लगाकर बैठे कुछ युवकों ने कार को रोक लिया। युवकों ने अचानक से कार पर लाठी-डंडों से हमला करते हुए कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। युवकों ने कार के अंदर बैठे दूल्हे मुन्नीलाल को कार से बाहर निकालकर लाठी-डंडों से बड़ी ही बेरहमी के साथ जमकर मारपीट की। कार में सवार दूल्हे का भाई जगदेव, बेटी अमृता, बेटा गगन और नघारा गांव निवासी भांजी रूपाली बचाने लगी तो उन्हें भी लाठी-डंडों से जमकर पीटा। इस दौरान सभी को गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पुलिस के पहुंचने पर युवक फरार हो गए। पुलिस घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गई।

पीड़ित पक्ष ने अंबर पुत्र रवींद्र निवासी कैंथा सहित एक दर्जन अज्ञात युवकों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि दूल्हे के भाई जगदेव की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकादमा पंजीकृत किया गया। एक आरोपी शिवम को अभी हिरासत में लिया गया है। शेष अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं।

### पुरानी रंजिश के चलते हुए मारपीट

राठ। कोतवाली के बसेला गांव में कार से जा रहे दूल्हे के ऊपर हुए जानलेवा हमले के पीछे कैंथा गांव के एक युवक से पुरानी रंजिश बताई जाती है। पीड़ित पक्ष के अनुसार करीब दो साल पहले उनके परिवार की एक युवती का प्रेम प्रसंग कैंथा गांव के एक युवक से था। उस दौरान दूल्हा मुन्नीलाल ने प्रेमी को जमकर मारा पीटा था। बाद में उसी युवक से युवती की शादी हो गई थी। लेकिन रंजिश खत्म नहीं हुई थी। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते कैंथा गांव के युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर दूल्हे बने मुन्नीलाल के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए मारपीट की। रिश्ते में आरोपी युवक दूल्हा का जीजा हैं।

# नम आंखों से किया गया अंतिम संस्कार

अमृत विचार Follow UP

- नाव डूबने से छह लोगों की मौत का मामला
- भौली ग्राम पंचायत के मजरा कोतुपुर पटिया में हुआ था हादसा

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

अमृत विचार। क्षेत्र के भौली ग्राम पंचायत के मजरा कोतुपुर पटिया गांव में नाव डूबने से 6 लोगों की मौत हो गई थी। गुरुवार को शव मिलने के बाद सभी का पोस्टमार्टम कराने के बाद नम आंखों से अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्र के मनकी कला गांव निवासी बृजरानी व लव्यांश का गुरुवार को शाम 6:30 बजे यमुना तट पर अंतिम संस्कार किया गया। मृतका बृजरानी का ग्राम पंचायत बेरी के मजरा बरौली गांव मायका था। उसकी शादी अपने जीजा पप्पू के साथ 10 वर्ष पूर्व उसकी बड़ी बहन की प्रसव के दौरान मौत होने के बाद हुई थी। जिसके एक पुत्र व दो पुत्री थी। घर का इकलौता चिराग लव्यांश था। बृजरानी ने लव्यांश को बचाने के लिए नाव से छलांग लगा दी। लेकिन न बच्चे को बचा सकी और न स्वयं को।

वहीं कोतुपुर पटिया गांव निवासी रानी पुत्री बच्चन का अंतिम संस्कार यमुना नदी के किनारे शुक्रवार की सुबह 8:25 बजे किया गया। वही जलाला गांव निवासी आकांक्षा पुत्री हेतराम का अंतिम संस्कार शुक्रवार की सुबह 7:10 पर यमुना नदी के किनारे किया गया। जबकि घाटमपुर निवासी आदित्य व अर्चना का शव परिजन पैतृक गांव घाटमपुर ले गए। वही उनका अंतिम संस्कार हुआ, दोनों चचेरे भाई-बहन एक ही विद्यालय में पढ़ते थे।


मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचा सपा प्रतिनिधि मंडल। अमृत विचार

### सपा नेता पहुंचे गांव, व्यक्त की संवेदना

कुरारा (हमीरपुर)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ग्राम पंचायत भौली के मजरा कोतुपुर पहुंच कर यमुना नदी में नाव पलटने से डूब कर मरने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य पूर्व राज्यसभा सांसद विशंभर निषाद ने शोकाकुल परिजनों से कहा कि पार्टी इस अपार दु:ख की घड़ी में आप लोगों के साथ है। प्रतिनिधि मंडल में महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रुक्मिणी देवी निषाद, जिलाध्यक्ष इदरीश खान, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य माया बाल्मीकि, राम प्रकाश प्रजापति, राजबहादुर पाल, शुभकरण सिंह परिहार, अरुण सिंह यादव शामिल रहे। इस मौके पर रामकरण निषाद, भौली प्रधान अनुज यादव, वर्षा नामदेव, अनार सिंह यादव, सलीम सिद्दीकी, नीलम निषाद आदि मौजूद रहे।

### हादसों में आधा दर्जन लोग घायल, दो रेफर

मौदहा (हमीरपुर)। नगर समेत क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं छह से ज्यादा लोग घायल हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढ़ोरी के मजरा डीहा डेरा निवासी दीपक (22) पुत्र राममिलन व नवनीत (21) पुत्र राकेश गुरुवार की शाम कस्बे से बाइक द्वारा अपने गांव लौट रहे थे। तभी सिसोलर मार्ग पर ग्राम पढ़ोरी के निकट संतुलन बिगड़ने से दोनों बाइक सवार बाइक समेत सड़क पर गिर घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने दीपक की हालत चिंताजनक देखा उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया। इसी प्रकार ग्राम गहरौली खुर्द निवासी नाथूराम (40) पुत्र बच्ची लाल गुरुवार की देर रात बाइक से कस्बे से एक निमंत्रण कर गांव लौट रहा था। पढ़ोरी व गहरौली मार्ग पर संतुलन बिगड़ने से गिरकर घायल हो गया। वहीं रमेश (55) पुत्र मैयादीन निवासी मौदहा व नरेंद्र (38) पुत्र रघुवीर निवासी छानी खुर्द व बांधुर निवासी विनोद (40) पुत्र लक्ष्मी राम अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में घायल हो गए।

# अनियंत्रित कार ने स्कूटी व बाइक सवारों को मारी टक्कर, पांच घायल

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)


घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार। राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर शुक्रवार शाम इंगोहटा के पास एक अनियंत्रित मारुति कार ने स्कूटी और बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में ग्राम पंचायत सचिव समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा भेजा गया है। कानपुर निवासी लोग एक मारुति कार से सिसोलर गांव में आयोजित शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। सुमेरपुर पहुंचने के बाद कार चालक कानपुर की बजाय महोबा की तरफ मुड़ गया। इंगोहटा बस स्टैंड के पास पहुंचते ही कार अनियंत्रित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार कार ने सबसे पहले स्कूटी सवार सुमेरपुर कस्बा निवासी पंचायत सचिव नसीम खान को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी उछलकर पास से गुजर रही बाइकों से जा टकराई। इस हादसे में इंगोहटा निवासी मानसिंह, विकास और लल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में कार चालक सुधीर सिंह को भी चोटें आई हैं, जबकि कार में सवार अन्य लोग बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

### बाइक सवार डिवाइडर से टकराए, दो घायल

कुरारा (हमीरपुर)। थानाक्षेत्र के डामर गांव के पास हमीरपुर कालपी हाईवे पर बाइक डिवाइडर से टकराने पर दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। मौदहा तहसील क्षेत्र के भैंस्ता गांव निवासी संदीप (21) पुत्र सीताराम बृहस्पतिवार की शाम 7 बजे बाइक से अपने साथी राहुल (21) पुत्र रामवरण निवासी परछट के साथ कदौरा की तरफ जा रहे थे। तभी डामर गांव के पास कालपी हमीरपुर हाईवे पर बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे दोनों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों घायलों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### चटनी न पीसने पर वृद्ध ने खाया जहर, मौत

मौदहा (हमीरपुर)। कस्बे के कुम्हारौड़ा मोहल्ले में नशे की हालत में नाबालिग नातिन से मामूली कहा सुनी के बाद 60 वर्षीय वृद्ध ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। कस्बे के कुम्हारौड़ा निवासी वरदानी 60 पुत्र समलिया नशे का आदी बताया था। मृतक की पत्नी सुदामा ने बताया कि गुरुवार की शाम वह नशे की हालत में घर पहुंचा और अपनी नातिन से चटनी पीसने को कहा। नातिन के मना करने पर वह नाराज हो गया और जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे तुरंत कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होते देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।


वनदानी की फाइल फोटो।

# छत से गिरकर युवक की चली गई जान


- खालेपुरा का गांव का मामला, छत पर सो रहा था युवक

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। शहर के खालेपुरा मोहल्ले में छत पर सो रहे युवक की गिरने से मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद उसके तीनों बच्चे मामा के पास रहते हैं। वह घर में अकेले ही रहता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। खालेपुरा मोहल्ला निवासी ओमप्रकाश निषाद (45) रोज की तरह गुरुवार रात अपने मकान की छत पर सोने गया। रात में लघुशंका के लिए जैसे ही उठकर छत के किनारे पहुंचा तभी शरीर का संतुलन बिगड़ने से नीचे आ गिरा। गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। दूसरे मकान पर रह रहे मृतक के भाई राकेश ने बताया कि उनकी भाभी प्रियंका की करीब पांच साल पहले मौत हो चुकी है। इनके तीन बच्चे आनंद (9), चुन्नू (7) व बेटी कली (6) अपने मामा के साथ रहते हैं। घर पर उसका भाई ही रहता था।

### छत से गिरकर दो लोग घायल, भर्ती

मौदहा (हमीरपुर)। क्षेत्र में छत से गिरने की अलग-अलग घटनाओं में एक वृद्ध समेत दो घायलों को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी भगवान दीन (62) पुत्र सिद्दा गुरुवार की रात अपने घर की छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया इसी प्रकार ग्राम गुरदहा निवासी विनोद गोपाल (37) पुत्र मदनपाल भी गुरुवार की रात अपने घर की छत से नीचे गिर गंभीर रूप से घायल हो गया जिस पर दोनों घायलों के परिजनों ने उन्हें लहुलुहान हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया जहां इलाज के बाद दोनों घायलों की हालत में सुधार है।


सोलर प्लांट की आंधी से टूटी प्लेटें। अमृत विचार

### आंधी-पानी में सोलरपंप की प्लेटें हुईं क्षतिग्रस्त

हमीरपुर। बीते पांच मई को आई तेज आंधी तूफान में सिंचाई के नलकूप के लिए लगा दस किलो वाट के सोलर प्लांट की प्लेटें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जिससे किसान का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने कृषि विभाग से क्षतिग्रस्त प्लेटों के स्थान पर दूसरी प्लेटे लगवाने की मांग की है। सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र के बरदहा गांव निवासी पूर्व प्रधान सुरेश कुमार ने उप कृषि निदेशक को पत्र लिखा है।

### युवक कुएं में गिरा

मौदहा (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढ़ोरी के मजरा डीहा डेरा में निवासी जय किशोर निषाद की भतीजी का द्वाराचार का कार्यक्रम गुरुवार की देर रात चल रहा था। जिसकी बारात जसपुरा थाने के ग्राम नादादेव गांव से आई थी। इसी गांव निवासी कमलेश (35) पुत्र अज्ञात बारात में आतिशबाजी छुटाने के लिए गोला बारूद लेकर आया हुआ था। द्वारचार के समय बारात के आगे उसने वह गोला छूटाने के बाद दूर भागने लगा। तभी अंधेरा होने के चलते वह हड़बड़ाहट में भूपट कुएं में जा गिरा।


सहायिका को नियुक्ति पत्र देतीं विधायक मनीषा अनुरागी।

### सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए

गोहांड (हमीरपुर)। ब्लॉक सभागार में बाल विकास परियोजना में नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किए गए। मुख्य अतिथि राठ विधायक मनीषा अनुरागी व नगर पालिका अध्यक्ष अनीता राजपूत रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता व शिखा रही। मुख्य अतिथि ने रजनी तिवारी को उनकी सेवाओं के लिए शॉल ओढ़ाकर एवं रामायण भेंट कर सम्मानित किया। इटैलिया बाजा की गर्भवती प्रियंका की गोद भराई की गई। कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति भिलवार ने किया।

## गैंग के युवक को लगी गोली, पुलिस ने हिरासत में लिया

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे में सक्रिय एके 47 गैंग के सरगना रामजी सिंह के दाहिने हाथ कहे जाने वाले पंकज विश्वकर्मा को संदिग्ध हालत में बाएं हाथ की हथेली में गोली लग गई। रात 12:10 बजे उसको उपचार के लिए पीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया।

पुराने स्टेट बैंक के सामने रहने वाला पंकज विश्वकर्मा कस्बे में सक्रिय एके 47 गैंग के सरगना रामजी सिंह का दाहिना हाथ माना जाता है। दोनों के खिलाफ कई मुकदमे थाने में दर्ज हैं। गुरुवार की रात करीब 11:30 बजे इसे बड़ी पुलिया के समीप संदिग्ध हालत में बाएं हाथ की हथेली में गोली लग गई। गोली किसने मारी यह कोई नहीं बता रहा है। रात 12:10 बजे कस्बे के सुमित निगम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां डॉ. शशांक सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में रात में ही इसको कानपुर रेफर कर दिया गया। पंकज विश्वकर्मा की बहन नंदिनी ने बताया कि भाई को सुबह पुलिस कानपुर से अपने साथ सुमेरपुर लेकर लौट आई और परिजनों से नहीं मिलने दे रही हैं। उधर थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि घटना के बारे में कुछ भी मालूम नहीं है। सीओ सदर राजेश कमल ने बताया कि गैंग के पंकज विश्वकर्मा ने रात में शराब के नशे में खुद ही गोली मारी है।


पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी मृगांक शेखर। अमृत विचार

## एसपी ने परेड व पुलिस लाइन का किया दौरा

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। साथ ही अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई। इसके बाद पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड के निरीक्षण के दौरान शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। साथ ही यूपी 112 पीआरवी चार पहिया वाहनों, दंगा नियंत्रण उपकरण व अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस लाइन पहुंचकर क्वार्टर गार्ड में सलामी लेकर शस्त्रागार व स्टोर रूम का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन आदेश कक्ष में ओआर कर संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण कर तथा विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे।

कामयाबी

अप्रैल 2026 की रैंकिंग में तहसील को मिले 100 में 100 अंक

# शिकायत निस्तारण में मौदहा तहसील प्रदेश में अव्वल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


कार्यालय में बैठे एसडीएम व तहसीलदार। अमृत विचार

अमृत विचार। जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में तहसील ने प्रदेश स्तर पर पहला स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की अप्रैल 2026 की रैंकिंग में तहसील मौदहा ने 100 में 100 अंक प्राप्त कर प्रदेश की करीब 351 तहसीलों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

तहसील प्रशासन के अनुसार लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। फरवरी माह में तहसील को 96 अंक मिले थे, जबकि मार्च में यह बढ़कर 98 हो गए। अप्रैल में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अप्रैल माह में तहसील स्तर पर कुल 86 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें अधिकांश शिकायतकर्ताओं ने निस्तारण पर संतोष जताया। सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया गया और कोई भी मामला डिफॉल्ट श्रेणी में नहीं पहुंचा।

उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने बताया कि आईजीआरएस रैंकिंग शिकायतों की समयबद्ध सुनवाई, शिकायतकर्ता की संतुष्टि, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और नियमित मॉनिटरिंग जैसे मानकों पर आधारित होती है। प्रत्येक शिकायत को एक दिन के भीतर संबंधित अधिकारी को मार्क कर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। साथ ही शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर फीडबैक भी लिया गया, जिससे निस्तारण की गुणवत्ता में सुधार हुआ। तहसीलदार शेखर मिश्रा ने बताया कि शिकायत प्राप्त होते ही उसे पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित लेखपाल को जांच के लिए भेज दिया जाता है। यदि रिपोर्ट संतोषजनक नहीं होती तो पुनः जांच कराई जाती है। कई मामलों में आवेदन और वास्तविक स्थिति में अंतर पाया जाता है, इसलिए मौके पर जाकर सत्यापन के बाद ही कार्रवाई की जाती है।


कलश यात्रा में सिर में कलश रखकर जाती युवतियां। अमृत विचार

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

मौदहा (हमीरपुर)। क्षेत्र के ग्राम करहिया के महेश्वरी देवी मंदिर में प्रांगण श्रीमद्भागवत महापुराण का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि विधान से श्री गणेश पूजन के साथ हुई। इसके बाद कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें परीक्षित बिन्दी देवी व सुक्खी प्रजापति सिर पर पवित्र पोथी रखकर सबसे आगे चल रहे थे। यात्रा में शामिल श्रद्धालु हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस अवसर पर कथा वाचक राधिका द्विवेदी ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया। आयोजकों के अनुसार कथा का आयोजन आठ मई से 15 मई तक चलेगा। जबकि 16 मई को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन शाम तीन बजे से पांच बजे तक चलेगी। समापन अवसर पर हवन, पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

### शराबियों की जमावड़े से लोग परेशान

**महोबा।** रोडवेज के सामने चरखारी वाईपास को जोड़ने वाली गली में शराब ठेके के पास शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों और इस मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। शराबियों की छींटाकसी और नशे में धुत होने के कारण लोगों में खासा आक्रोश है। यहां के बाशिंदों ने कई बार कोतवाली में शिकायती पत्र दिया, इसके बाद भी आज तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। शराबी नशे में धुत होने के कारण अक्सर सड़क किनारे पड़े रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता है।

### बच्चे ने खाई चूहे मार दवा, भर्ती

महोबा। सदर कोतवाली के रामनगर में पांच वर्षीय बच्चे ने दूध का पाउडर समझकर चूहा मार का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन बच्चे को आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने उपचार करते हुए बच्चे की जान पर बन आई। रामनगर निवासी फूल सिंह के पांच वर्षीय पुत्र आशीष ने गलती से चूहा मार दवा का सेवन कर लिया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए, परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉ. नवीन चैहान ने फौरन उपचार शुरू किया। उपचार के बाद बच्चे की हालत में सुधार बताया जा रहा है। डॉक्टरों ने अभिभावकों को सलाह दी है कि वे जहरीले पदार्थों को बच्चों की पहुंच से दूर रखें जिससे ऐसी गंभीर घटनाओं से बचा जा सके।

### 72 घंटे बाद भी बिजली व्यवस्था अस्त-व्यस्त

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को आए चक्रवाती तूफान के 72 घंटे बीतने के बाद भी यहां की बिजली आपूर्ति अस्त-व्यस्त बनी हुई है। वहीं कस्बे में पेयजल आपूर्ति के लिए नगरपालिका ने एक दर्जन टैंकर लगाए हैं। मंगलवार को आए चक्रवाती तूफान से लगभग तीन सैकड़ा बिजली के पोल धराशाई हो गए थे। जिसके चलते कस्बा सहित समूचा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया था। हालांकि लगभग तीस घंटे बाद कस्बा की बिजली आपूर्ति बहाल हुई, लेकिन कई मोहल्लों और गांवों में बहत्तर घंटे बाद भी बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई है। क्षेत्र के गांव बिहरका में शुक्रवार शाम तक बिजली आपूर्ति ठप पड़ी है। इसके अलावा गांव गुरदहा में आधे गांव में बिजली की आपूर्ति अभी तक बहाल नहीं हो सकी है। कस्बे में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण चरमराई पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को देखते हुए नगर पालिका ने अलग-अलग मोहल्लों के लिए एक दर्जन टैंकर लगाए हैं। एसडीओ विद्युत एके वर्मा का कहना है कि इस तूफान में लगभग तीन सौ पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं जिनको बदलने के लिए विद्युत विभाग की दो टीमें तथा दो ठेकेदार सहित तीन दर्जन कर्मचारी दिन रात जुटे हुए हैं।

### 12 को होगा रोजगार मेले का आयोजन

**कानपुर देहात।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश मिशन रोजगार अभियान के अंर्तगत जिला सेवायोजन कार्यालय, कानपुर देहात द्वारा पुरूष बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए दि इंडिया थर्मिट कॉर्पोरेशन लिमिटेड कानपुर नगर द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन कार्यालय परिसर में किया जाएगा।

# रेलवे ने बिना टिकट यात्रा करने वालों से वसूले 1.25 लाख

कार्यालय संवाददाता, महोबा



अभियान के दौरान चेकिंग करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रेलवे विभाग ने स्टेशन पर बिना टिकट घूमने व बिना टिकट यात्रा करने वालों पर कार्रवाई की है। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के निर्देश पर रेलवे स्टेशन महोबा में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चला कर 1.25 लाख रुपये वसूल किए है। इस दौरान प्लेटफॉर्म टिकट की जांच होने पर लोगों में हड़कंप मच गया।

स्टेशन पहुंची टीम ने अभियान के दौरान यात्रियों और रेलवे स्टेशन में घूमने वाले लोगों के टिकट चेक किया। साथ ही स्टेशन पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं और सुरक्षा के बावत निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। चेकिंग अभियान चलाए जाने से बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों में दहशत का माहौल बना रहा। रेलवे स्टेशन में वाणिज्य प्रबंधक ने टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाते हुए बिना टिकट यात्रा, अवैध वेंडर, अनबुक्ड

**208** यात्रियों व घूमने वालों पर कार्रवाई

लगेज और अनारक्षित टिकट लेकर आरक्षित कोचों में यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया।

अभियान के दौरान कुल 208 यात्री विभिन्न अनियमितताओं में पकड़े गए, जिनसे लगभग 1,25,065 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। टीम ने रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधाओं के बारे निरीक्षक कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि इस सघन कार्रवाई से न केवल रेलवे राजस्व में वृद्धि होगी बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें सीख दी जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने में टिकट चेकिंग स्टाफ में अब्दुल अजीज, गौरव सिंह, नंदकिशोर, विनय श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार दुबे, कुलदीप श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। उन्होंने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि वे सदैव वैध टिकट के साथ यात्रा करें, अनबुक्ड लगेज न ले जाएं और आरक्षित श्रेणी में केवल वैध आरक्षण के साथ ही यात्रा करें। जिससे यात्रा सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनी रहे।

# गुमशुदा बच्चों के प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करें

**महोबा।** रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के आदेश और अपर पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की मासिक बैठक की गई।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गुमशुदा बच्चों से संबंधित प्रकरणों में त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मेडिकल परीक्षण, बयान व सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया समयबद्ध एवं विधिसम्मत रूप से पूर्ण की जाए साथ ही पॉक्सो एक्ट, बंधुआ मजदूरी एवं अनैतिक देह व्यापार से संबंधित मामलों में कठोर एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला बाल कल्याण समिति, चाइल्ड लाइन, श्रम विभाग, सखी वन स्टॉप सेंटर, जिला प्रोबेशन कार्यालय, जीआरपी, किशोर न्याय बोर्ड, स्वास्थ्य विभाग, अभियोजन कार्यालय के प्रतिनिधियों सहित प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, प्रभारी एसजेपीयू, प्रभारी महिला थाना आदि मौजूद रहे।

# तालाब में नहाने गया युवक डूबा, तलाश में जुटे गोताखोर

## दिसरापुर गांव में बने तालाब का मामला, युवक दोस्तों के साथ गया था नहाने

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर से करीब पांच किमी. दूर दिसरापुर गांव में बने तालाब में नहाने गया युवक गहरे पानी में डूब कर लापता हो गया। तालाब में नहाने से पूर्व उसने अपने भांजे को मोबाइल देकर फोटो खिंचवाई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की टीम के साथ तालाब में डूबे युवक की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। वहीं परिजन व ग्रामीण तालाब किनारे मायूस बैठे रहे।



राममिलन।



तालाब किराने जुटी भीड़। अमृत विचार

यूपी-एमपी सरहद के जिला छतरपुर के झिझन गांव निवासी राममिलन (23) अपनी फुफेरी बहन के घर आयोजित भागवत कथा में शामिल होने सदर कोतवाली के दिसरापुर गांव आया था। राममिलन अपने भांजे सत्यम और आठ अन्य साथियों के साथ केंद्रीय विद्यालय के समीप बने तालाब में नहाने गया। तालाब में उतरने से पहले उसने अपने भांजे से अपनी एक तस्वीर भी खिंचवाई। भांजे सत्यम ने बताया कि सभी दोस्त एक साथ नहा रहे थे और मामा एक बार तालाब में नहाकर वापस आ गए थे और अन्य साथी किनारे पर बैठकर शैंपू और साबुन लगा रहे थे, तभी मामा ने अचानक दोबारा पानी में छलांग लगा दी। सत्यम ने उसे आवाज दी, जिस पर उसने दो मिनट में आने की बात कही और तैरते हुए आगे की ओ चले गए लेकिन इसके बाद वह पानी की सतह पर दोबारा नजर नहीं आए। कुछ देर बाद नहा रहे साथियों ने काफी तलाश की, लेकिन राम मिलन का कोई सुराग नहीं लगा और धीरे-धीरे घटना परिजनों सहित गांव में फैल गई, जिससे घटना स्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली प्रभारी मनीष पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की गई।

हालांकि, परिजनों ने बचाव कार्य में देरी का आरोप लगाया है। राम मिलन के पिता गोपी प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा पल्लेदारी का काम कर घर चलाता था। घटना को कई घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन 30 फीट गहरे पानी और बड़े दायरे के कारण युवक का अभी तक पता नहीं चल पाया है। फिलहाल, स्थानीय गोताखोर ट्यूब, जाल और अन्य संसाधनों के जरिए तलाश में जुटे हैं, जबकि किनारे पर खड़े परिजन और ग्रामीण युवक के वापस आने की आस लगाए हुए हैं।

# चोरी का ट्रैक्टर ले जाते 3 आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा चरखारी के रायनपुर मोहल्ले से 30 अप्रैल को घर के बाहर खड़े एक ट्रैक्टर को अज्ञात चोर मय ट्राली के चोरी कर ले गए थे। ट्रैक्टर स्वामी की तहरीर पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चोरों की धरपकड़ के लिए जिला स्वॉट व सर्विलांश के साथ थाना चरखारी पुलिस टीम की एक टीम गठित की गई। गुरुवार की रात चेकिंग के दौरान चोरी गए ट्रैक्टर पर सवार कुछ लोगों ने पुलिस को देखकर तमंचे से फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने फायरिंग करते हुए तीन लोगों को पकड़ा, जिसमें से दो के पैर में गोली लगने से घायल हो गए।

एसपी शशांक सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी, जनपदीय स्वॉट और सर्विलांश के साथ पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों ने घटना के संबंध में



मुठभेड़ के बाद आरोपियों को ले जाती पुलिस टीम। अमृत विचार

- पुलिस की गोली से दो आरोपी जख्मी, अस्पताल में भर्ती

वैज्ञानिक साक्ष्यों व मुखबिर तंत्र की सूचना के आधार पर गुरुवार की रात पुलिस टीम वाहन की तलाशी एवं अपराध नियंत्रण के लिए चेकिंग अभियान चलाया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने गौरहारी व भटेवरा कलां गांव के बीच स्थित टूटी पुलिया के पास घेराबंदी की। कुछ समय बाद ट्रैक्टर मय ट्रॉली के आती दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर बदमाश ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगे और पुलिस टीम पर तमंचों से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें गजेन्द्र बघेल (33) पुत्र पानसिंह व रंजीत बघेल (21) पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासीगण ग्राम गौसपुर थाना सरायछोला जनपद मुरैना मप्र. गोली लगने से घायल होकर पकड़े गए। जबकि तीसरा आरोपी रविंद्र बघेल (26) निवासी निवासी सिद्धनगर कॉलोनी थाना कोतवाली मुरैना मप्र. को भी पुलिस ने पकड़ लिया। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी चरखारी भेजा गया। जहां से बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# 18 मतों जीत कर गयादीन फिर से बने कालपी बार एसो. अध्यक्ष

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** शुक्रवार को हुए चुनाव में गयादीन अहिरवार फिर से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने। उन्होंने 18 मतों अवधेश सिंह सोलंकी को चुनाव हराकर जीत हासिल की है।

विगत कई दिनों से तहसील में अधिवक्ता एसोसिएशन में चुनावी गतिविधियां चल रही थीं, जिसमे अध्यक्ष पद को छोड़कर सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया था। इसलिए इस पद के लिए ग्यादीन अहिरवार और अवधेश सिंह सोलंकी में चुनाव होना था इसके लिए विगत कई दिनों से अधिक मत हासिल करने के लिए जोर आजमाईश चल रही थी। शुक्रवार को चुनाव अधिकारी जयवीर सिंह यादव के नेतृत्व में चुनाव कराया गया। चुनाव प्रक्रिया में कुल 122 अधिवक्ताओं ने अपना वोट डाला, जिसमें गयादीन अहिरवार को 69 और अवधेश सिंह सोलंकी को 51 मत प्राप्त हुए। अंत में मतगणना के समापन पर ग्यादीन अहिरवार को 18 मतों से विजयी घोषित किया गया। इससे पहले भी ग्यादीन अहिरवार दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं।



निवार्चित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। अमृत विचार

# गांव स्तर पर मिलेंगी खेल सुविधाएं



खेल मैदान कार्य का निरीक्षण करतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- ग्राम पसवारा में निर्माणाधीन खेल मैदान का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत पसवारा में निर्माणाधीन खेल मैदान, बैडमिंटन एवं बास्केटबॉल कोर्ट के कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाने के कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने सामग्री की गुणवत्ता, जमीन के समतलीकरण, ड्रेनेज और कोर्ट के मानक आकारों की भी जांच की।इसके साथ ही उन्होंने निर्माण स्थल पर मौजूद इंजीनियरों एवं ठेकेदारों से कार्य की गति बढ़ाने और दैनिक प्रगति कार्य बढ़ाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि खेल सुविधाओं का विकास युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बैडमिंटन, बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण निर्धारित समय पर पूर्ण कर खेल प्रेमियों के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को गांव स्तर पर भी खेल सुविधाएं मिल सके।

# ट्रांसफार्मर में आग लगने से हड़कंप पुलिस और दमकल ने पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अजनर के पुराने होलिका दहन का मामला, रातभर गुल रही बिजली



जलता ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुराने होलिका दहन स्थल अजनर में रखे ट्रांसफार्मर में गुरुवार की रात अचानक शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे ट्रांसफार्मर के चारों तरफ धुएं के साथ फैल गई। आवाज और धुआं देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने शटडाउन कराकर बिजली बंद कराई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रांसफार्मर और उसमें लगे तार पूरी तरह जल गए। आग पर काबू पाए जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

अजनर कस्बे में गुरुवार की देर रात पुराने होलिका दहन स्थल में रखे ट्रांसफार्मर से तेज आवाजें आने लगीं, जिसके बाद अचानक उसमें आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में ट्रांसफार्मर धू-धूकर जलने लगा। स्थानीय लोग घर से बाहर निकले थाना अजनर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजनर सुभाष चन्द्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग के उग्र रूप के चलते पुलिस टीम काबू नहीं पा सकी और स्थिति गंभीर होते देख फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोग किसी बड़े हादसे की आशंका से सहमे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग आसपास के मकानों तक पहुंच सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने से इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे आधे गांव में अंधेरा छाया रहा। बिजली गुल होने से लोगों को रात भर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामले में विद्युत विभाग के जेई हरगोबिंद ने बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने के कारणों की जांच कराई जा रही है। प्रारंभिक तौर पर ओवर लोडिंग व तकनीकी खराबी की आशंकाहै। ट्रांसफार्मर के आसपास अतिक्रमण है, जिससे खतरा और बढ़ा था।

जानी समस्याएं | मंडलायुक्त ने उप जिलाधिकारियों को जन चौपाल के दिए थे निर्देश

# चौपाल में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** शासन की ग्राम सन्तृप्तिकरण योजना के तहत शुक्रवार को महेवा ब्लॉक क्षेत्र के दहेलखण्ड तथा कदौरा ब्लॉक के भदरेखी मे जन चौपाल का आयोजन हुआ। इसमें ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

गत दिनों मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने सभी उप जिलाधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र में जन चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए थे। इसी के चलते शुक्रवार को एस डी एम मनोज कुमार सिंह की अगुआई में महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम दहेलखण्ड में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को निर्धन परिवारों को सन्तृप्ति करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि शादी अनुदान के साथ विधवाओं के कल्याण के लिए शासन ने विभिन्न योजनाए चला रखी हैं।





चौपाल में ग्रामीणों को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

लेकिन जानकारी न होने के अभाव में इसका लाभ पात्रों को नहीं मिल पा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गांव में संचालित आवास, पेंशन तथा अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

साथ ही वहां पर मौजूद ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव को हिदायत देते हुए कहा कि गर्मी का मौसम चल रहा है ऐसे में हैण्डपम्प खराब नहीं रहने चाहिए साथ ही उन्होंने गौशाला और सफाई व्यवस्था भी परखी। वहीं कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के भदरेखी गांव में नायब तहसीलदार मुकेश कुमार ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर 29 विभागों द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में सभी विभागों के जिम्मेदारों के अलावा ग्राम प्रधान और तमाम ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# अब पुराने पुल पर बनेगी आरसीसी की रेलिंग

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** पुराने पुल की रेलिंग दुरुस्त होने मे अभी वक्त लगेगा। एनएचएआई अब लोहे की जगह सी सी रेलिंग बनाएगा। ताकि वाहनों की टक्कर के दौरान उसका कुछ न बिगड़े।

यमुना नदी स्थित पुराने पुल को चार दशक से अधिक समय हो गया है, जिससे उसकी रेलिंग कई जगह से टूटने के साथ उखड भी गयी है। इसके अलावा कई जगहों पर बिलकुल ही अलग हो गई है। लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण अब उसे दुरुस्त नहीं कराना चाह रहा है। प्राधिकरण के सूत्रों के माने तो फोरलेन की जगह सिक्स लेन की प्रक्रिया शुरू



हो गई है, जिसके चलते पुराने पुल की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है। हालांकि अभी इसके नीचे बैरिंग आदि बदली या फिर उनको सही किया जा रहा है, जिसमे अभी वक्त लगेगा और इसी के बाद पुल की रेलिंग का निर्माण शुरू होगा और लोहे की जगह अब इसे नये पुल की तरह सीसी बनाया जाएगा। परियोजना के जिम्मेदार उत्तम सिंह की मानें तो कुछ दिनों में पुल की व्यवस्था तो दुरुस्त होगी


**कार्यालय नगर पंचायत गोहाण्ड-हमीरपुर**

पत्रांकः 110 / न0पं0 गो0 / सामान्य (2026-27) दिनांक-08/05/2026

पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत प्रकाशन

म्यूटेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रुकसार पत्नी रहमान निवासी मुहल्ला विवेकानन्द नगर कस्बा गोहाण्ड जनपद हमीरपुर ने दिनांक 06.05.2026 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया है कि मेरे द्वारा नगर पंचायत गोहाण्ड में भवन संख्या 433 को प्रार्थिया मधु देवी पत्नी लालदिमान निवासी मुहल्ला विवेकानन्द नगर गोहाण्ड से रजिस्ट्री क्रय कर लिया गया है। उक्त भवन संख्या 433 से मधु देवी पत्नी लालदिमान निवासी मुहल्ला विवेकानन्द नगर गोहाण्ड का नाम खारिज करके उक्त भवन पर प्रार्थी का नाम दर्ज किया जाये।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत गोहाण्ड में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि गुजर जाने के बाद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और नगर पंचायत गोहाण्ड के अभिलेखों में वार्ड नं0 05 विवेकानन्द नगर में स्थित भवन संख्या 433 से मधु देवी पत्नी लालदिमान निवासी मुहल्ला विवेकानन्द नगर गोहाण्डे का नाम खारिज करके आवेदक का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत गोहाण्ड हमीरपुर

# पिकअप और ट्रक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत व दो घायल

## पिकअप पर डीजे ले जा रहे थे दोनों, बारात से वापस आते समय हुआ हादसा

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** विकास खंड रामनगर के मैकी मोड़ पर पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार सुबह पिकअप और ट्रक की आमने सामने टक्कर में पिकअप चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ये लोग पिकअप पर डीजे लादकर बारात से वापस लौट रहे थे। घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, रैपुरा थाना क्षेत्र के देवरा गांव निवासी कमलेश (40) पुत्र देवराज बारात आदि समारोह में डीजे बजाने का धंधा करता था। गुरुवार को वह राजकुमार (32) पुत्र भूपत निवासी ग्राम छिवलहा थाना मऊ की पिकअप को किराये में लेकर किसी बारात में गया था। उसके साथ उसी के गांव के दो अन्य सहयोगी रामचंद्र (22) पुत्र लल्लू और ललित (20) पुत्र चंदन भी थे। शुक्रवार को सुबह वापस लौटते समय लगभग छह बजे मैकी मोड़ के पेट्रोल पंप के पास कर्वी की ओर जा रहे लोडेड ट्रक से सीधी टक्कर हो गई, जिसमें पिकअप का मालिक, जो खुद वाहन चला रहा था राजकुमार व रामचंद्र की मौत हो गई। कमलेश और ललित गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप के परखच्चे उड़ गए, जबकि ट्रक भी आगे से काफी क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों वाहन सड़क के दोनों किनारों पर जा गिरे। पिकअप एक गड्ढे में जा धसा, जिसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रक के चालक और क्लीनर घटना के बाद मौके से भाग निकले। दुर्घटना की सूचना पर रैपुरा थाना प्रभारी राम सिंह सिपाहियों के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां चिकित्सकों ने राजकुमार और रामचंद्र की मौत की पुष्टि की और दो गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार कर उन्हें जिला अस्पताल चित्रकूट रिफर कर दिया। क्षेत्राधिकारी राजापुर राज कमल अस्पताल पहुंचे और घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। एसओ ने बताया कि ट्रक के नंबर से उसके मालिक और चालक का पता लगाया जा रहा है।



फंसे पिकअप को निकालते लोग। अमृत विचार


पलटा पड़ा ट्रक। अमृत विचार

### एक्सीडेंट जोन बनता जा रहा थाना क्षेत्र

रैपुरा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में हाल फिलहाल कई दुर्घटना हुईं। बीते माह के अंदर रैपुरा थाना क्षेत्र के इस एनएच मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो चुकी है। दो लोगों की बीते दिन बगरेही में ही सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। लगभग दस दिन पहले इसी मैकी मोड़ के पास बाइक सवार दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। पिछले वर्ष बारात लेकर जा रही एक वाहन के दुर्घटना होने से चार लोगों की मौत हुई थी।

## डीएम ने किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

**सीतापुर (चित्रकूट)।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने खोही परिक्रमा मार्ग स्थित रोपवे तथा लक्ष्मण पहाड़ी क्षेत्र का निरीक्षण किया। डीएम ने संयुक्त निदेशक पर्यटन से कहा कि रोपवे के अनुबंध की तिथि, शर्तें तथा प्रतिदिन होने वाली आय का विस्तृत विवरण शीघ्र प्रस्तुत किया जाए।

साथ ही रोपवे की समुचित देखरेख एवं संचालन सुनिश्चित करने तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था विकसित किए जाने के लिए वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। लक्ष्मण पहाड़ी में झूले आदि क्षतिग्रस्त अवस्था में देख डीएम ने संबंधित कार्यदायी संस्था से पत्राचार करने को निर्देशित किया। खोही परिक्रमा मार्ग स्थित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण करने पर वह तालाबंद पाया गया तथा आसपास गंदगी भी पाई गई। बताया गया कि शौचालय का हैंडओवर अभी तक नगर पालिका को नहीं किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शीघ्र ही सामुदायिक शौचालय नगर पालिका को हस्तांतरित किया जाए। निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पर्यटन स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ करें।


परिवारीजनों को ढांढस बंधाते लोग। अमृत विचार

## विद्यालय कर्मी के बेटे ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

- इकलौते बेटे की मौत से विधवा मां का हाल बेहाल

**अमृत विचार।** माध्यमिक विद्यालय की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इकलौते बेटे की मौत से विधवा मां का रो रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के मुताबिक, वार्ड नंबर नौ गयागंज निवासी प्रेम देवी रैकवार के इकलौते बेटे सोमनाथ (26) उर्फ नीरज रैकवार ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सभासद प्रतिनिधि चमन रैकवार ने बताया कि नीरज के पिता विजय कुमार रैकवार पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजापुर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। लगभग 10 वर्ष पूर्व लंबी बीमारी से उनकी मौत हो गई थी तब पत्नी प्रेम देवी को मृतक आश्रित कोटे से तैनाती मिली थी। शुक्रवार की सुबह वह विद्यालय में ड्यूटी करने गई थीं।


नीरज।

लगभग 10 बजे इकलौते पुत्र नीरज ने पंखे में रस्सी बांधकर आत्महत्या कर ली। बड़ी बहन ने जब दरवाजा खोला तो भाई को फांसी के फंदे पर लटके देख चीख पड़ी। पड़ोसियों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। चौकी प्रभारी रविंद्र कटिहार और पुलिसकर्मियों ने शव को फंदे से उतारा। युवक की छह बहनें हैं, जो सभी शादीशुदा हैं। प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है। युवक की आत्महत्या की वजह पता नहीं चल सकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइंस में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली। पुलिसकर्मियों को व्यायाम कराए गए। प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव को परेड में सुधार के लिए निर्देशित किया गया। एसपी ने वाहनों को ठीक कराने के निर्देश दिए। डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, बैरक, कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, का निरीक्षण किया।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट कार्यालय।** कोतवाली कर्वी की अपराध निरीक्षक सविता श्रीवास्तव ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना कोतवाली कर्वी क्षेत्र अंतर्गत निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नातिन के साथ गोपी द्विवेदी ने शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाए। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान कराए गए। शुक्रवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में आरक्षी मोहित कुमार, संजीव सोनी, विनीत पांडेय शामिल रहे।

### आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**चित्रकूट।** उपायुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजना के तहत आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इच्छुक लोग अपना आवेदन आनलाइन पोर्टल पर कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य ने दी योगाभ्यास की प्रेरणा

**चित्रकूट।** सदस्य राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा ने शुक्रवार को जिला कारागार रगौली का निरीक्षण किया। बाद में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय शिवरामपुर का भी दौरा किया। छात्राओं से बात की और भोजन आदि प्राप्त होने की जानकारी ली। पढ़ाई के साथ योगाभ्यास करने और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रोत्साहित किया। भारतपुर के प्रसिद्ध मंदिर परिसर में महिला जनसुनवाई व जन चौपाल कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं सुनीं। दो महिलाओं की गोद भराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।

### लघु फिल्म प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 30 जून

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा मानवाधिकार विषय पर लघु फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए क्रमशः दो लाख, एक लाख 50 हजार एवं एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। प्रविष्टियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जून है।

### बंगाल से लौटे आलोक का किया स्वागत

**चित्रकूट।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष आलोक पांडेय के बंगाल चुनाव अभियान से चित्रकूट आगमन पर भाजपाइयों ने स्वागत किया। आलोक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है, उसके लिए बंगाल को भी विकास की प्रक्रिया में भागीदार बनाना आवश्यक है। विजय आम जनमानस की विजय है। इस मौके पर भागवत त्रिपाठी, अखिलेश रैकवार, नीरज केशरवानी, अजय, पुष्पराज, प्रमेंद्र सिंह, ओम, सुशील, शिवेंद्र सिंह, अनूप, धीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### अपहरण की धमकी दी, रिपोर्ट दर्ज

**चित्रकूट।** कोतवाली अंतर्गत एक गांव निवासी छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसे प्रेम पुत्र शिवशरण ने गालीगलौज कर अपहरण करने की धमकी दी। उसने आरोप लगाया कि युवक ने धमकी दी कि तुम्हारे भाई को मारा है अब उसे भी उठा ले जाए। रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची मां को भी जान से मारने की धमकी दी।

### छेड़खानी और गालीगलौज का आरोप

**चित्रकूट।** सरधुआ थानांतर्गत गांव निवासी एक विवाहिता ने बलवीर सिंह पर गालीगलौज करने और छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि चिल्लाने पर पति के आने पर आरोपी भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


अतिक्रमणरोधी अभियान के तहत निर्देश देते उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन।

## अतिक्रमणरोधी अभियान चला पांच दुकानदारों का हुआ चालान

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

- बस स्टैंड एवं बाजार रोड पर सड़क से हटवाये अतिक्रमण
- अवैध चबूतरों को जेसीबी से ध्वस्त कराया गया

**अमृत विचार।** नगर पंचायत मऊ क्षेत्र में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान बस स्टैंड एवं बाजार रोड पर सड़क और नालियों के ऊपर किए गए कब्जे को हटवाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे लगे ठेले एवं दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। पांच दुकानदारों का चालान किया गया।

एसडीएम ने उन दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी, जिन्होंने अपनी दुकानें नालियों के बाहर तक फैला रखी थीं। उन्होंने निर्देश दिए कि दुकानों का सामान नालियों के भीतर ही रखा जाए ताकि यातायात बाधित न हो और लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने स्वयं ही अपना सामान हटा लिया, जबकि अवैध रूप से बने चबूतरों को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त किया गया। प्रशासन ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी कि दोबारा सड़क पर ठेले या दुकान लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा सामान जब्त कर लिया जाएगा। अभियान के तहत पांच दुकानदारों का चालान भी किया गया, जिन्होंने नालियों तक दुकानें लगा रखी थीं। प्रशासन ने सभी अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## अच्छे काम पर सम्मानित होंगे प्रधान, सचिव

**चित्रकूट।** जिला पंचायत राज अधिकारी देवेंद्र सिंह ने ग्राम प्रधानों, सचिवों, पंचायत सहायकों एवं सहायक विकास अधिकारियों से कहा है कि जनगणना के प्रथम चरण (मकान की गणना एवं सूचीकरण) 22 मई से 20 जून तक की अवधि से पूर्व सात मई से 21 मई तक नागरिकों द्वारा स्वयं गणना की जा सकती है, जो पोर्टल पर आनलाइन की जाएगी। बताया कि 11 मई तक जिस किसी ग्राम पंचायत के सभी परिवारों द्वारा स्वयं गणना करते हुए पोर्टल पर डाटा फीड किया जाता है तो ऐसी ग्राम पंचायतों के प्रधान, सचिव और पंचायत सहायक को सम्मानित किया जाएगा।

## अराजकतत्वों ने लगाई आग, दहेज का सामान राख

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट

**अमृत विचार।** अराजकतत्वों ने शादी वाले घर में आग लगा दी। इससे घर-गृहस्थी के साथ दहेज का सामान जलकर राख हो गया। समाजसेवियों ने किसी तरह मिल जुलकर शादी में सहयोग किया।

कस्बा निवासी गिरजा ने बताया कि उसकी पुत्री चुन्नी देवी की शादी सात मई को थी। बेटी को देने के लिए पलंग, आलमारी, कूलर आदि करीब एक लाख रुपये का सामान और मिठाई आदि बनवाकर एक दिन पूर्व पड़ोसी प्रकाश आरख के घर में रखवा दी थी। बुधवार रात अराजकतत्वों ने, जिस कमरे में सामान रखा था, उसकी ईंट हटाकर आग लगा दी। एक रिश्तेदार महिला ने आवाज लगाई और जबतक सब लोग एकत्रित हो कर आग पर काबू पाते दहेज का सामान आदि जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड से बेटी की शादी की चिंता हो गई। गिरजा ने मेहनत मजदूरी कर किसी तरह बिटिया की शादी के लिए रकम जोड़ी थी। वहीं अग्निपीड़ित परिवार की मदद को ग्राम प्रधान पहाड़ी बुजुर्ग रामनरेश, बसपा नेता राजेश रैकवार, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, अजयपाल पाटकर, रामप्रकाश नामदेव आदि समाजसेवी आगे आए और आर्थिक सहयोग किया।

## स्वगणना कर लोगों को दी जानकारी

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** नगर पंचायत सभागार में स्वगणना के दूसरे दिन शुक्रवार को उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव और नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने स्वयं स्वगणना की और कस्बे के नागरिकों को इस महा अभियान में सहभागिता की अपील की।


लोगों को स्वगणना के बारे में बताते उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि 2027 की जनगणना में मकान सूचीकरण, मकान गणना में स्वगणना के माध्यम से नागरिक अपने परिवार और सामाजिक विवरण को स्वयं दर्ज कर सकते हैं। इससे आंकड़ों की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। स्वगणना के लिए सात मई से 21 मई तक विशेष महा अभियान चलाया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि सभी सभासदों, नगर पंचायत कर्मचारियों को प्रचार की जिम्मेदारी दी गई।

**प्रशिक्षण** | आरसेटी में ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई प्रशिक्षण अभियान की हुई शुरूआत

## प्रशिक्षणार्थियों के उत्पादों को स्मृति चिह्न के रूप में दें

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** इंडियन बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में शुक्रवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और आकांक्षा समिति की अध्यक्ष चारु चांदवानी ने महिलाओं के लिए ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। डीएम ने सुझाव दिया कि प्रशिक्षणार्थियों के उत्पादों को कार्यक्रमों में स्मृति चिह्न के रूप में दिया जाए।


आरसेटी में प्रशिक्षण की शुरुआत के मौके पर प्रशिक्षणार्थियों और अन्य लोगों के साथ जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने संस्थान परिसर में पूर्व प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निर्मित उत्पादों को देखा। इनमें अगरबत्ती, धूपबत्ती, कास्ट्यूम ज्वेलरी, अचार-पापड़, डिटर्जेंट, सॉफ्ट टॉयज आदि प्रमुख रहे। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से हवन स्टैंड उत्पाद की सराहना की। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की आधारशिला है। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में विवाहित महिलाओं की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी एक ग्राम पंचायत से 10 महिलाएं सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं, तो वहां विशेष सिलाई केंद्र स्थापित किए जाने पर विचार किया जाएगा। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों के खान-पान, सुरक्षा एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा भोजन में प्रोटीनयुक्त आहार सम्मिलित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवार नियोजन के महत्व पर भी बल देते हुए छोटे एवं सुसंगठित परिवार की अवधारणा अपनाने की अपील की। आकांक्षा समिति अध्यक्ष ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सीखने की प्रक्रिया निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है तथा स्वरोजगार के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर जनपद एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। इस दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक, निदेशक आरसेटी आदि मौजूद रहे।

### युवा स्वरोजगार योजना की दी जानकारी

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की जानकारी दी। बताया कि योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध है। ऋण अदायगी के लिए चार वर्ष की समयावधि प्रदान की जाती है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार स्थापित करने की अपील की।

### परिसर में सोलर पैनल की स्थापना की जाए

जिलाधिकारी ने संस्थान की कंप्यूटर लैब, शयन कक्ष एवं मेस का निरीक्षण किया। विद्युत समस्या के स्थायी समाधान हेतु परिसर में सोलर पैनल स्थापित किए जाने को कहा। इसके लिए निदेशक आरसेटी को क्रिटिकल गैप फंड से बजट उपलब्ध कराने के लिए पत्राचार करने के निर्देश दिए। परिसर की स्वच्छता बनाए रखने तथा जर्जर कक्षों के रंगरोगन एवं मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए।


अमृत विचार
# क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो बेटे विपिन कुमार सिंह उम्र करीब 28 वर्ष एवं सचिन कुमार सिंह उम्र करीब 25 वर्ष हैं। बड़े बेटे विपिन कुमार सिंह का चाल चलन ठीक नहीं है। वह मेरे कहने सुनने में भी नहीं है। यदि किसी भी व्यक्ति से कोई लेनदेन, रजिस्ट्री बैनामा, रेहन अथवा झगड़ा विवाद इत्यादि करता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी विपिन कुमार सिंह की होगी। मुझसे कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। मैं अपने बड़े बेटे विपिन कुमार सिंह को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। मेरी किसी भी संपत्ति पर उसका कोई हस्तक्षेप अथवा अधिकार नहीं होगा। मैं उक्त सूचना खूब सोच विचार कर स्वस्थ चित्त मन से बिना किसी डर व दबाव के प्रकाशित करवा रहा हूं। **– भारत शरण सिंह, पुत्र श्री विजय कुमार सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट – खानपुर, थाना – खण्डासा, तहसील – मिल्कीपुर, जनपद – अयोध्या। मो. 8881448538**

**NOTICE**
My daughter Anjali Kumari's name has been mistakenly written as Anjali Roy on her 2024 high school marksheet (UID number 8192121), whereas her correct name is Anjali Kumari. She is known by this name and this is the name that appears on all her documents. - **Surendra Kumar, son of Santraj Paswan, resident of village Mahadev, Jharkhandi, Gorakhpur**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी विजय पंजवानी पुत्र शंकर लाल पंजवानी निवासी 83, मालवीय नगर, पुराना सीएमएस विद्यालय, गोंडा ने अपना नाम बदलकर विजय कुमार पंजवानी पुत्र शंकर लाल पंजवानी कर लिया है। भविष्य में प्रार्थी को विजय कुमार पंजवानी पुत्र शंकर लाल पंजवानी के नाम से जाना पहचाना जाए। **प्रार्थी विजय कुमार पंजवानी पुत्र शंकर लाल पंजवानी निवासी 83 मालवीय नगर पुराना सीएमएस विद्यालय गोंडा**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे हाई स्कूल का अंक पत्र, रोल no- 0019461और इंटरमीडिएट का अंक पत्र, रोल no-047417 , कहीं गुम हो गये हैं जिसे प्राप्त हो निम्न पते पर भेज दे। नीरज गर्ग A-105/106 SILVERLINE APARTMENT CHINHAT LUCKNOW 226028

**सूचना**
मैं संचित अग्रवाल, पुत्र श्री रवि अग्रवाल, सूचित करता हूँ कि मेरा मूल Allotment Cum Booking Application Letterए जो M/s RG Residency Pvt- Ltd- द्वारा दिनांक 23–05–2011 को जारी किया गया था, संबंधित लीज होल्ड यूनिट संख्या F-905, टावर–F, RG Residency, प्लॉट संख्या GH-02, सेक्टर–120, नोएडा (गौतम बुद्ध नगर), कहीं खो गया है। यदि किसी को इस संबंध में कोई दावा हो तो कृपया संपर्क करें। डुप्लिकेट दस्तावेज़ हेतु कार्यवाही की जाएगी। **नाम: संचित अग्रवाल मोबाइल नंबर–9532329553**

**सूचना**
ग्राम–सरेठी (जनपद–अयोध्या) स्थित भूमि की मूल विक्रय विलेख (Sale Deed), जो दिनांक 10/09/2021 को उप निबंधक कार्यालय, सदर अयोध्या में बही संख्या–1, जिल्द संख्या–9452, पृष्ठ संख्या 111 से 132, क्रमांक–9328 पर पंजीकृत है, खो गई है। उक्त विलेख के विक्रेता लवकुश, अभिराजी एवं सीमा तथा क्रेता हरिगोविंद हैं। इस मूल दस्तावेज के आधार पर किया गया कोई भी लेन–देन पूर्णतः अवैध माना जाएगा। यदि किसी को यह मूल विलेख प्राप्त हो, तो कृपया नीचे दिए पते पर वापस करें:– **पता– उत्कर्ष काम्प्लेक्स, जनौरा मोबाइल: 9643145589**

**सूचना**
ग्राम–सरेठी (परगना–हवेली अवध, जनपद–अयोध्या) स्थित भूमि की मूल विक्रय विलेख (Sale Deed), जो दिनांक 11/05/2022 को उप निबंधक कार्यालय, सदर अयोध्या में बही संख्या–1, जिल्द संख्या–9885, पृष्ठ संख्या 29 से 48, क्रमांक–4463 पर पंजीकृत है, खो गई है। उक्त विलेख के विक्रेता रमेश कुमार वर्मा तथा क्रेता हरिदास वर्मा हैं। इस मूल प्रति के आधार पर किया गया कोई भी लेन–देन पूर्णतः अवैध माना जाएगा। यदि किसी को यह मूल विलेख प्राप्त हो, तो कृपया नीचे दिए पते पर वापस करें। **पता: उत्कर्ष काम्प्लेक्स, जनौरा मोबाइल:– 9643145589**

**सूचना**
मैंने अपना नाम आकांक्षा से बदलकर अपना नाम आकांक्षा यादव रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना–पहचाना जाय। **आकांक्षा यादव पुत्री हरविलास सिंह निवासी––75 नागला लच्छी उसराहर इटावा, उ0प्र0**

**सूचना**
मै **राम सागर यादव सुत स्व0 श्री गयादीन यादव, निवासी मिश्राने, गौहानी पो0– बहरौली, जिला– सुलतानपुर,** यहकि मेरे पुत्र अनुराग यादव के आधार कार्ड जिसका नं0–4015 4938 9081 है, जिसमें मेरे पुत्र की जन्मतिथि त्रुटिवस 25–07–2007 अंकित है जो कि गलत है। जबकि हाई स्कूल के अंक पत्र में एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र की जन्म तिथि 25–07–2008 अंकित है, जो कि सही है। अतः मेर पुत्र अनुराग यादव की जन्म तिथि का संशोधन आधार कार्ड में, हाई स्कूल के अंक पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार 25–07–2008 किया जाय।

**NOTICE**
It is hereby informed to the general public that I have changed my name from WASHIULLAH to MOHD VASIULLAH SHAH. In the future, I shall be known and recognized by the MOHD VASIULLAH SHAH S/O NOOR MOHAMMAD
**Address: VILL & POST-MASAICHA, PS-SHIV NAGAR DIDAI, SIDDHARTH NAGAR, UP**
**Note: OLD NAME-: WASHIULLAH NEW/CHANGED NAME: MOHD VASIULLAH SHAH**

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2021 रोल नंबर 211366395 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 रोल नंबर 2236173861 के प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं। **साहिल पुत्र देवेन्द्र सिंह ग्राम– पुर्वा खागन–पोस्ट– हरवंशपुर –तहसील– बिधूना– जनपद– औरैया**

अमृत विचार
शनिवार, 9 मई 2026





अगर आप बिना प्यार के और आधे-अधूरे मन से काम कर रहे हैं, तो बेहतर है कि आप उस काम को छोड़ दें।
-खलील जिब्रान, दार्शनिक

# तीस्ता पर तल्खी

तीस्ता नदी जल बंटवारा विवाद अब महज जल-साझेदारी का विषय ही नहीं रहा, बांग्लादेश द्वारा चीन की मदद से तीस्ता नदी परियोजना को आगे बढ़ाने की कोशिश ने इस विवाद को सीधे दक्षिण एशियाई भू-राजनीति और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ दिया है। यह मुद्दा भारत और बांग्लादेश के रिश्तों की तल्खी को और बढ़ा सकता है। अब सवाल इतना भर नहीं है कि किसे कितना पानी मिलेगा, बल्कि यह भी है कि इस पूरे क्षेत्र में रणनीतिक प्रभाव किसका बढ़ेगा। तीस्ता नदी का सबसे संवेदनशील पहलू है कि इसका प्रवाह भारत के अत्यंत महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर, यानी 'चिकन नेक', के निकट है। यह लगभग 22 किलोमीटर चौड़ा भूभाग पूर्वोत्तर भारत को शेष देश से जोड़ता है। यदि किसी बाहरी शक्ति को इस क्षेत्र की भू-संरचना, जल-प्रवाह, पुलों, सड़कों और संचार तंत्र की विस्तृत जानकारी मिलती है, तो उसका सामरिक महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। यही कारण है कि चीन की बढ़ती दिलचस्पी को भारत केवल आर्थिक परियोजना के रूप में नहीं देख सकता।

चीन के अनेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट केवल आर्थिक निवेश तक सीमित नहीं रहते। पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से लेकर श्रीलंका के हंबनटोटा तक, चीन ने आर्थिक सहयोग के माध्यम से सामरिक उपस्थिति भी बनाई है, इसलिए यह आशंका निराधार नहीं है कि तीस्ता परियोजना के बहाने चीन 'हाइड्रोलॉजिकल डेटा', क्षेत्रीय सर्वेक्षण और संवेदनशील भौगोलिक सूचनाओं तक पहुंच बनाना चाहता हो। बांग्लादेश का व्यवहार भी केवल जल संकट से प्रेरित नहीं दिखता। ढाका यह भलीभांति समझता है कि भारत अपने पूर्वोत्तर के प्रवेशद्वार के निकट चीन की सक्रियता को सहजता से स्वीकार नहीं करेगा। चीन के साथ निकटता दिखाना, भारत पर दबाव बनाना उसकी कूटनीतिक रणनीति लगती है। छोटे और मध्यम देश अक्सर बड़ी शक्तियों के बीच संतुलन बनाकर अपने हित साधते हैं और बांग्लादेश वही कर रहा है।

2011 में लगभग तैयार समझौता इसलिए रुक गया था, क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने समझौते को यह कह कर रुकवा दिया था कि उत्तर बंगाल के किसानों के लिए ही पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है, हम बांग्लादेश को इतना अधिक पानी कैसे दे सकते हैं? अब यदि बंगाल की राजनीतिक परिस्थिति बदली भी हो, तब भी यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि केंद्र और पश्चिम बंगाल की नई सरकार वहां के किसानों के हितों की अनदेखी कर बांग्लादेश को 50 प्रतिशत पानी देने को तैयार हो जाएंगी। उत्तर बंगाल की कृषि अर्थव्यवस्था, चाय बागान, सिंचाई और ग्रामीण आजीविका इस नदी से गहराई से जुड़ी हैं, इसलिए कोई भी सरकार केवल भू-राजनीतिक दबाव में एकतरफा रियायत देने का जोखिम नहीं उठाएगी।

भारत के सामने एक कठिन रणनीतिक दुविधा है। यदि वह समझौते को लगातार टालता है, तो बांग्लादेश चीन की ओर अधिक झुक सकता है। यदि वह अत्यधिक रियायत देता है, तो घरेलू राजनीतिक और कृषि असंतोष बढ़ सकता है, इसलिए समाधान टकराव नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और संस्थागत दृष्टिकोण में है। हमें समझना होगा कि केवल सुरक्षा चिंताओं से समस्या हल नहीं होगी, बांग्लादेश के साथ भरोसे और विकास साझेदारी को मजबूत करना भी उतना ही आवश्यक है।

## प्रसंगवश

# नई गाइडलाइन: बदलेगी सरकारी स्कूलों की तस्वीर

6 मई को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) गाइडलाइंस 2026' जारी की। इन नई गाइडलाइंस में पहली बार स्कूल प्रबंधन में अभिभावकों की भूमिका को केंद्र में रखा गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब स्कूल प्रबंधन समितियों में 75 प्रतिशत सदस्य बच्चों के माता-पिता या अभिभावक होंगे, जबकि आधे सदस्य महिलाओं को बनाया जाएगा। हर स्कूल में मासिक बैठक, सामाजिक ऑडिट, तीन साल का विकास प्लान और शिक्षा की गुणवत्ता की निगरानी जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य की गई हैं।

शिक्षा मंत्रालय का यह कदम अचानक नहीं आया। इसके पीछे वर्षों से सरकारी स्कूलों की गिरती हालत, कमजोर निगरानी, घटती शिक्षा गुणवत्ता और सरकारी स्कूलों से लोगों का टूटता भरोसा सबसे बड़ा कारण है। भारत में सरकारी स्कूल केवल पढ़ाई की जगह नहीं हैं, बल्कि करोड़ों गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चों के भविष्य की उम्मीद हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सरकारी स्कूलों की स्थिति लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब गरीब परिवार भी मजदूरी कर, कर्ज लेकर या अपनी जरूरतें कम करके बच्चों को निजी स्कूलों में भेजने लगे हैं।



कविता कुमारी
एक्टिविस्ट

सरकार को महसूस हुआ कि केवल ऊपर से योजनाएं बनाकर शिक्षा व्यवस्था नहीं सुधर सकती। जब तक गांव और मोहल्ले के लोग, खासकर अभिभावक, सीधे स्कूल की निगरानी और फैसलों में शामिल नहीं होंगे, तब तक सरकारी स्कूलों की वास्तविक स्थिति नहीं बदल पाएगी। देश में शिक्षा का ढांचा बहुत बड़ा है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस के अनुसार भारत में लगभग 14.7 लाख स्कूल संचालित हैं। इनमें करीब 10.2 लाख सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल हैं, जबकि लगभग 4.5 लाख निजी स्कूल हैं। देश में लगभग आठ लाख प्राथमिक विद्यालय, करीब तीन लाख माध्यमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय और लगभग डेढ़ लाख उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

सबसे बड़ी समस्या शिक्षकों की कमी और जवाबदेही का अभाव है। देश के कई राज्यों में लाखों शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। एक शिक्षक कई कक्षाओं को संभालने को मजबूर होता है। कई बार शिक्षक गैर-शैक्षणिक कार्यों जैसे चुनाव ड्यूटी, सर्वे और सरकारी योजनाओं में लगा दिए जाते हैं। इससे पढ़ाई का स्तर लगातार गिरता है। कई जगह अभिभावकों को यह तक नहीं पता होता कि स्कूल में पढ़ाई सही ढंग से हो रही है या नहीं। यही वजह है कि शिक्षा मंत्रालय ने अब स्कूल प्रबंधन समितियों को मजबूत करने का फैसला किया है, ताकि अभिभावक सीधे स्कूल के कामकाज पर नजर रख सकें।

सरकारी स्कूलों की गिरती स्थिति का सबसे बड़ा असर यह हुआ है कि गांवों में भी निजी स्कूल तेजी से बढ़ने लगे हैं। पहले निजी स्कूल केवल शहरों तक सीमित थे, लेकिन अब छोटे कस्बों और गांवों में भी अंग्रेजी माध्यम और पब्लिक स्कूलों की भरमार दिखाई देती है। गरीब परिवारों को लगता है कि सरकारी स्कूलों में बच्चों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। उन्हें विश्वास है कि निजी स्कूलों में अनुशासन, नियमित पढ़ाई और अंग्रेजी शिक्षा बेहतर मिलती है। यही कारण है कि दिहाड़ी मजदूर और किसान भी फीस भरने के लिए अतिरिक्त मेहनत करते हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# विकास, आत्मनिर्भरता और तकनीक का नया भारत





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

मई 2026 में देश का सामाजिक आर्थिक परिदृश्य ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां विकास, तकनीक और आत्मनिर्भरता भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहे हैं। दुनिया की आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक तनावों के बीच भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती से आगे बढ़ाया है। हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारत के निर्यात में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि रक्षा उत्पादन में 174 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि बदलते भारत की तस्वीर है। दूसरी ओर खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति लगभग चार प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिससे आम लोगों की चिंता भी बढ़ी है। इन सबके बीच डिजिटल जनगणना की शुरुआत, नीति आयोग का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर @2047 रोडमैप और खेती में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई का बढ़ता उपयोग यह दिखाता है कि भारत अब तकनीक के सहारे नए भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

भारत की निर्यात वृद्धि यह साबित करती है कि दुनिया भारतीय उत्पादों और सेवाओं पर भरोसा कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने मेक इन इंडिया और उत्पादन आधारित योजनाओं के माध्यम से देश में उद्योगों को मजबूत करने की कोशिश की है। इसका असर अब दिखाई देने लगा है। इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयों, ऑटोमोबाइल पार्ट्स और तकनीकी सेवाओं के निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दुनिया की कई बड़ी कंपनियां अब भारत को एक मजबूत विनिर्माण केंद्र के रूप में देख रही हैं। इसका कारण यह भी है कि कई देश चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और भारत को एक भरोसेमंद विकल्प मान रहे हैं। इससे भारत को रोजगार और निवेश दोनों के क्षेत्र में लाभ मिल रहा है।

रक्षा उत्पादन में 174 प्रतिशत की वृद्धि भारत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। लंबे समय तक भारत हथियारों और रक्षा उपकरणों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा है, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। देश में मिसाइल, ड्रोन, आधुनिक हथियार और रक्षा तकनीक का निर्माण तेजी से बढ़ा है। इससे न केवल देश की सुरक्षा मजबूत हो रही है, बल्कि रोजगार और तकनीकी विकास को भी बढ़ावा मिल रहा है। निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स की भागीदारी ने इस क्षेत्र में नई ऊर्जा पैदा की है। आत्मनिर्भर भारत का सपना अब रक्षा क्षेत्र में सच होता दिखाई दे रहा है, हालांकि यह भी जरूरी है कि गुणवत्ता और अनुसंधान पर लगातार ध्यान दिया जाए, ताकि भारत वैश्विक स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा कर सके।

इन उपलब्धियों के बीच बढ़ती महंगाई सरकार और आम जनता दोनों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। सब्जियों, दालों और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का खर्च बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन भी इसके पीछे एक बड़ा कारण है। अनियमित बारिश और मौसम की खराब परिस्थितियों के कारण खेती प्रभावित हो रही है, जिसका असर बाजार में दिखाई देता है। यही वजह है कि आर्थिक विकास के आंकड़े तभी मायने रखते हैं, जब आम लोगों का जीवन भी आसान हो। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाए रखा जाए।

अप्रैल 2026 से शुरू हुई डिजिटल जनगणना को भारत के प्रशासनिक इतिहास का एक बड़ा कदम माना जा रहा है। पहली बार इतने बड़े स्तर पर डिजिटल तकनीक का उपयोग करके जनगणना की जा रही है। इससे सरकार को जनसंख्या, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक योजनाओं से जुड़ी सही जानकारी जल्दी और आसानी से मिल सकेगी। इसका फायदा यह होगा कि सरकारी योजनाएं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर तरीके से पहुंच सकेंगी। डिजिटल जनगणना से पारदर्शिता भी बढ़ने की उम्मीद है, हालांकि इसके साथ डेटा सुरक्षा और गोपनीयता जैसे सवाल भी जुड़े हुए हैं। लोगों का निजी डेटा सुरक्षित रखना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

नीति आयोग द्वारा तैयार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर @2047 रोडमैप भारत के भविष्य की नई सोच को दिखाता है। इसका उद्देश्य यह है कि तकनीक का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। आधार, यूपीआई और डिजिलॉकर जैसी डिजिटल सेवाओं ने पहले ही करोड़ों लोगों के जीवन को आसान बनाया है। अब सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अन्य क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाओं को और मजबूत करना चाहती है। इस योजना का लक्ष्य केवल तकनीकी विकास नहीं, बल्कि समावेशी विकास है, ताकि गांव और शहर के बीच की दूरी कम हो सके, लेकिन यह भी सच है कि आज भी देश के कई हिस्सों में इंटरनेट और डिजिटल सुविधाओं की कमी है, इसलिए डिजिटल विकास तभी सफल होगा, जब समाज के हर व्यक्ति तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

खेती के क्षेत्र में एआई का उपयोग भी भारत के लिए नई संभावनाएं लेकर आया है। किसान अब मौसम की जानकारी, मिट्टी की जांच और फसल प्रबंधन के लिए नई तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इससे खेती की लागत कम हो सकती है और उत्पादन बढ़ सकता है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। अगर छोटे किसानों तक भी यह तकनीक पहुंचे, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिल सकती है, हालांकि अभी भी कई किसानों के पास डिजिटल संसाधनों और तकनीकी जानकारी की कमी है, इसलिए सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता को मजबूत करना होगा। आज का भारत तेजी से बदल रहा है। एक ओर देश आर्थिक और तकनीकी रूप से मजबूत बन रहा है, वहीं दूसरी ओर महंगाई और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां भी सामने हैं।

दुनिया की आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक तनावों के बीच भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती से आगे बढ़ाया है। हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारत के निर्यात में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## आमने सामने



ये धमाके भाजपा की चुनावी तैयारी का हिस्सा हैं। भाजपा चुनाव से पहले लोगों में डर और तनाव का माहौल बनाकर राजनीतिक फायदा लेने की कोशिश करती है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद भाजपा नेताओं ने खुद कहा था कि अब पंजाब की बारी है।
-भगवंत मान
मुख्यमंत्री पंजाब

मान ने बिना किसी सबूत के भाजपा पर बम विस्फोट में संलिप्त होने का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री पद की गरिमा को पूरी तरह से कमजोर कर दिया है। इसी वजह से उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।
-तरुण चुघ
राष्ट्रीय महासचिव, भाजपा



# यूपी-उत्तराखंड के आगामी चुनावों पर जीत का असर



अमित शर्मा
हल्द्वानी

पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत ने कई मिथक तोड़े हैं। बंगाल और असम में भाजपा की शानदार जीत का उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चुनावों पर गहरा मनोवैज्ञानिक असर पड़ना तय माना जा रहा है। बंगाल की जीत भाजपा के लिए एक बड़ा संवेग है। पार्टी बंगाल में मिली जीत के इस बल को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के आगामी विधानसभा चुनावों में भी दोहराने की कोशिश जरूर करेगी।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा की स्थिति पहले से ही काफी मजबूत है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुष्कर सिंह धामी की गिनती देश के टॉप फायरब्रांड नेताओं में होती है। इन दोनों नेताओं को अपनी आक्रामक हिंदुत्ववादी छवि, प्रशासनिक सख्ती और दमदार भाषणों के लिए जाना जाता है। योगी आदित्यनाथ को अक्सर 'बुलडोजर बाबा' के नाम से जाना जाता है, जो यूपी में कड़क कानून-व्यवस्था और विकास के लिए जाने जाते हैं। वहीं, युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बेहतर कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों के साथ ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और सख्त धर्मांतरण कानून जैसे फैसलों के लिए एक साहसी नेता के रूप में देखा जाता है। भाजपा में ये दोनों नेता जनता के बीच अपनी निडर, धाकड़ और धुरंधर छवि के लिए अत्यंत लोकप्रिय हैं।

बंगाल में टीएमसी पर जीत से इन दोनों राज्यों के संगठन के साथ ही नेताओं का आत्मविश्वास और हौसला और बढ़ेगा। किसी भी राज्य के चुनाव में सत्ता हो या विपक्ष, अहम सवाल मुद्दों का होता है। उत्तराखंड में तो विपक्षी दलों के पास वर्तमान में कोई ठोस मुद्दा दिखाई नहीं दे रहा है, जिसके बल पर भाजपा को विधानसभा चुनाव में चुनौती दी जा सके, जबकि भाजपा के लिए हैट्रिक लगाने का भरपूर मौका है।

बंगाल की ऐतिहासिक जीत उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विपक्षी दलों के लिए आगामी विधानसभा चुनावों में कई चुनौतियां भी लेकर आएगी। बंगाल में जीत से भाजपा का चुनावी और मानसिक आत्मविश्वास और बढ़ा है, जिससे वह दोनों राज्यों में और भी मजबूत प्रदर्शन करने की स्थिति में होगी, हालांकि बंगाल में भाजपा की जीत से विपक्षी दलों को एकजुट होने का संदेश मिल सकता है, जिससे वे भाजपा के खिलाफ मजबूत गठबंधन बना सकते हैं, लेकिन जिस तरह से बंगाल की जीत में हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण हुआ है, उससे विपक्षी दलों को यहां भी हिंदू वोटों में सेंध लगाने में मुश्किल हो सकती है।

किसी राज्य के औद्योगिक विकास की रफ्तार वहां की सड़कों की हालत तय करती है। देश भर में जिस तरह से सड़कों का शानदार विकास हुआ है और एक-दूसरे जिले तेजी से एक्सप्रेस-वे से जुड़ रहे हैं, वह अपने आप में आम से लेकर खास मतदाता को प्रभावित करता है। इसी तरह दिल्ली से उत्तराखंड के बीच एक्सप्रेस-वे (दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे) उत्तर प्रदेश के एक बड़े हिस्से को इस औद्योगिक रफ्तार में समाहित करता है। ऐसे में विपक्षी दलों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे उन्हें जाति-धर्म को छोड़कर अपने विकास के एजेंडे को मजबूत करना होगा।

भाजपा द्वारा बंगाल के रण को जीतने की कई खासियत रहीं। यह जीत कोई एक दिन का प्रयास नहीं है, बल्कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा ने इस चुनाव को मार्मिक और तार्किक दोनों तरह के पैटर्न पर लड़ा। भूख, भय और भ्रष्टाचार के साथ ही धार्मिक असुरक्षा और स्थानीय मुद्दों को भाजपा ने गहराई से समझा। संदेशखाली से लेकर आरजी कर ने बंगाल ही नहीं, बल्कि पूरे देश को सांस्कृतिक और धार्मिक अस्मिता के साथ जोड़कर महिला सुरक्षा से जुड़ा बड़ा मुद्दा थमा दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी की 10 रुपये की 'झालमुरी' से लेकर 'मछली' जैसे स्थानीय मुद्दों को भाजपा ने टीएमसी से छीन लिया। भाजपा ने इस वीर भूमि में प्रखर राष्ट्रवाद के मुद्दे का भरपूर प्रयोग किया। मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण भी इस प्रचंड जीत के पीछे बड़ा कारण रहा। भाजपा ने मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण को अपने पक्ष में करने के लिए हिंदू राष्ट्रवाद की भावना को भुनाया। इस रणनीति ने उन्हें हिंदू वोटों को एकजुट करने में मदद की।

जिस राज्य में कभी मुस्लिम वोट बैंक किसी भी दल की जीत का आधार माना जाता रहा था और विकास के बजाय एक खास वर्ग विशेष के वोट किसी दल की जीत-हार का फैसला करते थे, उस बंगाल में बदलाव की ऐसी बयार बही कि मुस्लिम ध्रुवीकरण के जवाब में हिंदू पोलराइजेशन ने स्थिति पूरी तरह से पलट दी। पहली बार सुरक्षा का

ऐसा वातावरण बना कि इस बार हिंदू वोट बैंक एकजुट होकर भयमुक्त होकर मतदान करने निकला। रिकॉर्ड मतदान हुआ तो भाजपा की जीत ने भी देश की राजनीति में न टूटने वाला रिकॉर्ड बना दिया। सभी कारणों को एकसार करें, तो प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुके इस चुनाव को जीतने के सामूहिक प्रयास हुए।


बंगाल और असम में भाजपा की शानदार जीत का उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चुनावों पर गहरा मनोवैज्ञानिक असर पड़ना तय है। बंगाल की जीत भाजपा के लिए बड़ा संवेग है।

## सोशल फोरम

# स्टालिन और उनका बेटा

'सामने बेटे की मौत खड़ी थी और हाथ में उसे बचाने का मौका, पर इस बाप ने जो फैसला लिया, उसे सुनकर दुनिया के पैरों तले जमीन खिसक गई! क्या कोई इतना पत्थर दिल हो सकता है?'

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान रूस के प्रधानमंत्री स्टालिन का बड़ा बेटा, याकोव (Yakov), जर्मन सेना द्वारा पकड़ लिया गया था। हिटलर को लगा कि यह स्टालिन को झुकाने का सबसे सही मौका है। जर्मनी ने एक प्रस्ताव भेजा- 'अपने बेटे याकोव को वापस ले लो और बदले में हमारे पकड़े गए फील्ड मार्शल फ्रेडरिक पॉलस (Friedrich Paulus) को रिहा कर दो।'




नॉलेज अड्डा
ब्लॉगर

दुनिया को लगा कि एक पिता अपने बेटे को बचाने के लिए कुछ भी करेगा। एक बाप के लिए भी यह मौका थास अपने बेटे की जान बचाने का, लेकिन स्टालिन ने जो कहा वह आज भी इतिहास में दर्ज है। उन्होंने जवाब दिया, 'मैं एक फील्ड मार्शल का सौदा एक साधारण सिपाही से नहीं कर सकता।' स्टालिन की नज़र में याकोव सिर्फ उनका बेटा नहीं, बल्कि रेड आर्मी का एक लेफ्टिनेंट था। उनके लिए लाखों रूसी सैनिकों की जान उनके अपने बेटे से बढ़कर थी।

स्टालिन ने अपने सगे बेटे को बचाने के लिए देश के उसूलों से समझौता नहीं किया। उनके बेटे याकोव की जेल में ही मौत हो गई। याकोव की मौत की खबर स्टालिन तक पहुंची, तो वह 'आयरन मैन' अंदर से टूट गया था। वे घंटों तक अपने कमरे में अकेले बैठे रहे, किसी से कोई बात नहीं की। वह एक ऐसे पिता का मौन था, जिसने देश के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को कुर्बान कर दिया था।

अक्सर बड़े नेताओं की मौत के बाद अकूत संपत्ति के किस्से सामने आते हैं, लेकिन स्टालिन का मामला बिल्कुल अलग था। 1953 में जब उनकी मृत्यु हुई और उनके निजी सामान की लिस्ट बनाई गई, तो सोवियत संघ जैसा विशाल साम्राज्य चलाने वाले व्यक्ति के पास से सिर्फ यह मिलाः कुछ पुरानी वर्दियां, घिसे हुए जूते, उनका पसंदीदा पाइप और ढेरों किताबें। उनके पास न कोई निजी बंगला था, न विदेशी बैंक खाते और न ही सोना-चांदी। इतने ताकतवर पद पर होने के बावजूद उनकी निजी संपत्ति एक साधारण क्लर्क से भी कम थी। स्टालिन के शासन को लेकर दुनिया के अलग-अलग मत हो सकते हैं, लेकिन उनके इस त्याग और सादगी को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने साबित किया कि विचारधारा और देश के नियम सबके लिए एक समान होने चाहिए। चाहे वह खुद उनका अपना बेटा ही क्यों न हो।

-फेसबुक वॉल से



## सामयिकी

# नई सरकारों के सामने होगी आर्थिक संतुलन की चुनौती

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की निर्णायक जीत और तमिलनाडु में विजय की पार्टी टीवीके के सबसे बड़े दल के रूप में उभरने के बाद देश की राजनीति एक नए मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है। चुनावी रैलियों में किए गए वादे जल्द ही कागज से निकलकर हकीकत में उतरने की मांग करने लगेंगे। जनता ने जिस भरोसे के साथ इन दलों को सत्ता सौंपी है, वही भरोसा अब उनके लिए सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है। जीत का उत्साह धीरे-धीरे जिम्मेदारियों के बोझ में बदल रहा है और यही वह समय है, जब राजनीतिक घोषणाओं की वास्तविक कीमत सामने आती है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 'सोनार बांग्ला' का सपना दिखाया था। यह सपना केवल एक नारा नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक और आर्थिक बदलाव का वादा था। महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता देने, बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने, किसानों के लिए फंड तैयार करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने जैसे कई बड़े ऐलान किए गए थे। यदि इन सभी योजनाओं को एक साथ लागू किया जाता है, तो राज्य के खजाने पर भारी दबाव पड़ना तय है। अनुमान बताते हैं कि केवल महिलाओं को दी जाने वाली मासिक सहायता ही सालाना हजारों करोड़ रुपये का खर्च पैदा कर सकती है। इसी तरह बेरोजगारी भत्ता और अन्य योजनाएं राज्य की वित्तीय स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना सकती हैं।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

दूसरी ओर तमिलनाडु में विजय की पार्टी टीवीके के सामने भी कुछ कम चुनौती नहीं होगी। एक अभिनेता से नेता बने विजय ने जनता के बीच लोकप्रियता के आधार पर बड़ी जीत हासिल की है, लेकिन अब उन्हें प्रशासनिक और आर्थिक जटिलताओं से जूझना होगा। तमिलनाडु पहले से ही उच्च राजकोषीय घाटे वाले राज्यों में गिना जाता है। ऐसे में नई योजनाओं के लिए अतिरिक्त हजारों करोड़ रुपये जुटाना एक कठिन कार्य होगा, हालांकि अभी वहां सरकार गठन को लेकर असमंजस की स्थिति है।

यहां सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या मुफ्त योजनाएं वास्तव में दीर्घकालिक समाधान हैं या केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ का साधन। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी योजनाएं अल्पकाल में राहत जरूर देती हैं, लेकिन लंबे समय में यह आर्थिक बोझ बन सकती हैं। राज्यों के बजट का बड़ा हिस्सा यदि सब्सिडी और नकद सहायता में खर्च होने लगे, तो विकास परियोजनाओं के लिए संसाधन कम पड़ सकते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में निवेश प्रभावित हो सकता है, जो किसी भी राज्य की दीर्घकालिक प्रगति के लिए आवश्यक होते हैं।

यह भी सच है कि भारत जैसे देश में सामाजिक असमानताएं अभी भी बड़ी चुनौती हैं। गरीब और कमजोर वर्गों के लिए सरकारी सहायता जरूरी है, लेकिन इसका स्वरूप और दायरा संतुलित होना चाहिए। लक्षित योजनाएं, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ लागू की जाएं, तो वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं, लेकिन इन्हें केवल चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाए, तो इसका असर सीमित और कभी-कभी नकारात्मक भी हो सकता है।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह समय महत्वपूर्ण है। यदि ये सरकारें अपने वादों को प्रभावी ढंग से लागू करती हैं और आर्थिक संतुलन बनाए रखती हैं, तो यह उनके लिए दीर्घकालिक राजनीतिक लाभ का कारण बन सकता है, लेकिन यदि वे इसमें असफल रहती हैं, तो जनता का भरोसा जल्दी ही टूट सकता है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

मुंबई चमक-दमक, सपनों और संघर्षों की नगरी है, यहीं पर अभिनय की दुनिया में जाकिर हुसैन खान हैं, जिनकी जड़ें पूर्वांचल के छोटे से जिले बस्ती से जुड़ी हैं। इनकी शुरुआती शिक्षा भी यहीं से हुई। बचपन बस्ती की सादगी, रामलीला और नुक्कड़ नाटकों के बीच बीता, जहां उन्होंने बंदर बनकर पहली बार मंच का स्वाद चखा, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ी, मायानगरी मुंबई की चकाचौंध ने उन्हें अपनी ओर खींचा और भीड़ भरी सड़कों पर काम की तलाश, छोटे-छोटे रोल पाने के लिए लगातार संघर्ष करते रहे। क्राउड एक्टिंग से सफर शुरू कर धीरे-धीरे टीवी और फिल्मों में अपनी जगह बनाई। जाकिर आज भी खुद को जमीन से जुड़ा कलाकार मानते हैं। मुंबई की इसी चकाचौंध और उसके पीछे छिपे कड़वे सच को उन्होंने बेबाकी से उजागर किया।









निशा सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

# क्राउड से किरदार तक: एक अभिनेता की बेबाक कहानी

■ क्या इंडस्ट्री में आने के लिए संघर्ष करना पड़ा?

■ बिल्कुल, मैं सुबह काम की तलाश में घर से निकलता और शाम को निराश होकर घर लौट आता। धीरे-धीरे मुझे क्राउड एक्टिंग में काम मिलने लगा। हंसते हुए, कहीं आग लग गई तो चिल्लाने को कहा जाता, ‘टीपू सुल्तान’ में मुझे ‘जय हनुमान’ बोलने को कहा गया। फिर मुझे 1992 में आमिर खान के साथ फिल्म ‘जो जीता वही सिकंदर’ में काम मिला। उस समय मुझे एक दिन के 50 रुपये और 15 दिन के 750 रुपये मिले थे। आज साढ़े सात करोड़ रुपये मिल जाएं तो भी वो खुशी नहीं मिलेगी, जो उस साढ़े सात सौ रुपए में मिली थी।

■ किन-किन कलाकारों के साथ आपने काम किया?

■ मैंने हेमा मालिनी, अनिल कपूर, संजय दत्त, अमिताभ बच्चन के साथ पोलियो ऐड के लिए काम किया। इसके अलावा सलमान खान, इरफान खान, जूही चावला, सोनू सूद, कादर खान और परेश रावल जैसे कई कलाकारों के साथ काम किया। टेलीविजन में सीआईडी, पवित्र रिश्ता, चाचा चौधरी,सावधान इंडिया के कई एपिसोड में भी मैंने एक्टिंग की।

■ आपको असली पहचान कब मिली?

■ 1998 में जब सीआईडी सीरियल शुरू हुआ, जिसमें मुझे विलेन का रोल मिला। वहीं से पहचान मिलने शुरू हो गए। मैंने करीब 4000 टीवी एपिसोड और 72 से 75 फिल्मों में काम किया है।

■ अभिनेता बनना मुश्किल हैं, पर नेता बनना आसान हैं, आपने ऐसा क्यों कहा?

■ व्यंग्यात्मक अंदाज में, देखिए, अभिनेता बनने के लिए खूबसूरती, टैलेंट और व्यक्तित्व चाहिए, लेकिन आज के दौर में नेता बनने के लिए सिर्फ बोलने की कला काफी है। हंसते हुए, एक आईएएस की सैलरी दो या ढाई लाख रुपये महीना होती है, जबकि एक सुपरस्टार एक फिल्म के करोड़ों रुपये लेते हैं। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि अभिनेता बनना कितना मुश्किल है।

■ क्या इंडस्ट्री में नेपोटिज्म हैं? क्या पैसा और बैकग्राउंड भी जरूरी हैं?

■ आज के समय में टैलेंट के साथ-साथ पैसा भी जरूरी हो गया है। अगर मैं किसी अरबपति बाप का बेटा होता, तो शायद सुपरस्टार बन गया होता। जहां तक नेपोटिज्म की बात है, तो नेपोटिज्म हर जगह है, राजनीति में भी हैं।

■ कास्टिंग काउच पर आपकी क्या राय है?

■ मुझे नहीं लगता कि इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच जैसी कोई चीज भी है। कुछ लोग आगे बढ़ने के लिए खुद समझौता करते हैं।

■ क्या आपको सुपरस्टार न बनने का अफसोस हैं?

■ बिल्कुल नहीं, आज मैं ज्यादा सुकून में हूं। स्टार्स के पास सबकुछ होता है, लेकिन प्रेशर भी बहुत होता है। मेरा मानना है ‘जो प्राप्त है, वहीं पर्याप्त’ है।

■ सुशांत सिंह राजपूत के बारे में आपकी क्या राय है? शायद वह आपके दोस्त थे?

■ जी, सुशांत मुझसे उम्र में काफी छोटे थे पर, मेरी मित्रता थी। उन्होंने बहुत सफलता पाई, लेकिन मैंने उन्हें फ्रस्ट्रेशन में देखा। इसलिए कहते हैं कि शोहरत हमेशा खुशी नहीं देती।

■ आपका एकता कपूर के साथ क्या विवाद था?

■ 2014 में एकता कपूर की एक सीरियल के शूटिंग के दौरान कलाकारों के बीच विवाद हो गया और मैं बीच-बचाव करने चला गया, जिससे बात बढ़ गई और मामला एकता कपूर और महेश भट्ट तक पहुंच गया। बाद में समझौता हो गया, लेकिन मुझे सिरियल छोड़ना पड़ा।

■ कोई यादगार पल?

■ एक बार प्रयागराज कुंभ मेले 2019 में परफार्मेंस करने के लिए मेरे पास फोन आया, मुझे लगा कोई मजाक कर रहा है, क्योंकि मैं मुस्लिम हूं, लेकिन एक घंटे के अंदर मेरे एकाउंट में जब 50 हजार रुपये एडवांस आ गए तब मुझे विश्वास हुआ और 15 मिनट परफार्मेंस करने के लिए मुझे डेढ़ लाख रुपये मिले थे। आज तक मैं इस बात को भूला नहीं।

■ आपके लिए सबसे गर्व का पल?

■ जब 2019 में इंडियन सिनेमा का सबसे बड़ा अवार्ड ‘दादा साहेब फाल्के फिल्म फाउंडेशन अवार्ड’ मुझे मिला, वो मेरे लिए सबसे गर्व का पल था। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार ने एक कलाकार के रूप में मुझे सस्ते दाम पर फ्लैट भी उपलब्ध कराया।

■ आपकी आने वाली फिल्म?

■ जी, ‘दुनिया तेरे नाम’ एक लव स्टोरी पर आधारित फिल्म है, जिसमें मैं मुख्य विलेन की भूमिका निभा रहा हूं और इस साल के अंत तक फिल्म रिलीज करने की योजना है।

■ स्टारडम बनने का ख्वाब देखने वाले युवक-युवतियों को आप क्या सलाह देना चाहेंगे?

■ आज का दौर डिजिटल का है। अगर आपके भीतर हुनर है, तो बड़े मंच का इंतजार मत कीजिए, अपना खुद का मंच बनाइए। अगर आप साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं, आपका कोई मजबूत आधार नहीं है, तो स्टार बनने का सपना देखना बहुत कठिन डगर है। शोहरत एक नशा है, जो दिखने में आकर्षक है, लेकिन अक्सर इंसान को भटका भी देती है।

# ज्येष्ठ माह और जलदान का महत्व



पूनम नेगी
लखनऊ

‘जल ही जीवन है’ ज्येष्ठ माह की गर्मी की प्रचंडता इस कहावत को सौ फीसदी सच साबित करती है। सूर्य किरणों की तपन की ज्येष्ठता (प्रचंडता) के कारण हिन्दू पंचांग में वर्ष के तीसरे महीने को ज्येष्ठ कहा जाता है। सर्वाधिक बड़े दिन वाला यह महीना गर्मी के हिसाब से सबसे ज्यादा कष्टकारी होता है। इस महीने में ‘नौतपा’ नक्षत्र भी लगता है। ‘नौतपा’ यानी सर्वाधिक तपने वाले नौ दिन। ज्योतिषीय गणना के अनुसार माना जाता है कि जेठ महीने में सूर्य जब रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है, तब गर्मी प्रचंड पड़ती है। इन दिनों में वायुमंडल का अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री तक पहुंच जाता है। आधुनिक मौसम वैज्ञानिक इसे ‘हीट वेव’ या लू वाले दिन भी कहते हैं।



## लोककवि घाघ व भड्डरी का सटीक मौसम विज्ञान

ज्ञात हो कि हमारे भारत की पुरातन कृषि संस्कृति के सदियों पुराने अनुभवों से निकले निष्कर्ष आज के मशीनी युग में भी कितने सही साबित हो रहे हैं, यह विचारणीय बिंदु है। भारतीय लोकजीवन के मौसम विज्ञानी माने जाने वाले महाकवि घाघ और भड्डरी द्वारा मध्ययुग में मौसम, वर्षा और कृषि को लेकर की गईं भविष्यवाणियां आज की इक्कीसवीं सदी में भी उतनी ही सटीक हैं, जो तब थीं, जब पर्यावरण संकट और ॠतु चक्र परिवर्तन जैसी कोई परिकल्पना भी नहीं थी। जानना दिलचस्प हो कि कहावतों और लोकोक्तियों में की गई इन भविष्यवाणियों में ‘नौतपा’ के बारे में लोककवि घाघ कहते हैं- जेठ मास जो तपे निरासा, तब जानों बरसा की आसा। तपै नवतपा नव दिन जोय, तौ पुन बरखा पूरन होय।। अर्थात यदि ज्येष्ठ माह में नौतपा खूब तपा तो उस साल बारिश जमकर होगी। वहीं यदि नौतपा के दौरान बारिश हो गई तो इसे ‘नौतपा’ का गलना कहा जाता है। ऐसा होने पर मानसून के दौरान अच्छी बारिश की संभावना नहीं होती। इसी तरह महाकवि घाघ के समकालीन लोककवि भड्डरी भी कहते हैं- सर्व तपे जो रोहिनी, सर्व तपे जो मूर। परिवा तपे जो जेठ की उपजे सातों तूर।। अर्थात जब जेठ के रोहिणी नक्षत्र की परेवा में गर्मी खूब गर्मी पड़ती है, तो उस वर्ष जमकर वर्षा होती है। वाकई हैरानी की बात है कि इन बातों का कोई वैज्ञानिक आधार न होते हुए भी यदि हम देश के मानसून के बारे में सोचें तो यह अनुमान सही प्रतीत होते हैं।



## भंडारों की पावन परंपरा



ज्येष्ठ माह में सूर्य के प्रचंड ताप के कारण कुएं, नदी, तालाब व पोखर आदि जलस्रोतों के सूख जाने के कारण जल संकट की समस्या गहरा जाती है। हम मनुष्य तो किसी तरह अपने आप को इस भीषण गर्मी से सुरक्षित रख लेते हैं, लेकिन उन निरीह पशु-पक्षियों का क्या जिनके लिए यह आग उगलती गर्मी किसी जानलेवा मुसीबत से कम नहीं होती।

भूख और प्यास की वजह से पशु-पक्षियों के दम तोड़ने की सर्वाधिक घटनाएं इसी चिलचिलाती गर्मी के मौसम में होती हैं। इन मूक पशु-पक्षियों का यूं भूखा-प्यासा रहकर दम तोड़ना हमारे प्रकृति चक्र और पर्यावरण के लिए बेहद अशुभ है। आज वैज्ञानिक भी मानते हैं कि भोजन श्रृंखला के चलते एक जीव का जीवन दूसरे पर और वनस्पती व जीवों का जीवन परस्पर अस्तित्व पर टिका है।

अप्राकृतिक रूप से कोई एक जीव मरता है, तो उससे पूरी श्रृंखला प्रभावित होती है। ज्ञात हो कि हमारे वैदिक मनीषी मानवी चेतना के मर्मज्ञ होने के साथ प्रकृति संरक्षण के ज्ञान विज्ञान के भी गहन जानकार थे। इसीलिए उन्होंने सदियों पूर्व ही कुदरत के ॠतु चक्र परिवर्तन के अनुरूप समाज में ऐसी परंपराएं विकसित कर दी थीं ताकि धार्मिक क्रियाकलापों के अनुपालन के साथ जन सामान्य विषम और प्रतिकूल परिस्तिथियों में कुदरत के ताने-बाने को क्षरित होने से बच सके। ‘ज्येष्ठ’ माह में जल संरक्षण के साथ अन्न व जलदान हमारे की महान पूर्वजों द्वारा विकसित ऐसी ही एक श्रेष्ठ परंपरा है, जिसका अनुपालन आज भी हमारी ग्राम्य संस्कृति में देखा जा सकता है। यह हमारी वैदिक महान संस्कृति की अत्यंत प्राचीन परंपरा है। इस परंपरा के तहत वैशाख व जयेष्ठ मास में जब गांव में फसल का नवीन अन्न आता है, तो पूरे माह भर स्थान पर देव पूजा के साथ भंडारे आयोजित किए जाते हैं। इन भंडारों से अनेक लाभ होते हैं। पहला तो समष्टि के प्रति लोकमंगल की भावना विकसित होती है। दूसरे इन आयोजनों में अमीर-गरीब सभी के लिए बिना किसी भेदभाव के प्रसाद पाने की व्यवस्था होने से सामाजिक समरसता बढ़ती है तथा तीसरे इनसे बंदर, कुत्ते, कौए, चिड़िया व चीटीं आदि अनेक मनुष्येत्तर जीवों को भी इस तपती शुष्क ॠतु में सहजता से पेट भरने लायक आहार उपलब्ध हो जाता है।

# गजलों से पहचान बनाते हमीद

चार दशक पहले हमीद खिजर को लगा शेर-ओ-शायरी का चस्का, आज जुनून की सूरत अख्तियार कर चुका है। पांच गजल संग्रहों के शायर हमीद खिजर ने अपने जुदा तेवरों वाली शायरी से अलग पहचान बनाई है। अब हमीद का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वह अपनी शायराना सलाहियतों के दम पर धीरे-धीरे मंजिल की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्हें राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश की ओर मिर्जा गालिब अवार्ड और अकबर इलाहाबादी अवार्ड मिल चुके हैं।



-राशिद हुसैन जुगनू
शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के मोहल्ला दिलाजाक में सितंबर 1974 में जन्मे हमीद खां हमीद खिजर को शायरी विरासत में नहीं मिली। गुनगुनाने के शौक ने धीरे-धीरे हमीद को गजल तक पहुंचा दिया। उन्होंने कम उम्र में ही बाकायदा गजल लिखना शुरू किया था। उनका मार्गदर्शन पड़ोस में रहने वाले कहानी लेखक व शायर अयूब ‘असर’ ने किया। उन्होंने हमीद की बेतरतीब शायरी को राह दिखाई। हमीद ने अपनी जादुई आवाज से जब शायरी गुनगुनाई तो सभी उनके मुरीद होते चले गए।

हमीद ने अपनी अधूरी गजलों में नौ बरस तक अयूब असर से सही कराईं। बाद में उन्हीं की सलाह पर उस्ताद शायर ‘सागर’ वारसी से जुड़ गए। नए मार्गदर्शक ने उन्हें शायरी की नोक-पलक दुरुस्त करना सिखाया। इससे हमीद ‘खिजर’ की गजलों में नयापन आया।



अपनी जादुई आवाज और खूबसूरत कलाम से हमीद शहर में होने वाली महफिलों में छा गए। उन्होंने अपना दिलो-दिमाग शायरी में इस कदर लगाया कि उनके पास गजलों के ढेर लग गए।

हमीद ने इन बिखरी गजलों को संकलन के रूप में छपवाने में काफी मेहनत की। उनका पहला उर्दू गजल संग्रह ‘लम्स-ए-शबनम’ 2002 में प्रकाशित हुआ। इस संग्रह को खूब सराहना मिली। इसके बाद हमीद ने वर्ष 2002 में हिन्दी गजल संग्रह ‘धड़कन’ के नाम से निकाला। ‘धड़कन’ के जरिए हमीद ने अपने और जमाने के सुख-दुख का एहसास कराया है। हमीद का तीसरा गजल संग्रह उर्दू में ‘लरजते साये’ वर्ष 2015 में, चौथा हिन्दी गजल संग्रह ‘ठंडी हवा के झोंके’ 2016 में और पांचवा गजल संग्रह ‘कर्बे शबनम’ वर्ष 2020 में प्रकाशित हुआ। उन्होंने एक संग्रह ‘भोर की लालिमा’ 2022 में प्रकाशित कराया, जिसमें बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कई रचनाकारों के लेख शामिल हैं।

लोक निर्माण विभाग शाहजहांपुर में कार्यरत हमीद को शायरी की भूख है। वह चाहे कितने भी मायूस क्यों न हों, लेकिन मुश्किलों को भी झेलने का कलेजा रखकर हमीद, ‘गजल’ का खाका तैयार कर ही लेते हैं। हमीद ने गजल को कई रंग व ढंग देने में ‘उस्तादाना’ फन दिखाया है। हालांकि वह खुद इसे नहीं मानते। पाठकों के बीच उनकी शायरी पसंद की जाए, बस इसी को हमीद अपने लिए सबसे बड़ा इनाम मानते हैं। उनका कहना है कि शायरी ने उन्हें जीने की राह दिखाई है, इसे वह हमेशा लिखते रहेंगे।

हमीद को हिन्दी-उर्दू साहित्य सेवा के लिए उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से दो बार पुरस्कार भी मिले। उन्हें मिर्जा गालिब अवार्ड और अकबर इलाहाबादी अवार्ड से नवाजा गया। पुरस्कार मिलने से हमीद के हौसलों को नई उड़ान और नया आकाश मिला।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,328.19 | 24,176.15 |
| गिरावट | 516.33 | 150.50 |
| प्रतिशत में | 0.66 | 0.62 |

**सोना** 1,55,900 प्रति 10 ग्राम

**चांदी** 2,61,300 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, शनिवार, 9 मई 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### लीची के नुकसान का आकलन करेगा केंद्रीय कार्यबल

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को बताया कि बिहार में 'स्टिंक बग' (कीट) के हमले से लीची की फसलों को हुए नुकसान की जांच के लिए विशेषज्ञों का एक कार्यबल गठित किया गया है। किसानों की शिकायतों के बाद बनाया यह दल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान की सीमा का आकलन करेगा। कार्यबल किसानों को राहत देने के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश भी करेगा।

### केपीआईटी चेयरमैन रवि पंडित का निधन

**पुणे :** परिवहन प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी केपीआईटी टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और चेयरमैन रवि पंडित का शुक्रवार सुबह पुणे में निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। कंपनी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। रवि पंडित एक स्वर्ण पदक विजेता चार्टर्ड अकाउंटेंट होने के साथ-साथ अमेरिका के प्रतिष्ठित एमआईटी स्लोन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के पूर्व छात्र भी थे।

### रतन टाटा ट्रस्ट की बोर्ड बैठक अब 16 मई को

**नई दिल्ली :** सर रतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड की शुक्रवार को होने वाली अहम बैठक टाल दी गई है। अब यह बैठक 16 मई को होगी। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने बिना कोई कारण बताए इसे स्थगित करने का निर्णय लिया है। इस बैठक में टाटा संस के निदेशक मंडल (Board) में नामांकन पर पुनर्विचार किया जाना था। गौरतलब है कि बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक दिन पहले ही इस बैठक पर रोक लगाने की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था। टाटा समूह की मूल कंपनी टाटा संस में SRTT की 23.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### अकासा गिफ्ट सिटी में स्थापित करेगा लीजिंग इकाई

**गांधीनगर/नई दिल्ली :** अकासा एयर ने अपनी विस्तार योजनाओं को गति देने के लिए गुजरात की गिफ्ट सिटी (गांधीनगर) में एक समर्पित लीजिंग इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया है। एयरलाइन ने शुक्रवार को बताया कि अकासा एयर लीजिंग आईएफएससी प्राइवेट लिमिटेड उसकी विमान वित्तपोषण और लीजिंग क्षमताओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप मजबूत करेगी। यह नई इकाई अकासा एयर की दीर्घकालिक विकास रणनीति और बेड़ा विस्तार योजनाओं के लिए एक रणनीतिक मंच के रूप में कार्य करेगी। यह कार्यालय एयरलाइन को लागत दक्षता प्रदान करने के साथ-साथ वैश्विक पूंजी बाजारों तक सीधी पहुंच सुनिश्चित करेगा। संचालन शुरू होने के बाद, यह इकाई सीधे तौर पर एयरलाइन को विमान पट्टे पर लेने और वित्तीय समाधान उपलब्ध कराएगी।

# भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग पर दांव लगाएगा गूगल

## एआई और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग के अवसर तलाश रही अमेरिकी टेक दिग्गज कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को वैश्विक एआई हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत, अमेरिकी टेक दिग्गज गूगल देश में एआई अवसंरचना, सर्वर और ड्रोन विनिर्माण के क्षेत्र में बड़े निवेश की तैयारी कर रही है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कंपनी के शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह जानकारी साझा की।

यह घोषणा गूगल द्वारा अप्रैल में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 15 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये) की लागत से बनने वाले एआई केंद्र की आधारशिला रखने के तुरंत बाद आई है। मंत्री वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि गूगल अब केवल सॉफ्टवेयर ही नहीं, बल्कि हार्डवेयर और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी भारत के साथ गहरी साझेदारी करने की इच्छुक है। कंपनी का मुख्य फोकस देश में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, स्थानीय स्तर पर सर्वर विनिर्माण और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग पर है। इसके तहत गूगल एआई डेटा सेंटर्स की कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने, डेटा सुरक्षा के लिए सर्वर निर्माण और कृषि, लॉजिस्टिक्स व रक्षा क्षेत्रों के लिए उन्नत ड्रोन तकनीक के उत्पादन पर काम करने की योजना बना रही है।






- विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर के एआई केंद्र के बाद अब सर्वर निर्माण पर फोकस

विशेषज्ञों का मानना है कि गूगल का यह निवेश भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। बैठक में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को भारत की ओर मोड़ने और उच्च-तकनीकी रोजगार पैदा करने पर भी चर्चा हुई। सरकार के सेमीकंडक्टर और आईटी हार्डवेयर के लिए दिए जा रहे पीएलआई (PLI) स्कीम के प्रोत्साहनों ने गूगल जैसी कंपनियों को स्थानीय विनिर्माण के लिए आकर्षित किया है।

### भारत में गूगल के निवेश का रोडमैप

- सरकार के 'मेक इन इंडिया' और 'एआई फॉर ऑल' मिशन को गति देने के लिए गूगल इन क्षेत्रों पर केंद्रित है
- AI इंफ्रास्ट्रक्चर : देश में गीगावाट-स्केल के AI डेटा सेंटर्स और कंप्यूटिंग क्षमता का विस्तार।
- सर्वर विनिर्माण : स्थानीय स्तर पर सर्वर निर्माण से डेटा संप्रभुता और साइबर सुरक्षा को मजबूती।
- ड्रोन टेक्नोलॉजी : कृषि, लॉजिस्टिक्स और रक्षा क्षेत्रों के लिए उन्नत ड्रोन विनिर्माण और नवाचार।
- विशाखापत्तनम हब : आंध्र प्रदेश में 15 अरब डॉलर की लागत से 'भारत AI हब' का निर्माण।

## मिठास के साथ शुरुआत



पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले बांकुड़ा के एक मिष्ठान भंडार में 'कमल' छाप और केसरिया संदेश तैयार करते कारीगर। राज्यभर में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद मिठाइयों की मांग कई गुना बढ़ गई है।

# कनाडा के साथ समझौते पर सहमति

**नई दिल्ली:** भारत और कनाडा ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए बातचीत का दूसरा दौर शुक्रवार को नई दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 4 से 8 मई तक चली इस पांच दिवसीय वार्ता की मेजबानी भारत के वाणिज्य विभाग ने की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच 'बेहद रचनात्मक और सार्थक' चर्चा हुई। वार्ता का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा संतुलित और महत्वाकांक्षी समझौता तैयार करना है, जो दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी साबित हो सके। पांच दिवसीय बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने और एक संतुलित व परस्पर लाभकारी समझौते पर पहुंचने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

वार्ता में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, बौद्धिक संपदा, उत्पादन के मूल स्थान के नियमों, स्वच्छता और पादप-स्वच्छता उपायों तथा व्यापार में आने वाली तकनीकी बाधाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# पश्चिम एशिया संकट: तेल कंपनियों को हो रहा हर महीने 30,000 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कच्चे तेल की कीमतें 120 डालर के पार; पेट्रोल पर 18 और डीजल पर 25 प्रति लीटर का घाटा झेल रही हैं कंपनिया
- अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उबाल, भारत में स्थिर रहे दाम; तेल कंपनियों के मार्जिन पर बढ़ा भारी दबाव

पश्चिम एशिया में गहराते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी ने भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की वित्तीय स्थिति को संकट में डाल दिया है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें जो दो महीने पहले लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, वे अब उछलकर 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई हैं। इस जबरदस्त उछाल के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम स्थिर रखे गए हैं, इससे इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल जैसी कंपनियों को प्रतिदिन 700 से 1,000 करोड़ रुपये का भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। मासिक आधार पर यह नुकसान करीब 30,000 करोड़ तक पहुंच गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि बाजार में भारी उतार-चढ़ाव और आपूर्ति बाधित होने के कारण पेट्रोलियम कंपनियों की लागत और खुदरा बिक्री मूल्य के बीच का अंतर मार्च और अप्रैल के दौरान बहुत बढ़ गया है।

अनुमानों के मुताबिक, अप्रैल में कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर करीब 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 25 रुपये प्रति लीटर तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि, उन्होंने यह बताने से फिलहाल इनकार कर दिया कि घरेलू कीमतें आगे भी स्थिर रहेंगी या नहीं, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का अब तक का पूरा प्रयास उपभोक्ताओं पर बोझ न डालने का रहा है। सरकार ने इन कंपनियों पर पड़ रहे वित्तीय बोझ को कुछ हद तक कम करने के लिए उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में महत्वपूर्ण कटौती की है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, यदि सरकार उत्पाद शुल्क में यह कटौती नहीं करती, तो तेल कंपनियों पर घाटे का यह बोझ 62,500 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता था। शुल्क में की गई इस कटौती की वजह से अब केंद्र सरकार को भी हर महीने करीब 14,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। बाजार विशेषज्ञों और रेटिंग एजेंसियों का मानना है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और खुदरा दरों में बदलाव न होने से तेल कंपनियों के बहीखाते और मुनाफे पर गहरा असर पड़ा है। यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक इसी उच्च स्तर पर बनी रहती हैं, तो कंपनियों को अपनी कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए बाजार से अतिरिक्त कर्ज लेना पड़ सकता है। इससे न केवल उनके ऋण के स्तर में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी भविष्य की पूंजीगत व्यय योजनाओं और विस्तार परियोजनाओं की भी समीक्षा करनी पड़ सकती है। फिलहाल, मंत्रालय आपूर्ति श्रृंखला की कड़ी निगरानी कर रहा है ताकि ऊर्जा संकट की स्थिति पैदा न हो।

# महाराष्ट्र में प्याज किसानों पर आर्थिक संकट, 1,500 रुपये सब्सिडी की मांग

**मुंबई/नासिकः** महाराष्ट्र में प्याज की कीमतों में भारी गिरावट और खेती की बढ़ती लागत के कारण किसान बड़े आर्थिक संकट में फंस गए हैं। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ ने शुक्रवार को कहा कि किसान अपनी उत्पादन लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं, जिससे राज्य में 'आर्थिक तबाही' जैसे हालात हैं। संघ ने सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करते हुए किसानों को 1,500 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी देने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष भरत दिघोले ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में खाद, बीज, मजदूरी और परिवहन की लागत बढ़ी है, जबकि प्याज के दाम न्यूनतम स्तर पर पहुंच गए हैं। नासिक और सोलापुर जैसी प्रमुख मंडियों में किसानों को उनकी लागत से भी कम दाम मिल रहे हैं, जिससे उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। सोलापुर मंडी में एक किसान को अपनी पूरी फसल बेचने के बाद सभी खर्च काटकर बहुत ही कम राशि प्राप्त हुई। कम कीमतें मिलने के विरोध में छत्रपति संभाजीनगर के वैजापुर में किसानों ने नीलामी रोककर धरना दिया। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निर्यात नीतियों में सुधार नहीं किया गया और एमएसपी की घोषणा नहीं हुई, तो पूरे राज्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### किसानों की प्रमुख मांगें

- किसानों ने कहा है कि प्याज उत्पादकों को 1,500 प्रति क्विंटल की तत्काल सब्सिडी मिले।
- प्याज के लिए गारंटीशुदा न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित हो।
- निर्यात पर लगी सभी पाबंदियां तुरंत हटाई जाएं।
- बाजार समितियों में कमीशन और बिचौलियों पर लगाम लगे।

# एमएसपी पर फसलों की खरीद में तेजी लाएं एजेंसियां : शिवराज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- थोक मंडियों में चना, मसूर, उड़द और सरसों जैसी फसलों की कीमतें समर्थन मूल्य से नीचे आने के बाद हुई समीक्षा बैठक

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरकारी सहकारी संस्थाओं नाफेड और एनसीसीएफ को रबी फसलों, विशेषकर दलहन और तिलहन की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया है। यह निर्देश थोक मंडियों में चना, मसूर, उड़द और सरसों जैसी फसलों की कीमतें समर्थन मूल्य से नीचे आने के बाद एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान दिया गया।

**जिला-स्तर पर बनेगी कार्ययोजना :** बैठक में यह निर्देश दिया गया कि जिला-स्तर पर उत्पादन के अनुमानों, बाजार में आने वाली संभावित उपज और कम से कम 25 प्रतिशत की खरीद क्षमता के आधार पर ठोस कार्ययोजनाएं तैयार की जाएं। मंत्री ने निगरानी को बेहतर बनाने के लिए राज्य-स्तरीय पोर्टलों को केंद्र के सीएनए पोर्टल के साथ एकीकृत करने को कहा है ताकि पूरी प्रक्रिया को ट्रैक किया जा सके और बिचौलियों को रोका जा सके।

बैठक के दौरान बिहार में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की कमी, गुजरात में भुगतान में देरी और महाराष्ट्र में डेटा मिलान जैसे राज्य-विशिष्ट मुद्दों पर भी चर्चा हुई। चौहान ने आश्वासन दिया कि जहाँ भी स्थानीय प्रशासनिक बाधाओं के कारण खरीद प्रभावित हो रही है, वहाँ केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ सक्रिय समन्वय बनाकर हस्तक्षेप करेगी। उन्होंने दोहराया कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किसानों को यह भरोसा दिलाना आवश्यक है कि बाजार की नरमी के समय भी उन्हें सरकारी खरीद का पूरा समर्थन मिलेगा।

### 72 घंटों के भीतर भुगतान की गारंटी

चौहान ने खरीद कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि वे इस प्रक्रिया को केवल एक सरकारी औपचारिकता न मानकर 'अभियान स्तर' पर जिम्मेदारी के रूप में लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि बाजार की कीमतें कम होने पर खरीद समय पर नहीं की जाती, तो यह किसानों के हित में नहीं होगा। पारदर्शिता और त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के लिए मंत्री ने एक सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) लागू करने का आदेश दिया है, जिससे खरीद के 72 घंटों के भीतर किसानों को उनकी उपज का भुगतान सीधे बैंक खातों में मिल सके।

# एयर इंडिया ने कसी कमर: खर्चों में कटौती के निर्देश

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक चुनौतियों के बीच एयर इंडिया ने अपनी वित्तीय स्थिति को संतुलित करने के लिए 'खर्च कटौती' के कड़े कदम उठाए हैं। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ( कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गैर-जरूरी खर्चों पर तुरंत लगाम लगाई जाए और अनावश्यक खर्चों को फिलहाल टाल दिया जाए।

- प्रबंधन ने कहा -चुनौतियों के बावजूद छंटनी नहीं होगी

सीईओ विल्सन ने मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) संजय शर्मा और मुख्य एचआर अधिकारी रवींद्र कुमार के साथ कर्मचारियों को संबोधित किया। सूत्रों के अनुसार, विल्सन ने मौजूदा वैश्विक हालात को एयरलाइन के लिए 'मुश्किल' बताते हुए लागत घटाने की जरूरत पर जोर दिया। हालांकि, प्रबंधन ने साफ तौर पर कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद कर्मचारियों की छंटनी नहीं की जाएगी।

कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्य मानव संसाधन अधिकारी रवींद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि पिछले वित्त वर्ष के लिए 'परिवर्तनीय वेतन' (वेरिएबल पे) जारी रखा जाएगा।

### किफायती घर की बदले परिभाषा : एसबीआई

**मुंबई :** एसबीआई के चेयरमैन सी.एस. शेट्टी ने कहा कि हाल के वर्षों में घरों की कीमतों में हुई तेज वृद्धि के कारण अब पुराने मानदंडों की समीक्षा करना आवश्यक हो गया है। एसबीआई का औसत होम लोन साइज पिछले दो वर्षों में 35-40 लाख रुपये से बढ़कर 51 लाख रुपये हो गया है। वर्तमान नियमों के अनुसार, 45 लाख रुपये तक की कीमत वाले घरों को किफायती आवास की श्रेणी में रखा जाता है।

# विमान लीजिंग क्षेत्र में 50 अरब डॉलर के अवसर

**गांधीनगर, एजेंसी**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने भारत के विमानन क्षेत्र को वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा बयान दिया है। शुक्रवार को गिफ्ट सिटी में 'भारत विमान लीजिंग एवं वित्तपोषण शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में विमान लीजिंग पारितंत्र के लिए अगले एक दशक में 50 अरब डॉलर के अवसर मौजूद हैं। नायडू ने घरेलू लीजिंग तंत्र की आवश्यकता पर जोर देते हुए विमानन क्षेत्र के भविष्य का खाका पेश किया। साल 2027 तक वाणिज्यिक विमानों की संख्या 1,100 और 2035 तक 2,250 से अधिक होने की उम्मीद है। वर्तमान में भारतीय एयरलाइंस के 1,640 विमानों की डिलीवरी लंबित है। भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ता विमानन बाजार है, बल्कि विमान वित्तपोषण के वैश्विक क्षेत्राधिकार के रूप में भी उभर रहा है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण और फिक्की द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मुख्य अतिथि रहे। मंत्री ने इस वृद्धि को समर्थन देने के लिए मजबूत घरेलू वित्तपोषण तंत्र विकसित करने पर बल दिया।

### यस बैंक पर 31.8 लाख रुपये का जुर्माना

**मुंबई।** आरबीआई ने केवाईसी मानदंडों का पालन न करने पर यस बैंक पर 31.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंक उन ग्राहकों का केवाईसी पहचानकर्ता इस्तेमाल करने में विफल रहा, जिनके रिकॉर्ड पहले से ही केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री में मौजूद थे। इसके अतिरिक्त, आरबीआई ने एक अन्य मामले में हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड पर भी 1.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

**पर्यटन** | 2025 में हुई 32.8 अरब डॉलर की रिकॉर्ड आय, वैश्विक तनाव से मांग घटने की आशंका

# एक साल में 1.69 करोड़ पर्यटक पहुंचे सिंगापुर

**सिंगापुर, एजेंसी**

सिंगापुर ने वर्ष 2025 में पर्यटन के क्षेत्र में अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष 1.69 करोड़ अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों ने सिंगापुर की यात्रा की, जिससे देश को रिकॉर्ड 32.8 अरब सिंगापुर डॉलर (लगभग 25.9 अरब अमेरिकी डॉलर) की आय हुई। यह 2024 की तुलना में बड़ी वृद्धि है, जब 1.65 करोड़ पर्यटकों से 29.8 अरब सिंगापुर डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ था। हवाई यातायात के मोर्चे पर भी देश ने मजबूती दिखाई और चांगी हवाई अड्डे पर लगभग सात करोड़ यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई।



### टूरिज्म 2040' और भविष्य की योजनाएं

सिंगापुर की व्यापार संबंधों की प्रभारी मंत्री ग्रेस फू ने भविष्य की वृद्धि को गति देने के लिए 'टूरिज्म 2040' रणनीति के तहत 74 करोड़ सिंगापुर डॉलर की अतिरिक्त वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य 2040 तक पर्यटन आय को 47 अरब से 50 अरब सिंगापुर डॉलर के बीच पहुँचाना है। इस कोष के माध्यम से व्यवसायों को मार्केटिंग और व्यावसायिक आयोजनों में भागीदारी बढ़ाने के लिए 50 लाख सिंगापुर डॉलर का अनुदान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एक 'मार्केट एक्सेस फंड' के लिए भी 50 लाख सिंगापुर डॉलर निर्धारित किए गए हैं, जो कंपनियों को नए बाजारों में विस्तार करने में मदद करेगा।

### 2026 के लिए चुनौतियां

सिंगापुर पर्यटन बोर्ड ने वर्ष 2026 के लिए भी सकारात्मक अनुमान पेश किए हैं। बोर्ड के अनुसार, 2026 में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या 1.7 करोड़ से 1.8 करोड़ के बीच रहने की उम्मीद है, जिससे 31 अरब से 32.5 अरब सिंगापुर डॉलर की आय हो सकती है। हालांकि, इस उत्साहजनक प्रदर्शन के बीच सतर्कता भी बरती जा रही है। सिंगापुर पर्यटन बोर्ड की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मेलिसा आउ ने चेतावनी दी है कि वैश्विक अनिश्चितताओं और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण आने वाले महीनों में पर्यटन की मांग पर दबाव रह सकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संकट और उपभोक्ता खर्च पर पड़ने वाले प्रभावों के कारण आगे की राह चुनौतीपूर्ण बनी हुई है।

# अमेजन डिलीवरी पार्टनर्स के लिए बनाएगा विश्राम केंद्र

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन इंडिया ने अपने डिलीवरी पार्टनर्स के कल्याण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'आश्रय केंद्रों' की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है।

कंपनी इस साल 150 नए केंद्र स्थापित करेगी, जिससे वर्ष 2026 के अंत तक इनकी कुल संख्या बढ़कर 250 हो जाएगी। शुक्रवार को जारी एक बयान में कंपनी ने बताया कि इस विस्तार योजना के तहत मई के अंत तक ही 50 नए केंद्र खोल दिए जाएंगे। अमेजन इंडिया के संचालन निदेशक सलीम आर मेमन ने कहा कि डिलीवरी नेटवर्क से जुड़े सहयोगियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# अंतरिक्ष क्षेत्र : वैश्विक मानक तय करने में भूमिका निभाएगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईएसओ की बैठक में विशेषज्ञों का मंथन; इन-स्पेस और बीआईएस ने भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप ढालने पर दिया जोर

भारत अब वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में न केवल अपनी भागीदारी बढ़ा रहा है, बल्कि इस क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय मानक तय करने में भी अग्रणी भूमिका निभाने का इच्छुक है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नीतिगत सुधारों और 'इन-स्पेस' जैसी निजी भागीदारी वाली पहलों के कारण भारत की वैश्विक भूमिका मजबूत हुई है। भारतीय मानकों को वैश्विक ढांचे से जोड़ने की तैयारीभारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित इस बैठक में 13 देशों के 131 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बीआईएस के महानिदेशक संजय गर्ग ने बताया कि संगठन भारतीय मानकों को अंतरराष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप ढालने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से देश के विशेषज्ञों को वैश्विक मानकीकरण की प्रक्रिया में सीधे भागीदारी का अवसर मिल रहा है, जो भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है। नवाचार और सुरक्षा के लिए मानक जरूरी'इन-स्पेस' के चेयरमैन पवन गोयनका ने जोर देते हुए कहा कि भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए मजबूत मानक आधारशिला का काम करेंगे। आईएसओ की यह उपसमिति अंतरिक्ष प्रणालियों के डिजाइन, निर्माण, प्रक्षेपण और संचालन जैसे पूरे जीवनचक्र के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक विकसित करती है। इसमें मिशन की सुरक्षा, तकनीकी अनुकूलता और दीर्घकालिक स्थिरता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि भारत के निजी और सरकारी अंतरिक्ष मिशन वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इंडोनेशिया: ज्वालामुखी में विस्फोट से तीन पर्वतारोहियों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के एक दूरस्थ द्वीप पर स्थित माउंट डुकोनो ज्वालामुखी में विस्फोट से तीन पर्वतारोहियों की मौत हो गई। उत्तर हलमाहेरा के पुलिस प्रमुख एर्लिचसन पासारिबू ने बताया कि सुरक्षा प्रतिबंधों की अवहेलना करते हुए, लगभग 20 पर्वतारोही बृहस्पतिवार को हलमाहेरा द्वीप पर स्थित लगभग 1,355 मीटर (4,445 फुट) ऊंचे ज्वालामुखी पर चढ़ाई करने के लिए रवाना हुए। इंडोनेशिया की भूवैज्ञानिक एजेंसी के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 41 मिनट पर डुकोनो ज्वालामुखी में विस्फोट से लोग वहां फंस गए। पासारिबु ने कहा, पर्वतारोहियों को पता था कि चढ़ाई प्रतिबंधित है, लेकिन वे आगे बढ़ते रहें। दुर्घटना की सूचना के बाद बचाव दलों को तुरंत मौके पर भेजा गया।

### पाकिस्तान: मोर्टार का गोला फटने से छह की मौत, 13 घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मोर्टार का गोला फटने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, यह घटना हांगू जिले के दुर्रानी बांदा इलाके में उस समय हुई, जब सुरक्षा बल उन आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चला रहे थे जिन्होंने बृहस्पतिवार को रिहाइशी इलाके में मोर्टार के गोले दागे थे। अधिकारी ने बताया कि मृतकों में नाबालिग और युवक शामिल हैं। वहीं, घायलों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए हांगू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर घायल छह लोगों को कोहाट के अस्पतालों में रेफर किया है। इनमें से कई लोगों की हालत काफी नाजुक है।

### रामाफोसा पर नकदी घोटाले में महाभियोग का रास्ता साफ



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की सर्वोच्च अदालत ने संसद में हुए उस मतदान को रद्द कर दिया है, जिसमें अधिकतर सांसदों ने नकदी घोटाले में राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा की संलिप्तता के सबूत पेश करने वाली रिपोर्ट को खारिज करने के पक्ष में वोट दिया था। इस फैसले से रामाफोसा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही का मार्ग प्रशस्त हो गया है। रामाफोसा 2022 में महाभियोग का सामना करने से बच गए थे, जब उनकी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस पार्टी के सांसदों ने उस रिपोर्ट को खारिज करने के पक्ष में मतदान किया था, जिसमें उनके फाला फाला गेम फार्म में सोफे में छिपाकर रखे गए 5,80,000 अमेरिकी डॉलर की चोरी की गहन जांच की सिफारिश की गई थी।

### केअर स्टार्मर ने ली स्थानीय चुनावों में हार की जिम्मेदारी



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी को मिली करारी हार की जिम्मेदारी वह लेते हैं। इन चुनावों में आप्रवासन विरोधी रुख वाली 'रिफॉर्म यूके' पार्टी को बड़ी जीत मिली है।

स्टार्मर ने बृहस्पतिवार को पूरे ब्रिटेन में हुए स्थानीय परिषदों और स्कॉटलैंड एवं वेल्स की संसदों के चुनावों की मतगणना के दौरान पत्रकारों से कहा कि इस परिणाम से देश की अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने के उनके संकल्प में कोई कमी नहीं आएगी। वेस्टमिंस्टर, साउथेम्प्टन, एक्सेटर, रेडिच, वैंड्सवर्थ, हार्टलपूल, टैमवर्थ और टेमसाइड की कई महत्वपूर्ण परिषदों में 'लेबर पार्टी' का बहुमत छिन जाने के बाद स्टार्मर पर पार्टी नेता और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा है। स्टार्मर ने कहा, नतीजे खराब हैं, बहुत खराब हैं और इसे छिपाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा, देशभर में लेबर पार्टी के प्रतिभाशाली प्रतिनिधियों को हार मिली है। ये वे लोग थे, जिन्होंने अपने समुदायों और हमारी पार्टी के लिए बहुत कुछ किया। इससे दुख होता है और होना भी चाहिए।

# अमेरिकी जहाजों पर ईरानी हमले के बाद भी ट्रंप का दावा- युद्धविराम अभी बरकरार

## हमले को मामूली घटना बताया, कहा- समझौते पर दस्तखत न किए होंगे गंभीर परिणाम

तेहरान/वाशिंगटन, एजेंसी

रणनीतिक रूप से ईरान का महत्वपूर्ण हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक जहाजों और ईरानी सेना के बीच गुरुवार की देर रात सीधे हमले के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच महीने भर से चला आ रहा संघर्ष विराम अब भी कायम है। ट्रंप ने इस घटना को मामूली करार देते हुए ईरान की ओर से उकसावा बताया, साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसी अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए तो नतीजे बेहद गंभीर होंगे।

यह टकराव गुरुवार देर रात उस समय शुरू हुआ जब तीन अमेरिकी विध्वंसक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पुष्टि की कि ईरान की ओर से जहाजों पर मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया गया जिन्हें उसकी सेनाओं ने सफलतापूर्वक मार गिराया। इसके बाद शुक्रवार तड़के केश्म द्वीप और बंदर अब्बास के पास स्थित उन ठिकानों पर कड़ा जवाबी हमला किया, जहां से यह हमला किया गया था। ईरान के ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसकी सेना ने अमेरिकी नौसैनिक संसाधनों को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ और अमेरिकी युद्धपोतों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। आईआरजीसी के प्रवक्ता ने कहा कि यह अभियान एक ईरानी तेल टैंकर एम/टी हसना पर पहले हुए अमेरिकी हमले का सीधा जवाब था, जिसे ईरान संघर्ष विराम का स्पष्ट उल्लंघन मानता है।



अमेरिकी युद्धपोतों पर ईरान की सेना की ओर से दागी गईं मिसाइलें।

### ईरान ने कहा- दुस्साहस किया तो फिर करारा जवाब देंगे

ईरानी अधिकारियों ने कहा कि उनकी कार्रवाई रक्षा के अधिकार का वैध उपयोग थी और चेतावनी दी कि क्षेत्र में किसी भी अन्य अमेरिकी दुस्साहस का और भी करारा जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि किसी भी अमेरिकी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई आत्मरक्षा में उठाया गया एक आवश्यक कदम था। अमेरिका का कहना है कि उसकी कार्रवाई बिना उकसावे के की गई थी। वहीं आईआरजीसी ने दावा किया कि ये हमले उसके तेल टैंकर पर पहले हुए अमेरिकी हमले के जवाब में किए गए थे।

### अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान का कोई जवाब नहीं, ट्रंप बोले- खत्म हो रहा है धैर्य

ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार अमेरिका के प्रस्ताव पर ईरान अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा है और उसने अमेरिकी पक्ष को कोई जवाब नहीं दिया है। उधर, ट्रंप ने कहा है कि उनका धैर्य कम होता जा रहा है। तेहरान को चेतावनी दी जा रही है कि यदि उसने ऐसा समझौता मंजूर नहीं किया जिससे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति फिर शुरू हो सके तो उस पर दोबारा बमबारी की जा सकती है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी नौसेना पर हमले के बाद इन चेतावनियों को दोहराया। उन्होंने कहा, यदि समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हुए तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। ईरान के साथ समझौते पर पूछे गए सवाल पर कहा, यह किसी भी दिन हो सकता है। बाद में तुरंत यह भी जोड़ा, और यह नहीं भी हो सकता है।

## क्यूबा में अभी सैन्य कार्रवाई पर विचार नहीं कर रहा अमेरिका

- ट्रंप की ओर से बार-बार धमकी के बावजूद अधिकारियों का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से क्यूबा को बार-बार दी गई धमकियों के बावजूद अमेरिका क्यूबा के खिलाफ किसी तात्कालिक सैन्य कार्रवाई पर विचार नहीं कर रहा है। अधिकारियों ने यह दावा किया। ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगला नंबर क्यूबा का है। यह भी संकेत दिया था कि ईरान युद्ध के लिए पश्चिम एशिया में तैनात अमेरिकी युद्धपोत क्यूबा के रास्ते लौट सकते हैं।

क्यूबा के अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बातचीत में शामिल अधिकारियों ने बताया कि उन्हें इस बात की ज्यादा उम्मीद नहीं है कि साम्यवादी सरकार मानवीय सहायता के रूप में करोड़ों डॉलर, सभी क्यूबाई नागरिकों के लिए दो वर्षों तक स्टार्लिंक की मुफ्त इंटरनेट सेवा, कृषि सहायता और बुनियादी ढांचे के समर्थन के प्रस्ताव को स्वीकार करेगी।

हालांकि उनका कहना है कि क्यूबा ने अभी इस प्रस्ताव को पूरी तरह ठुकराया नहीं है, जबकि इसके साथ ऐसी शर्तें जुड़ी हैं जिनका सरकार लंबे समय से विरोध करती रही है, यहां तक कि ट्रंप प्रशासन द्वारा बृहस्पतिवार को हवाना पर नए प्रतिबंध लगाने के बाद भी प्रस्ताव ठुकराया नहीं गया। अधिकारियों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि सरकार के पास अभी प्रस्ताव को स्वीकार करने का समय है। उन्होंने हालांकि इस बात को लेकर आगाह किया कि ट्रंप किसी भी वक्त अपना फैसला बदल सकते हैं और सैन्य विकल्प अब भी खुले हुए हैं।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण मंत्री को कोई पछतावा भी नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बहुत हो गया मंत्री पर मुकदमा चलाने को चार हफ्ते में मंजूरी दे राज्य सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह की आपत्तिजनक टिप्पणी को अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण करार दियास साथ ही शुक्रवार को यह कहते हुए राज्य सरकार को मंत्री शाह पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का निर्देश जारी किया कि अब बहुत हो गया।

मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने यह टिप्पणी ऑपरेशन सिंदूर के ठीक बाद की थी। राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मंत्री ने दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणी की, लेकिन तुरंत माफी मांग ली। सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण है और उन्हें कोई पछतावा नहीं हो रहा है। पीठ ने मंत्री और राज्य सरकार की ओर से आगे की दलीलें सुनने से इन्कार कर दिया और मध्यप्रदेश सरकार को (मुकदमे की) मंजूरी देने के संबंध में उपयुक्त निर्णय लेने के लिए 19 जनवरी के अपने निर्देश का चार सप्ताह के भीतर पालन करने को कहा। पीठ ने राज्य सरकार से कहा, बहुत हो गया। आप हमारे पिछले निर्देश में पैराग्राफ पांच और छह में दिए गए आदेश का पालन करें। ऑपरेशन सिंदूर के फौरन बाद मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसका वीडियो वायरल होने के बाद देश भर में मंत्री की आलोचना हुई थी।



बचाव में दलीलें सुनने से किया इन्कार

### मेहता ने कहा- प्रशंसा करना चाहते थे मंत्री, सीजेआई बोले- हमें पता है प्रशंसा करने में नेता कितने माहिर

सुनवाई के शुरू में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्पष्ट किया कि वह शाह का बचाव नहीं कर रहे हैं, लेकिन संभवत: मंत्री का इरादा अधिकारी की प्रशंसा करने का था, लेकिन उन्होंने कुछ और कह दिया और उसे ठीक से व्यक्त नहीं कर पाए। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि यह उनका निजी विचार था। सीजेआई ने कहा, हम जानते हैं कि अगर इन राजनीतिक हस्तियों को किसी की प्रशंसा करनी हो, तो वे अपने शब्दों को कितनी कुशलता से व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह जुबान फिसलने की बात थी, तो वह जल्द ही माफी मांग सकते थे।

### दो हफ्ते में फैसला लेना था सरकार को

पीठ ने कहा कि 19 जनवरी के उसके आदेश के अनुसार, राज्य सरकार को मंजूरी देने के संबंध में दो सप्ताह में निर्णय लेना था। पीठ ने कहा, राज्य सरकार इस संबंध में निर्णय ले। कोर्ट ने 19 जनवरी को कहा था कि एसआईटी ने जांच पूरी कर ली है और अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। हालांकि, आगे की कार्यवाही रुकी हुई है क्योंकि रिपोर्ट को बीएनएस की धारा 196 के तहत राज्य सरकार की अनिवार्य मंजूरी का इंतजार है। यह धारा सांप्रदायिक घृणा और दुर्भावना को बढ़ावा देने से संबंधित है।

# चिंताजनक आंकड़ा... साल 2024 में 1.70 लाख लोगों ने की आत्महत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'भारत में अपराध 2024' और 'आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या 2024' (एडीएसआई 2024) रिपोर्ट के आंकड़ों ने देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 में कुल 1,70,746 लोगों ने आत्महत्या की। इस संकट का सबसे ज्यादा असर दैनिक मजदूरों, किसानों, बेरोजगार युवाओं और गृहिणियों पर देखा गया है। देश की राजधानी दिल्ली आत्महत्या के मामलों में सबसे ऊपर है। इसके बाद बेंगलुरु का नंबर है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश में कुल संज्ञेय अपराधों में छह प्रतिशत गिरावट आई है। 2023 में जहां 62.41 लाख मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2024 में यह संख्या घटकर 58.86 लाख रह गई है। प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर भी 448.3 से घटकर 418.9 हो गई है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि बीएनएस लागू होने के बाद 'हर्ट' के मामलों के वर्गीकरण में बदलाव के कारण इन मामलों में कमी दर्ज की गई है। वजह यह है कि पहले आईपीसी के तहत छोटे-मोटे झगड़ों को भी 'हर्ट' में दर्ज कर लिया जाता था, लेकिन बीएनएस की धाराओं में बदलाव किया गया है। अब मामलों को 'हर्ट' के बजाय अन्य श्रेणियों में डाला जा रहा है या रिपोर्टिंग के तरीके बदल गए हैं।

### जान देने वालों में दैनिक मजदूर, किसान बेरोजगार युवा, गृहिणियां सर्वाधिक



### दुखद... बच्चों के खिलाफ अपराधों में 5.9% वृद्धि, 37% केस पॉक्सो एक्ट के

देश के लिए सबसे दुखद पहलू बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध हैं। पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में 5.9 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साल 2024 में बच्चों के खिलाफ अपराध के कुल 1,87,702 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 69,191 मामले पॉक्सो एक्ट के थे यानी बच्चों के खिलाफ हुए कुल अपराध का 37 फीसदी। इसके साथ ही लापता बच्चों के मामलों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### ड्रग ओवरडोज से होने वाली मौतें 50% और साइबर क्राइम के केस 18% बढ़े

ड्रग ओवरडोज से होने वाली मौतों में लगभग 50 प्रतिशत का उछाल आया है, जिससे तमिलनाडु और पंजाब जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं। डिजिटल इंडिया के दौर में साइबर अपराध सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। साइबर क्राइम के मामलों में 17–18 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई है, जो 86,420 से बढ़कर 1,01,928 तक पहुंच गये हैं। इनमें से 72.6 प्रतिशत मामले ऑनलाइन फ्रॉड से संबंधित हैं। राज्यों में तेलंगाना (27,230 मामले) साइबर अपराधों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है, जिसके बाद कर्नाटक का स्थान है।

### महिला अपराधों में मामूली कमी, मगर क्रूरता अब भी बेतहाशा

महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 1.5 प्रतिशत की मामूली कमी आई है और कुल 4.41 लाख मामले दर्ज हुए हैं। लेकिन पति या रिश्तेदारों की ओर से की जाने वाली क्रूरता के मामले अब भी इस श्रेणी में सबसे ऊपर हैं। छोटे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गोवा और चंडीगढ़ में बलात्कार दर प्रति लाख महिला जनसंख्या पर राष्ट्रीय औसत से अधिक पाए गए हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य ने अपनी अपराध दर को राष्ट्रीय औसत से कम रखकर सुधार दिखाया है। हालांकि आर्थिक अपराधों के ग्राफ में देश भर में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। दलितों के खिलाफ अपराधों में 3.6 प्रतिशत और आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 23 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, जो सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। हत्या के मामलों में भी 2.4 प्रतिशत की मामूली कमी आई है।

# जीवन बदल सकता है प्रवासन... भारत प्रत्यक्ष उदाहरण

न्यूयॉर्क, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि भारत अनियमित प्रवासन और मानव तस्करी जैसी चुनौतियों से निपटते हुए प्रवासन के लिए एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के अनुरूप ढांचा तैयार करने का प्रयास कर रहा है। सिंह ने बृहस्पतिवार को 'इंटरनेशनल माइग्रेशन रिव्यू फोरम' के दूसरे पूर्ण सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने कहा, प्रवासन अंततः लोगों, उनकी आकांक्षाओं, संघर्ष क्षमता और योगदान से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा, हम एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के अनुरूप ढांचा तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं, साथ ही अनियमित प्रवासन, मानव तस्करी और सामाजिक सुरक्षा में मौजूद कमियों जैसी चुनौतियों का समाधान भी कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि भारत प्रवासन का प्रबंधन एक समग्र और व्यावहारिक ढांचे के जरिए करता है, जिसका उद्देश्य प्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, प्रवासन प्रक्रिया के हर चरण की निगरानी करना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

मंत्री ने विदेशों में रह रहे भारतीयों की मदद के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। कहा, हमने कौशल विकास पहल मजबूत की हैं और प्रस्थानपूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम बढ़ाए हैं, ताकि हमारे प्रवासियों को उनके अधिकारों और मेजबान देश की सांस्कृतिक समझ सहित आवश्यक जानकारी दी जा सके।



- संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोले केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, कहा- प्रवासन के लिए बना रहे हैं समावेशी ढांचा

### भारत दुनिया में प्रवासी समुदाय का सबसे बड़ा घर

कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा, भारत 3.4 करोड़ से अधिक लोगों के साथ दुनिया के सबसे बड़े और गतिशील प्रवासी समुदायों में से एक का घर है और वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक प्रेषण राशि (रेमिटेंस) प्राप्त करने वाला देश होने के नाते इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि प्रवासन किस प्रकार लोगों, समुदायों और देशों के जीवन को बदल सकता है। उन्होंने बताया कि भारत ने निष्पक्ष और नैतिक प्रवासन के लिए स्थायी रास्ते तैयार करने के लिए 23 देशों के साथ व्यापक द्विपक्षीय गतिशीलता समझौते और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं तथा कई अन्य देशों के साथ भी इस दिशा में प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, सुरक्षित और नियमित प्रवासन मार्गों के माध्यम से प्रवासियों के कल्याण को सुनिश्चित करने की यही कुंजी है।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच रिपोर्ट महीने भर में



**गांधीनगर।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद एअर इंडिया विमान हादसे की जांच आखिरी चरण में है और एक महीने में रिपोर्ट आने की उम्मीद है।

पिछले साल हुए इस विमान हादसे में 260 लोगों की मौत हो गई थी। यहां 'गिफ्ट सिटी' में एक समारोह में नायडू ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों की शिकायतों को दूर करने का वादा किया। कहा कि मंत्रालय का विशेष प्रकोष्ठ जून 2025 के हादसे के लिए मुआवजे के मुद्दे पर समन्वय कर रहा है। नायडू ने कहा, जांच बहुत मजबूती से चल रही है। हमें समझना होगा कि विमान में विदेशी नागरिक सफर कर रहे थे, तो यह जांच रिपोर्ट किसी भी देश की नजर में होगी।

## साल भर बाद चीन ने कुबूला ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की थी पाकिस्तान की मदद

**बीजिंग।** चीन ने पहली बार इस बात की पुष्टि की है कि उसने पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान इस्लामाबाद को रण क्षेत्र में प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान की थी। चीन की आधिकारिक मीडिया ने यह जानकारी दी।

चीन के सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने बृहस्पतिवार को चीन के विमानन उद्योग निगम (एवीआईसी) के चेंगदू वायुयान केंद्र एवं अनुसंधान संस्थान के इंजीनियर झांग हेंग का साक्षात्कार प्रसारित किया। एवीआईसी चीन के उन्नत लड़ाकू विमानों और मानवरहित वायुयान का प्रमुख विकासकर्ता है। बताया गया कि झांग ने पिछले साल मई में चार दिवसीय संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान की थी। पाकिस्तान की वायुसेना के पास चीन निर्मित जे-10सीई लड़ाकू विमानों का बेड़ा है, जिनका उत्पादन एवीआईसी की सहायक कंपनी करती है।

झांग ने 'सीसीटीवी' को बताया कि उनकी टीम को रण क्षेत्र में सहायता प्रदान करने में और भी बेहतर काम करने की इच्छा और यह सुनिश्चित करने की लगन ने प्रेरित किया कि उनके उपकरण अपनी पूरी युद्ध क्षमता के साथ प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा, यह जे10सीई (चीन निर्मित लड़ाकू विमान) के उपयोग को महज स्वीकार करना भर नहीं है। यह हमारे बीच कंधे से कंधा मिलाकर, दिन-रात काम करने से बने गहरे जुड़ाव का भी प्रमाण है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज का दिन करियर के लिए बहुत अच्छा है। राजनीति से जुड़े लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा। रुका हुआ धन आपको प्राप्त होगा।

**वृष** – आज बजट का ध्यान रखते हुए काम करें। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें।

**मिथुन** – आज अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। अति आत्मविश्वास से बचें।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। व्यवसाय आरंभ करने की योजना बना सकते हैं। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**सिंह** – आज आपके ऊपर से काम का दबाव कम होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। उधार लेन-देन सावधानीपूर्वक करें।

**कन्या** – आज बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें। अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अतिथि घर आ सकते हैं।

**तुला** – आज पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट में सावधानीपूर्वक निवेश करें।

**वृश्चिक** – आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। मार्केटिंग संबंधी कारोबारियों में लाभ होगा।

**धनु** – आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी होगी। झूठ बोलने से बचें। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें।


**मकर** – आज विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है। अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे।

**कुंभ** – आज कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**मीन** – आज मनोनुकूल जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। रोजगार के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 9 मई, शनिवार 2026 संवत–2083, शक संवत 1948 मास– ज्येष्ठ, पक्ष–कृष्ण पक्ष, सप्तमी 14.02 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**–पूर्व, **ऋतु**– ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**– मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**–अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**– श्रवण 23.24 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### सुडोकू - 143 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 |

### सुडोकू -144

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 2 | 3 | | |
| 4 | | | | | 1 | | | |
| 6 | | | | | | 1 | | |
| | 8 | | | 5 | | | | |
| | 2 | 6 | | | | | | |
| | 3 | | | 4 | | | | |
| | | 1 | 6 | | | | | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| | | | | | | | 4 | |

**हिदायत** | सुप्रीम कोर्ट ने कहा– ईडी और सीबीआई की जांच की निगरानी करने के बारे में कर रहे हैं विचार

# अनिल अंबानी से जुड़ी बैंकिंग धोखाधड़ी की गहन जांच हो

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अनिल धीरूभाई अंबानी समूह और उसकी कंपनियों से जुड़े बड़े पैमाने पर बैंकिंग धोखाधड़ी के मामले में गहन जांच की आवश्यकता है। सीबीआई ने कहा है कि सात मामलों में कुल अनुमानित नुकसान 27,337 करोड़ रुपये है। इनमें नौ प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, जिनमें वे दो मामले भी शामिल हैं जिनमें आरोपपत्र दायर किए जा चुके हैं। सात मामलों में जांच जारी है।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ पूर्व नौकरशाह ईएएस सरमा की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उद्योगपति अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) की कंपनियों द्वारा की गई 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण धोखाधड़ी की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि यह भ्रमित करने वाला है कि सीबीआई और ईडी दोनों ने इसे 27,000 करोड़ रुपये का घोटाला बताया है। एजेंसियों ने अनिल अंबानी को इसका सरगना भी बताया है, लेकिन अभी तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया है।



### तर्क-वितर्क

### एजेंसियां कहती हैं अंबानी मास्टरमाइंड फिर भी उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं करतीं

भूषण ने कहा, हर जगह सीबीआई और ईडी यही कह रहे हैं कि इस 27,000 करोड़ रुपये के घोटाले में अनिल अंबानी मुख्य सूत्रधार हैं। फिर भी मुझे यह बात बेहद हैरान करती है कि न तो सीबीआई और न ही ईडी उन्हें गिरफ्तार करने को तैयार हैं, मानो वह कोई बेदाग शख्सियत हों। पीठ ने ने टिप्पणी की कि किसी मामले में हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता जांच एजेंसी के विवेक पर छोड़ दी जानी चाहिए।

### अदालत ने अभी संज्ञान नहीं लिया तो याचिकाकर्ता के पास आरोपपत्र कैसे

अनिल अंबानी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने सवाल उठाया कि याचिकाकर्ता के पास इस मामले में दायर किए गए आरोपपत्रों में से एक कैसे हो सकता है, जबकि संबंधित अदालत ने अभी तक इस पर संज्ञान नहीं लिया है। सिब्बल ने कहा, उनका एकमात्र मकसद अनिल अंबानी को गिरफ्तार करना है। जब संज्ञान ही नहीं लिया गया है तो उनके पास आरोप पत्र की प्रति कैसे हो सकती है।



आईपीएल में मेरे करियर की शुरुआत की बात है। धोनी का विकेट लेने के बाद ज्यादा जश्न मनाने पर वह नाराज हो गए थे। उन्होंने मुझसे पूछा, इतना जश्न मनाने की क्या जरूरत है। मैंने कहा आपका विकेट लेना मेरा सपना था। शायद इससे मुझे सीएसके में खेलने का मौका मिल जाए और अगले साल मुझे मौका मिल गया।
–रविचंद्रन अश्विन



**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स को 142 रनों पर रोका

## आईपीएल-2026 : पथुम निसांका ने अर्धशतकीय पारी खेलकर बचाई टीम की लाज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में 'करो या मरो' के मुकाबले में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट पर 142 रन पर रोक दिया।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई दिल्ली के बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पथुम निसांका (29 गेंद में 50 रन) तथा सातवें नंबर पर उतरे आशुतोष शर्मा (28 गेंद में 39) को छोड़कर कोई टिककर नहीं खेल सका। बीच के ओवरों में एक बार छह ओवर से अधिक कोई बाउंड्री नहीं लगी और आखिरी ओवर में भी तीन ही रन बने। केकेआर के लिए नारायण ने चार ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। वरुण चक्रवर्ती ने चार ओवर में 28 रन दिये जबकि अनुकूल रॉय ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिए।

दिल्ली को निसांका और राहुल ने अच्छी शुरुआत दी और ढीली गेंदों को नसीहत देते रहे। निसांका ने दूसरे ही ओवर में वैभव अरोड़ा को छक्का लगाकर अपने तेवर जाहिर कर दिये और अगले ओवर में अनुकूल रॉय की गेंद को भी सीमा के पार पहुंचाया। नारायण चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिये आये लेकिन राहुल और निसांका ने चौकों के साथ उनका स्वागत किया। वेस्टइंडीज के इस अनुभवी स्पिनर के पहले ओवर में 11 रन बने। तेज गेंदबाज त्यागी को राहुल ने पांचवें ओवर में दो चौके लगाये लेकिन आखिरी गेंद पर विकेट गंवा बैठे। गेंद पूरी तरह से बल्ले पर नहीं आई और हवा में खेले गए शॉट पर कैमरन ग्रीन ने कैच लपक लिया। आईपीएल के इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे राहुल ने 14 गेंद में चार चौकों की मदद से 23 रन बनाए। पावरप्ले में दिल्ली का स्कोर एक विकेट पर 55 रन था लेकिन इसके बाद अगले छह ओवर में सिर्फ 36 रन बने और चार विकेट गिर गए। बीच के ओवरों में केकेआर के गेंदबाजों खासकर स्पिनरों ने दिल्ली के बल्लेबाजों को बांधे रखा। निसांका ने आठवें ओवर में ग्रीन को फाइन लेग के ऊपर से 73 मीटर का शानदार छक्का लगाया। दूसरे छोर पर नीतिश राणा टिककर खेल नहीं सके और आठ रन बनाकर नारायण को कैच देकर लौटे। वरूण ने नौवें ओवर में सिर्फ तीन रन दिए। समीर रिजवी (तीन) नारायण को स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर रोवमैन पावेल को कैच दे बैठे। इस बीच निसांका ने दसवें ओवर में रॉय को एक्स्ट्रा कवर पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक 29 गेंदों पर पूरा किया जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। वह हालांकि अगली गेंद पर आगे बढकर खेलने के प्रयास में चूके और विकेट के पीछे अंगकृष रघुवंशी ने स्टम्पिंग करने में कोई चूक नहीं की। दिल्ली के बल्लेबाजों पर दबाव का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि तेरहवें से सोलहवें ओवर के बीच में सिर्फ दस रन बने।

रॉय ने 13वें ओवर में चार रन दिये जबकि वरुण, त्यागी और नारायण ने इसके बाद के ओवरों में दो दो रन ही दिए। आशुतोष शर्मा ने 38 गेंद बाद बाउंड्री लगाते हुए 17वें ओवर में वरूण को छक्का लगाकर इस दबाव को कम किया। इस ओवर में दो चौके और जड़ते हुए उन्होंने 16 रन निकाले। आशुतोष ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए त्यागी को डीप थर्डमैन पर दर्शनीय छक्का लगाया।



दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स को अनुकूल रॉय ने बोल्ड कर दिया।

**दिल्ली कैपिटल्स**

**142/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| पथुम निसांका स्ट रघुवंशी बो रॉय | 50 |
| लोकेश राहुल का ग्रीन बो त्यागी | 23 |
| नीतिश राणा का नारायण बो ग्रीन | 08 |
| समीर रिजवी का पावेल बो नारायण | 03 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो रॉय | 02 |
| अक्षर पटेल का रॉय बो अरोड़ा | 11 |
| आशुतोष शर्मा का रहाणे बो त्यागी | 39 |
| विपराज निगम नाबाद | 03 |
| मिचेल स्टार्क रन आउट | 00 |
| लुंगी एंगिडि नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : दो रन, **विकेट पतन** : 1-49, 2-74, 3-80, 4-85, 5-89, 6-128, 7-140, 8-140
**गेंदबाजी** : रॉय 4-0-31-2, अरोड़ा 3-0-29-1, नारायण 4-0-17-1, त्यागी 4-0-25-2, वरुण 4-0-28-0, ग्रीन 1-0-12-1

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | 0.571 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 1.234 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | 0.151 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 10 | 4 | 6 | 0 | 8 | -0.949 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.934 |

**ऑरेंज कैप**



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-468 रन

**पर्पल कैप**



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ-16 विकेट

## राजस्थान रॉयल्स से आगे निकलने की कोशिश करेगा गुजरात टाइटंस

**जयपुर।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत गुजरात टाइटंस शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात की टीम की स्थिति लगभग समान है। इन दोनों ने अब तक 10 मैचों में छह जीत और चार हार दर्ज की हैं। रॉयल्स बेहतर नेट रन रेट (0.510) के कारण गुजरात से आगे है। गुजरात टाइटंस ने हालांकि लगातार तीन जीत हासिल की हैं और वह शीर्ष चार में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है। रॉयल्स को अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में कप्तान रियान पराग के 90 रन की मदद से छह विकेट पर 225 रन बनाए थे

**होगा रोमांचक मुकाबला**

लेकिन उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाए थे। यह लगातार दूसरा मौका था जब रॉयल्स 220 से अधिक के स्कोर का बचाव नहीं कर पाया। राजस्थान रॉयल्स हालांकि वैभव सूर्यवंशी (404 रन), यशस्वी जायसवाल (312) और यहां तक कि ध्रुव जुरेल (290) जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के कारण काफी मजबूत है, लेकिन उसका मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इन बल्लेबाजों में केवल डोनोवन फरेरा (229) ही 150 या उससे अधिक रन बना पाए हैं। जुरेल रॉयल्स की बल्लेबाजी का महत्वपूर्ण अंग है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बन पा रहे हैं। जुरेल ने अपनी पिछली तीन पारियों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में 42 रन, 20 गेंदों में 16 रन और 30 गेंदों में 42 रन बनाए हैं।

**हाईलाइट**

### भव्य परेड नहीं, बस सभी खेलों की सफलता का जश्न मने : सात्विक

**नई दिल्ली।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि थॉमस कप में भारतीय टीम द्वारा कांस्य पदक जीतने के बाद जनता की फीकी प्रतिक्रिया पर की गई उनकी हालिया टिप्पणी का उद्देश्य 'पैसे या भव्य स्वागत' की मांग करना नहीं था, बल्कि लोगों से सभी खेलों में 'हर छोटी-बड़ी जीत का जश्न मनाने' की अपील करना था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी हाल ही में डेनमार्क में आयोजित थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी।

### कारुआना को हराकर चौथे स्थान पर रहे गुकेश

**वारसॉ (पोलैंड)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराकर संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। पिछले कुछ महीनों से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले गुकेश ने इस तरह से फॉर्म में वापसी की। रैपिड वर्ग के बाद अब ब्लिट्ज वर्ग में 18 दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। रैपिड के अंतिम दिन 19 वर्षीय गुकेश ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ हार के साथ शुरुआत की और फिर आठवें दौर में स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ ड्रॉ खेला।

### गोल्फर संधू ने चार अंडर 68 का कार्ड खेला

**बार्सिलोना।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू ने यहां एस्ट्रेला डैम कैटालून्या चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर बने हुए हैं। वह पहले दौर में शीर्ष पर चल रहे शॉन नौरिस (65) से चार शॉट पीछे हैं। वहीं दो अन्य भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा (71) और वीर अहलावत (75) को काफी कठिनाई हुई। पहले दौर के बाद शर्मा संयुक्त 70वें और अहलावत संयुक्त 136वें स्थान पर बने हुए हैं।

### कोहली के विकेट से ज्यादा अहम जीत : प्रिंस

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने यहां आईपीएल मैच के दौरान आरसीबी के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को एक बेहतरीन गेंद से आउट किया, लेकिन वह इसे ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहते और उन्होंने कहा कि टीम का जीत हासिल करना अधिक महत्वपूर्ण है। आरसीबी की टीम बारिश से प्रभावित इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी लेकिन उसकी टीम निर्धारित 203 रन ही बना पाई।

# बहु-खेल आयोजनों में छुट्टी मनाने वाले अधिकारियों को बुलाया जाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**मंत्रालय की सख्ती**

- राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में रखी जाएगी नजर
- बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर घूमना पड़ेगा भारी

भारत के खेल प्रशासकों को चेतावनी दी गई है कि जो लोग बहु-खेल आयोजनों को 'वेतनभोगी अवकाश' की तरह लेंगे उन्हें प्रतियोगिता के बीच से ही वापस बुला लिया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को उनकी 'लापरवाही' के कारण नुकसान नहीं हो।

देश आगामी राष्ट्रमंडल खेलों (जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में) और एशियाई खेलों (सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया) की तैयारियों में जुटा है और अंतिम रूप दिए जाने वाले दल में अधिकारियों की संख्या काफी अधिक होगी। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि खिलाड़ियों के साथ-साथ अधिकारियों के प्रदर्शन पर भी दोनों आयोजनों के दौरान कड़ी नजर रखी जाएगी।

राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जो लोग खिलाड़ियों का समर्थन करने के अपने कर्तव्य में कोताही बरतते हैं और छुट्टियां मनाते पाए जाते हैं, उन्हें वापस बुलाने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा। बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर घूमने वाले किसी भी व्यक्ति को तुरंत वापस बुला लिया जाएगा।

उन्होंने कहा मंत्रालय का मानना है कि हर 'एक्रीडिटेशन' (मान्यता प्राप्त कार्ड) महत्वपूर्ण है और यह केवल उन्हीं को मिलना चाहिए जो किसी खिलाड़ी के प्रदर्शन में योगदान दे सकें।' भारत के प्रशासकों को अक्सर इस बात के लिए आलोचना का सामना करना पड़ता है कि बड़े आयोजनों में दल के साथ बड़ी संख्या में जाने के बावजूद वे खिलाड़ियों की मदद के लिए मौजूद नहीं रहते। बहु-खेल प्रतियोगिताओं के दौरान अधिकारियों से 'लॉजिस्टिक्स', प्रशिक्षण कार्यक्रम और अन्य प्रशासनिक कार्यों को संभालने की अपेक्षा की जाती है। इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की भागीदारी काफी कम होगी क्योंकि इसमें केवल 10 खेल ही शामिल होंगे। इसके विपरीत एशियाई खेलों में 41 अलग-अलग खेल शामिल होंगे और 700 से अधिक खिलाड़ियों के दल के यात्रा करने की उम्मीद है।

अधिकारियों को यह चेतावनी तब दी गई है जब खेल सचिव हरि रंजन राव ने जनवरी में अहमदाबाद में एक सम्मेलन में एनएसएफ अधिकारियों से कहा था कि बहु-खेल आयोजनों को 'परिवार के साथ सैर' की तरह मानना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राव ने तल्ख लहजे में कहा थाअगर आप इसे रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने की जगह समझते हैं, तो कृपया मत जाइए। हमें आपकी जरूरत नहीं है। मंत्रालय ने पहले से घोषित नीति को दोहराते हुए एनएसएफ को पारदर्शिता बनाने पर बल दिया।

# आईपीएल में 'हनी ट्रैप' का खतरा!

**नई दिल्ली, एजेंसी**



बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया।

- बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने खिलाड़ियों और टीम मालिकों को चेताया
- सभी फ्रेंचाइजी के सीईओ को लिखा पत्र, खिलाड़ियों के कमरों में अनाधिकृत प्रवेश पर रोक
- प्रोटोकॉल उल्लंघन की कुछ घटनाएं और दुर्व्यहार की घटनाएं आई सामने

**होगी सख्त कार्रवाई**

सैकिया ने टीमों को गाइडलाइंस का पालन न करने के नतीजों के बारे में भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी उल्लंघन को एक गंभीर अनुशासनात्मक मामला माना जाएगा, और साथ ही उन लोगों के खिलाफ संभावित कार्रवाई के बारे में भी बताया है जो नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने संभावित 'हनी ट्रैप, कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों' के प्रति आगाह करते हुए आईपीएल में खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि बोर्ड की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई (एसीयू) ने 'दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल के उल्लंघन' की घटनाओं को उजागर किया था।

बीसीसीआई ने आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के लिए जारी एक पत्र में कहा है कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के कमरों में मेहमानों के प्रवेश के लिए टीम मैनेजरों से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 10 फ्रेंचाइजी के सीईओ को जो पत्र लिखा है, उसकी एक प्रति पीटीआई के पास है।

सैकिया ने पत्र में कहा है मौजूदा सत्र के दौरान कुछ घटनाओं को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है और इसका उद्देश्य आईपीएल से जुड़े सभी हितधारकों से अपेक्षित पेशेवरपन, अनुशासन, सुरक्षा जागरूकता और प्रोटोकॉल का पालन करने के मानकों को मजबूत करना है।' बीसीसीआई के संज्ञान में आया है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र के दौरान खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों से जुड़े दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल उल्लंघन की कुछ घटनाएं हुई हैं।

सैकिया ने पत्र की प्रस्तावना में कहा यदि इन घटनाओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो टूर्नामेंट, संबंधित फ्रेंचाइजी और शासी निकाय के रूप में बीसीसीआई की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इससे व्यक्तियों और फ्रेंचाइजी को गंभीर कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है।

बीसीसीआई ने कहा कि यह देखा गया है कि कुछ खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों ने संबंधित आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम के मैनेजर की जानकारी या अनुमति के बिना अनधिकृत व्यक्तियों को होटल के अपने कमरों में प्रवेश करने की अनुमति दी है।'

पत्र में कहा गया हे,कई मामलों में टीम मैनेजर को ऐसे मेहमानों की उपस्थिति के बारे में बिल्कुल भी पता नहीं था। इस चलन को तत्काल प्रभाव से सख्ती से प्रतिबंधित किया जाता है। सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को अब एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) दी गई है जिसका पालन टूर्नामेंट की पूरी अवधि के दौरान करना आवश्यक होगा। इसमें कहा गया है, 'टीम मैनेजर की पूर्व सूचना और स्पष्ट लिखित स्वीकृति के बिना खिलाड़ी या सहायक स्टाफ सदस्य के होटल के कमरे में किसी अन्य व्यक्ति को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।'

पत्र के अनुसार 'बीसीसीआई सभी फ्रेंचाइजी का ध्यान शीर्ष स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में लक्षित यौन शोषण और ''हनी ट्रैपिंग' (सुनियोजित जासूसी या ब्लैकमेलिंग का तरीका, जिसमें किसी व्यक्ति को प्रेम, यौन आकर्षण या भावनात्मक प्रलोभन में फंसाया जाता है) के जोखिमों की तरफ आकर्षित करता है।

**तीरंदाजी विश्व कप**

**हरियाणा की 27 वर्षीय तीरंदाज ने ताइवान की फोंग यू झू को सीधे सेटों में हराया**

# सिमरनजीत-साहिल ने पदक की उम्मीदें जीवंत रखीं

**शंघाई, एजेंसी**

रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर और कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शुक्रवार को यहां उतार-चढ़ाव भरे अभियान में भारत के लिए अप्रत्याशित रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले तीरंदाजी विश्व कप में पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं।

एशियाई खेलों की टीम कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने विश्व कप के दूसरे चरण में सेमीफाइनल में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से मिले अवसर का भरपूर फायदा उठाया। वह इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में दीपिका कुमारी से तीन अंक पीछे रहने के कारण भारतीय महिला टीम में जगह बनाने से चूक गई थीं।

हरियाणा की 27 वर्षीय खिलाड़ी ताइवान की किशोरी फोंग यू झू को सीधे सेटों में 6-0 (27-24, 28-26, 29-26) से हराकर विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है। इससे पहले फोंग ने दूसरे दौर में भारत की शीर्ष क्रम की तीरंदाज अंकिता भकत को चौंका दिया था। सिमरनजीत ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की 19 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ नौ तीरों में से सिर्फ छह अंक गंवाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। उनके सामने अब सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी कांग चेयॉन्ग की चुनौती होगी। यह उनके करियर की सबसे कठिन चुनौती है। इस मुकाबले में हारने पर भी उनके पास प्लेऑफ के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका रहेगा। भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी और किशोरी कुमकुम मोहद प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन मजबूत प्रतिद्वंदियों से हार गईं। दीपिका को दक्षिण कोरिया की चेयॉन्ग से हार का सामना करना पड़ा। वहीं कुमकुम को मैक्सिको की एलेजांद्रा वालेंसिया से हार मिली।



निशाना लगातीं रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर।

**एशियाई खेलों से पहले चिंताएं बढ़ीं**

पुरुष, महिला और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में भारत पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रहा जिससे चार महीने से भी कम समय में होने वाले एशियाई खेलों से पहले चिंताएं बढ़ गईं। टीम स्पर्धाओं में मिली हार के बाद सारी उम्मीदें व्यक्तिगत पर थीं, जहां साहिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी के रूप में उभरे।

## भारत अंडर-17 महिला एशियाई कप के अंतिम आठ में पहुंचा

**सुझोउ (चीन)।** भारत ने शुक्रवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप बी मैच में लेबनान के खिलाफ 4-0 की शानदार जीत के साथ पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके शानदार उपलब्धि हासिल की।

भारत का क्वार्टर फाइनल में पहुंचना तब पक्का हो गया जब फिलीपींस और चीनी ताइपे अपने आखिरी ग्रुप सी मैच को 12 या उससे ज्यादा गोल के अंतर से जीतने में नाकाम रहे। थाईलैंड के साथ भारत तीसरे नंबर की दो सबसे अच्छी टीमों में से एक के तौर पर अंतिम आठ में पहुंचा। भारत ने ग्रुप चरण तीन अंक और -1 (माइनस 1) के गोल अंतर से खत्म किया जो ग्रुप सी में फिलीपींस के -13 (माइनस 13) से काफी ज्यादा है।

# वाका-वाका के बाद दाई-दाई में शकीरा ने फिर मचाया तहलका

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी**

- फीफा विश्व कप के टीजर की सोशल मीडिया में धूम



कोलंबिया की मशहूर गायिका शकीरा द्वारा अंर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट फीफा विश्वकप 2026 के लिये पेश किए गए गीत 'दाई दाई' का टीजर सोशल मीडिया मंच धूम मचा रहा है। पिछले कई सालों में देखा गया है कि जब तक शकीरा नहीं गाती है, तब तक यह फीफा विश्व कप शुरु नहीं होता।

उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ऑफिशियल एंथम दाई दाई का टीजर, कोलंबियाई सुपरस्टार के 2010 के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट, वाका वाका (दिस टाइम फॉर अफ्रीका) का एंथम साउथ अफ्रीका में गाने के 16 साल बाद और जर्मनी में 2006 फीफा वर्ल्ड कप की क्लोजिंग सेरेमनी में हिप्स डोंट लाइ (बैम्बू) का अडैप्टेड वर्जन गाने के 20 साल बाद आया है। 2026 एंथम के टीजर में, शकीरा को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो के मशहूर माराकाना स्टेडियम में डांसर्स की एक टीम के साथ दिखाया गया है। सभी डांसर्स ऐसे आउटफिट्स पहने हुए हैं जो आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अलग-अलग फुटबॉल टीमों को ट्रिब्यूट देते हैं, जिसमें शकीरा ने कोलंबिया के पीले और नीले रंग के कपड़े पहने हैं। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, माराकाना स्टेडियम से, ये रहा 'दाई दाई', एटदारेटफीफावर्ल्डकप का आधिकारिक गाना 2026," साथ ही उन्होंने एफ्रोबीट्स स्टार बर्ना बॉय का भी जिक्र किया, जो एंथम में भी हैं। इस क्लिप को 24 घंटे से भी कम समय में 1.9 मिलियन लोगों ने पसंद किया और पूरा गाना गुरुवार (14 मई) को रिलीज होगा। उल्लेखनीय है कि फीफा वर्ल्ड कप 2026, 11 जून को शुरू होगा और इसका फाइनल 19 जुलाई को अमेरिका के न्यूयॉर्क में होगा। इस विश्वकप की अमेरिका मैक्सिको और कनाडा मेजबानी कर रहे हैं।